e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 65

# प्रभात मंत्र

बुधवार
06.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
साधारण और श्रेष्ठ में सिर्फ इतना सा अंतर है कि साधारण उसको चुनता है, जो आसान है, लेकिन श्रेष्ठ उसे चुनता है, जो मुश्किल है।



# भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पलामू में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम गान कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी उपस्थित थे। इस बैठक में ओबीसी मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप केशरी के द्वारा ओबीसी मोर्चा के द्वारा चलाई जाने वाले आगामी अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई जिसके तहत विभिन्न विधानसभा मे ओ बी सी समाज सम्मेलन, ओबीसी युवा संवाद, लाभार्थी जनसंपर्क अभियान ओबीसी छात्रावास में संवाद कार्यक्रम आयोजित करने हैं।प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति करनी है और सभी कार्यक्रमों को सफल बनाना है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में हमारे भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का समर्थन बढ़े और हमारा यहां से सांसद जीते इन सभी कार्यक्रमों की बृहद तैयारी करनी है और एक टोल फ्री नंबर केंद्र के द्वारा जारी की गई है। जिस पर मिस कॉल भी आम जनों से लेकर लाभार्थियों तक करवाना है और मोदी जी को समर्थन देना है। बैठक में उपस्थित भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा सबका विकास की भावना से समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का सांस्कृतिक वैभव तथा गौरवशाली इतिहास समृद्ध हो रहा है आज विश्व में भारत का तेजी से सम्मान बढ़ रहा है देश में सामाजिक आर्थिक संरचनाओं का तेजी से विकास हो रहा है बिजली पानी सड़क के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए ऐसा तभी संभव हो पाया है जब देश में मजबूत सरकार है भारत विश्व में आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है मोदी देश को विकसित देश बनाने के लिए तेजी से प्रयास कर रहे है।

# जनसेवक अरविंद रवि को मिला एमओ का प्रभार, डीलर संघ ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण के तबादले के बाद एम ओ का पद खाली हो गया था जिसके कारण अबतक मार्च महीने के खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं हुई थी। जहां सोमवार को तत्कालीन प्रभारी एम ओ ने पद का प्राभार विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत जनसेवक अरविंद रवि को दिया। वहीं प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि को बनाए जाने पर बरवाडीह के जन वितरण प्रणाली के डीलर संघ ने बधाई दी है। बधाई देनेवालों मे मनोज सिंह चेरो,कुलदीप राम,अशोक राम, राजेश प्रसाद, दशरथ राम, निजाम खां ज्वाला प्रसाद, हरिहर प्रसाद, उमेश प्रसाद समेत अन्य डीलरों का नाम शामिल है।

## दुर्गानन्द झा ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में प्रभार ग्रहण किया



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में आज दुर्गानन्द झा (झा.शि.से.) ने प्रभार ग्रहण किया। साथ ही पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदभार संभाला। इसके पूर्व वे साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे। इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सोपा गया है। प्रभार ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज सिन्हा, शितलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, लक्ष्मण राम आदि कर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## बडेपुर गांव में दसगात्र चबूतरा को किया जा रहा है अतिक्रमण

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव में सार्वजनिक दशगात्र एवं श्रद्धा कार्य हेतु पूर्वजों के समय से सड़क के किनारे उपयोग होते आ रहा है, उस जमीन पर बड़ेपुर टोला सहियारा के लालू रजवार रजवार पिता अंतू रजवार उस जमीन के सटे मकान बनाकर मकान उक्त स्थल को कब्जा कर रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि उस स्थल पर पूर्वजों का श्राद्ध कर्म एवं दशगात्र कर्म सदियों से होते आ रहा है। यही नहीं पूर्वजों का स्मारक भी बना हुआ है, उस स्थल पर लल्लू रजवार खलिहान एवं मवेशी तथा सामान रखकर कब्जा जमाए हुए हैं। ग्रामीणो का आरोप है कि उक्त स्थल पर दशगात्र एवं स्मारक बनाने पर लालू रजवार द्वारा विरोध किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर सूचित किया जा चुका है ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पदाधिकारी उचित कार्रवाई नहीं करते है तो कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।

## अवैध शराब भट्टी में पुलिस ने मारा छापा

**पंडवा (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के पंडवा थाना अंतर्गत मंगलवार को छेछौरी पंचायत के ग्राम बरवाडीह में 3 अलग अलग जगहों पर लगभग 1000 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया।इस मौके पर परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी पड़वा राजेश यादव, अवर निरीक्षक चंद्रशेखर, अवर निरीक्षक विक्की कुमार, सहायक अवर निरीक्षक प्रद्युमन, हवलदार संतलाल सोरेन तथा सशस्त्र बल उपस्थित थे।

# डॉ. एमएन खान ने कराया निजी खर्च से सड़क निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने अपने निजी खर्च से ग्राम पंचायत चुतरु के मोमिनपुर में अब्दुल के घर के पास मेन रोड से आताऊहुसैन के घर के पास पीसीसी रोड तक कच्ची सड़क का निर्माण कराया। इस अवसर पर डॉ. एमएन खान ने कहा कि सड़क नही रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए सड़क का निर्माण कराया गया है जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार एवं मंत्री चुनाव के समय से मतदाताओं को रिझाने के लिए जो बड़े-बड़े वादे किए। लेकिन अभी तक इस गांव में सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि विकास करने का झूठा ढिंढोरा पीटते चल रहे हैं। लेकिन धरातल पर देखा जाए तो कहीं कोई विकास का कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी पिछड़ी, आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है। कहा कि अब गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र के लोग किसी राजनीतिक पार्टी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। यहां की जनता सिर्फ एआईएमआईएम पार्टी को समर्थन देने का मन बना ली है। लोग लगातार इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। सड़क का निर्माण होने पर चुतरू पंचायत के सभी पंचायत वासियों ने डॉ एमएन खान का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में आताऊहुसैन, अब्दुल, रहमत, सद्दाम, इमरान, फैजान सुहैल, जुबैर, अली शेर, एहतेशाम, पंचायत अध्यक्ष हाफिज इकराम आदि के नाम शामिल हैं।

# राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए दो सगी बहनो का हुआ चयन

## तोलरा की मान्य बढ़ा रही दो सगी बहनें, पंचायत की जनता ने दिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर, पलामू :** झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप वर्ष 2024 के लिए विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी दो सगी बहनें आस्था कुमारी व आंकाक्षा कुमारी का चयन किया गया है ।आस्था व आंकाक्षा के पिता दीपक तिवारी झारखंड आर्म्स पुलिस मुख्यालय राँची में कार्यरत हैं।दीपक तिवारी ने बताया आस्था व आंकाक्षा बचपन से हीं कराटे प्रतियोगिता में शानदार खेलती है अपने बेहतर खेल की वजह से देश के विभिन्न राज्यो में एक से बढ़कर एक पुरस्कार हासिल किया है ।इधर राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में चयन होने पर गांव प्रखंड के लोगो में बधाई देने का तांता लग गया पलामू सांसद विष्णु दयाल राम विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी विश्रामपुर सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रंभा देवी उपमुखिया कुश तिवारी समाजसेवी रासबिहारी तिवारी कौशल तिवारी एडवोकेट कमल तिवारी महिला नेत्री नूतन देवी समाजसेवी विपीन तिवारी उर्फ रंधा सहित अन्य ने दोनों बहनो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा दिया गया एकदिवसीय धरना




**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल नगर मंडल के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय बिश्रामपुर में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, J.S.S.C के नियुक्ति मे भ्रस्टाचार के विरुद्ध, अबुआ आवास के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार,राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिश्रामपुर बस स्टैंड से क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए भ्रष्टाचार बंद करो, बालू में लूट बंद करो, गिरती कानून व्यवस्था को सुधारो आवास के नाम पर लूट बंद करो झारखंड सरकार हाय हाय आदि के नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय बिश्रामपुर पहुंचे एवं वहां विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर कार्यक्रम के नगर मंडल प्रभारी बीपी शुक्ला ने कहा राज्य में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है और झारखंड सरकार स्वयं इस भ्रष्टाचार और अराजकता की पोषक है, पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है गांव से लेकर राज्य सरकार में बैठे नौकरशाह तक इसकी जड़ें फैली हुई हैं। मुख्यमंत्री से ले कर राज्य के समस्त प्रशासनिक पदाधिकारी वसूली में लगे हुए हैं। वहीं ग्रामीण मंडल के प्रभारी रामचंद्र यादव ने अपनी बात रखते हुए कहा सरकार ने झारखंड को लूट खंड राज्य बना दिया है, सरकार की पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में डूबी हुई है इस सरकार की आम जनता के समक्ष पोल खुल गई है। उन्होंने कहा फिलहाल चल रही सरकार के बाद झारखंड में बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी, डबल इंजन की सरकार मिलकर झारखंड को फिर से बुलंदियों पर पहुंचाएगी कार्यक्रम में उपस्थित नगर मंडल सह प्रभारी इदरीश हवारी जी, ग्रामीण मंडल सह प्रभारी संतोष चौबे,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, विधानसभा विस्तारक सह प्रभारी किशन यादव, विनय चौबे, मनीष , संतोष , शिवांश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, राधेश्याम चौधरी, अनिल पासवान, सुशील पाठक , बबलू गुप्ता , राजेंद्र उर्फ गुड्डू, श्याम नारायण,गोपाल सिंह, शिव कुमार साव, रामानंद तिवारी , पंकज तिवारी , दिलीप तिवारी , बेलो शुक्ला, संजय चंद्रवंशी , मेराज आलम, प्रदीप चौधरी , केश्वर चौधरी , रजनीश चंद्रवंशी , शंकर चंद्रवंशी , देवनारायण सिंह , संजय शाह , गोपाल सोनी , संजय कुमार ठाकुर , भिखारी साव , धर्मेंद्र , गिरधारी साव , महिला मोर्चा से किरण , अर्चना , गुड्डी , बेबी , मीरा , संगीता , रेखा , उपाशी, बबीता , संतरा , सरिता , एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपाइयों ने दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में झारखंड सरकार की भ्रष्टाचार और गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी का एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह हैदरनगर में आयोजित धरना कार्यक्रम में बतौर प्रभारी के रूप में मौजूद रहे। इसके बाद श्री सिंह हुसैनाबाद के प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना में शामिल हुए। मौके पर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट ही लूट चल रहा है सरकार राज्य के विकास छोड़ कर अपना विकास करने पे फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारी अपना कामकाज और क्रियाकलाप सुधार ले नहीं तो इससे भी बड़ा आंदोलन होगा। मौके पर भाजपा के वरीय नेता सह हुसैनाबाद कार्यक्रम प्रभारी रामप्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, संतोष सिंह, सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदयनाथ विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, गुड्डू सिंह, रामेश्वर राम, मुखिया संतोष सिंह, राजेश कर्ण, अजय जायसवाल समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा मंडल खरौन्धी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम से बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी (गढ़वा) :** भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल नाम से पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल नाम लिखे पत्र में भाजपा के नेताओं ने उल्लेख किया है कि लिक हुए प्रश्न पत्र मामला को सीबीआई जांच कराई जाए। विभिन्न योजनाएं अबुआ आवास, समतलीकरण, बकरी शेड सहित योजनाएं में घूस लिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि झारखंड में चोरी, बलात्कार, भ्रष्टाचार ने चरम सीमा पार कर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में ऐसे सरकार को झारखंड से विदाई कर देना चाहिए। मौके पर मौजूद भाजपा के मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, अरुण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, पप्पू विश्वकर्मा, धनंजय पटेल, मनोज चौधरी, विनोद चौधरी, बैजू साह, भाजपा के वरिष्ठ नेता बसंत प्रसाद यादव, रामकृपाल द्विवेदी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेरेंगहातु में शिव मंदिर का साफ सफाई के दौरान मिला पुराना सिक्का





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेरेंगहातु ग्राम स्थित प्राचीन शिव मंदिर मे पुराना शिवलिंग और 1968 का अनेको सिक्का प्राप्त हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम मे विहिप के सदस्य नवनीत प्रजापति की अगुवाई मे सेरेंगहातु बस्ती स्थित पुराना शिव मंदिर का साफ सफाई का काम श्रमदान से सोमवार को किया जा रहा था। उस दौरान मंदिर के बगल मे साफ करते समय एक शिवलिंग और उसका टूटा हुआ अर्घ मिला जिसे देख ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है। मौक पर जो ग्रामीण साफ सफाई कर रहे थे वे लोग शिवलिंग का अर्घ को सीमेंट से जोड़ कर ठीक कर दिया। साथ ही कहा की जानकारी के अनुसार बताया जाता है की शिवलिंग बहुत प्राचीन है। तथा शिवरात्रि के समय भगवान महादेव श्री बोलेनाथ का प्रगट होना भक्तो के हर्ष की बात है। मंदिर की साफ सफाई के क्रम में शिवलिंग के साथ ही 1968 के समय का सिक्का भी प्राप्त हुआ है। वही शिवलिंग और सिक्का का एक साथ मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों में कौतूहल और हर्ष है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर नवनीत प्रजापति, रितेश प्रजापति, सोनू प्रजापति, राजेश प्रजापति, प्रसाद साहू,अमन उराँव, आलोक साहू, रितिक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# छतरपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर को ज़िला बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। जिला बनाने के लिए गठित छतरपुर को जिला बनाओ अभियान कमेटी ने छतरपुर विधायक द्वारा सीएम चंपाई सोरेन को जिला बनाने के लिए दिए गए ज्ञापन पर हर्ष जताया और उम्मीद भी जताया कि इससे अभियान को गति मिलेगी। अभियान के समन्वयक छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने विधायक पुष्पा देवी का आभार जताया और कहा कि इससे हमारे अभियान को बल मिलेगा साथ ही आनेवाले समय में इस अभियान को और गति दी जाएगी ताकि जल्द ही छतरपुर जिला बने। अरविंद ने कहा कि जिला बनाने को लेकर झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात हुई है और राज्यपाल को इस आशय का ज्ञापन वे सौंप चुके हैं। उनकी विधायक से इस संबंध में बात हुई है सीएम ने विधायक को आश्वस्त किया है कि अगर जिला बनाने की प्रक्रिया राज्य में शुरू होगी तो वे उनकी मांगों का जरूर ख्याल रखेंगे। अरविंद ने कहा कि छतरपुर जिला बनने की सारी अहर्ताएं पूरी करता है बावजूद अगर सरकार ने इस मामले में संजीदगी नहीं दिखाई तो इलाके में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। जिला बनाने की मांग को लेकर सीएम से मिलने पर इलाके के महेंद्र प्रसाद, समाजसेवी अरुण ठाकुर, उमेश यादव, जय कुश प्रजापति, प्रदीप रजक, राजेंद्र यादव, बिनोद यादव, रमेश प्रजापति, श्रवण गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, उमाशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, नौशाद, शकील, मुमताज, जितेंद्र राम, रंजन कुमार, राकेश अनिल, उमेश विजय गुप्ता, निर्भय, बंशी, कन्हाई, विजय ठाकुर, उमेश ठाकुर, चंदन, अजय, सोनू, योगेंद्र राम, मुकेश, धनंजय, रामपुकार, धर्मेंद्र, संतोष, धर्मेंद्र, प्रदीप यादव, रमेश यादव शैलेश यादव, मंदीप यादव, रामचंद्र यादव, सीताराम, सुजीत, विजय यादव, संजय उरांव, सुरेश उरांव, योगेंद्र उरांव, अशोक उरांव, संजीत उरांव, उमेश उरांव, अमित ठाकुर, टोन, सोनू सिंह, अंकित कुमार, रॉकी, दीपू, मनीष, पीयूष, ऋषभ, चंदन सहित सैकड़ो लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## महिला की गोली मारकर हत्या का प्रयास


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के चट्टीपार गांव मे भुतहा नामक स्थान पर एक महिला की गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया है। घायल महिला का नाम सुमित्रा देवी पति चंद्रिका पासवान चट्टीपार निवासी बताया जा रहा है महिला अपने घर के पास अपने खेत में कुछ काम कर रही थी की इसी बीच तीन युवक आए और उनके बीच कहां सुनी हुई इसके बाद एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दिया गोली महिला के हाथ में लगा है जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और गोली चलने का जानकारी जब चैनपुर पुलिस को मिली तो चैनपुर पुलिस मौके पर अपने दल बल के साथ पहुंच कर मामले की जांच कर रही है हालांकि सूत्रों के अनुसार यह बताया जा रहा है कि यह विवाद जमीनी विवाद हो सकता है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर घायल महिला के पुत्र ओम ने बताया कि उनका किसी के साथ दुश्मनी नहीं है घटना कैसे हुई यह पता नहीं चल सका है पुलिस ही इसका उद्भेदन कर सकती है।

## पिछले कई महीनों से नगर उंटारी प्रखंड है बीडीओ विहीन

# प्रभारी बीडीओ से चलाया जा रहा है कार्य

## पिछले कई महीनों में कई प्रभारी बीडीओ बदले जा चुके है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पिछले कई महीनों से नगर उंटारी प्रखंड बीडीओ विहीन है। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल स्थित अति महत्वपूर्ण नगर उंटारी प्रखंड पिछले कई महीनों से बीडीओ का पद प्रभार के रूप में रहा है।यहां तक कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना को धत्ता बताते हुए कोई भी प्रतिनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी आना ही नही चाहता। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपनी मर्जी के मालिक है।मजबूरी में जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रखंड के बीडीओ को प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा हैं। जिससे जनता को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वही सरकार के आदेश का अवहेलना करते हुए प्रखंड पदाधिकारी प्रभार लेना नही चाहते हैं। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दो-दो प्रखंडों के प्रभार में कार्य कर रहे हैं। जिससे मनरेगा सहित अन्य कार्यो का निष्पादन ढंग से नही हो पा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम के जाने के बाद सरकार द्वारा दो प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह व अदिति गुप्ता के रूप में अधिसूचना जारी की गई थी। लेकिन दोनों के द्वारा प्रभार लेना तो दूर प्रखंड मुख्यालय में भर्मण तक नही किया गया। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न लोगो को अतिरिक्त प्रभार देकर किसी तरह से कार्य कराया जा रहा है।नगर उंटारी प्रखंड का अभी तक 6-7लोगो को पिछले 4 महीनों में प्रभार दिया जा चुका है।सरकार की इस उदासीनता के कारण लोगो मे सरकार के प्रति आक्रोश जन्म ले रहा है।प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का सरकार में इतना पहुच है की उन्हें आने की आवश्यकता ही नही पड़ता।उनका घर बैठे-बैठे ही मनचाहा स्थान पर अपना ट्रांसफर करा लेते है।इस संबंध में लोगो मे सुगबुगाहट हो रही है कि अपने जिले का पहुच वाला नेता जिसकी राज्य में अपनी सरकार है और वह मंत्री भी है।उसके जिले में तीन से अधिक प्रखंड प्रभार में चल रहे है।

**इस संबंध में आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने**

कहा कि पिछले कई महीनों से नगर उंटारी का बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा है।जिससे लोगो को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सरकार गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के प्रखंडों के विकास के प्रति भारी उदासीनता दिखा रही है।जिसका परिणाम विकास कार्यो में अवरुद्ध के रूप में दिख रहा है।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री से मांग करती है, कि अविलम्ब स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी बहाल कर सुचारू रूप से विकास कार्यो की व्यवस्था को बहाल करें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 65

# प्रभात मंत्र

बुधवार
06.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
साधारण और श्रेष्ठ में सिर्फ इतना सा अंतर है कि साधारण उसको चुनता है, जो आसान है, लेकिन श्रेष्ठ उसे चुनता है, जो मुश्किल है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### फेसबुक और इंस्टाग्राम हुआ डाउन, परेशान रहे यूजर्स

**नई दिल्ली** : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम पूरी दुनिया में मंगलवार की रात ठप हो गया। यूजर्स लगातार परेशान रहे।यूजर्स के सोशल मीडिया अकाउंट्स अचानक ही लॉगआउट हो रहे हैं.

### सुप्रीम कोर्ट से कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मिली राहत

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बड़ी राहत दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली बेंच ने डीके शिवकुमार के खिलाफ 2018 में दर्ज मनी लॉड्रिंग के मामले को निरस्त कर दिया है।कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी डीके शिवकुमार के यहां से बरामद पैसे को मनी लॉड्रिंग से जोड़ने में असफल रही है। शिवकुमार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 2019 में कर्नाटक हाई कोर्ट की ओर से ईडी के समन को निरस्त करने की मांग को खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी। 2017 में आयकर विभाग ने डीके शिवकुमार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। आयकर विभाग के छापे के बाद ईडी ने जांच शुरू की थी।ईडी की जांच के बाद सीबीआई ने कर्नाटक सरकार से डीके शिवकुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। तीन सितंबर, 2019 को शिवकुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 23 अक्टूबर, 2019 को हाई कोर्ट ने शिवकुमार को जमानत दी थी। हाई कोर्ट की ओर से दिए गए जमानत के खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका खारिज कर दी थी।

### बंगाल में हिंसा हुई तो परिणाम भुगतने होंगे : चुनाव आयोग

**कोलकाता** : चुनाव आयोग की फुल बेंच फिलहाल बंगाल में है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बंगाल पुलिस को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी तरह की धांधली या हिंसा होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य प्रशासन की होगी और इसका परिणाम भुगतना होगा। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में एक पूर्ण पीठ रविवार को राज्य में पहुंची थी।मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव में हिंसा पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। किसी भी रूप में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य पुलिस को राज्य में स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान की जिम्मेदारी लेनी होगी। किसी भी चूक के लिए डीजीपी जिम्मेदार होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उनके पास राज्य की सभी रिपोर्ट हैं। बंगाल के चुनाव में बाहुबल और धनबल का इस्तेमाल हुआ तो इसे किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन के अधिकारियों ने भी वादा किया है कि वे शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सादे कपड़ों में भी भारतीय सैनिकों को देश में नहीं रहने देंगे : मुइज्जू

**माले** : चीन के साथ रक्षा समझौता होने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने वहां मौजूद भारतीय सैनिको को लेकर बयान दिया है. मुइज्जू ने कहा कि 10 मई के बाद मालदीव में कोई भी भारतीय सैनिक नहीं रहेगा. उन्हें हर हाल में यहां से जाना होगा. मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा- कुछ लोग देश में अफवाह फैला रहे हैं कि भारतीय सैनिक देश छोड़ नहीं रहे हैं, वो टेक्निकल स्टाफ के बहाने सिर्फ यूनिफॉर्म बदलकर सादे कपड़ों में देश लौट रहे हैं. ये सच नहीं है. मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा-भारतीय सैनिक यूनिफॉर्म या सादे कपड़ों में भी देश में नहीं रहेंगे. मैं यह पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं.

### कलकत्ता हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, संदेशखाली मामले की जांच करेगी सीबीआई

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने ईडी अधिकारियों पर हमला मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उन्होंने आदेश दिया है कि मामले की जांच सीबीआई करेगी और आज मंगलवार शाम तक शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले करने को कहा है। सारे दस्तावेज भी सीबीआई के हवाले करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। बनगांव और नजात थाने में दर्ज तीन प्राथमिकी की जांच सीबीआई करेगी जो पूरी तरह से ईडी अधिकारियों पर हमला मामले से संबंधित है।

### 7 राज्यों में 17 स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी

**नई दिल्ली** : कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में जेल में बंद कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार की सुबह 7 राज्यों में एक साथ छापेमारी की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

---

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अल-नीनो को लेकर जारी किया नया अपडेट

# 2024 में भी पड़ेगी भीषण गर्मी

* अल-नीनो के प्रभाव के कारण पूरी दुनिया के तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी जारी

एजेंसी
**नई दिल्ली** : विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अल-नीनो को लेकर नया अपडेट जारी किया है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बताया है कि अल-नीनो साल 2024 में भी गर्मी बढ़ाना जारी रखेगा। इसने यह भी बताया कि 2023-24 में अल नीनो रिकॉर्ड पर पांच सबसे बड़ी आपदाओं में से एक के रूप में चरम स्थिति पर पर पहुंच गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अल-नीनो के प्रभाव स्वरूप मार्च और मई के बीच लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान जताया है। वैश्विक संगठन ने कहा कि अपनी कमजोर प्रवृत्ति के बावजूद आने वाले महीनों में वैश्विक जलवायु पर इसका प्रभाव जारी रहेगा।

वैश्विक संगठन ने बताया कि वर्तमान में अल-नीनो के प्रभाव के कारण दुनिया भर में तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी और मौसम की चरम स्थितियों को दर्ज किया गया। इसी के कारण साल 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल भी रहा। डब्ल्यूएमओ के महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा कि जून 2023 के बाद से हर महीने ने एक नया मासिक तापमान रिकॉर्ड बना है। इसके चलते साल 2023 को अब तक रिकॉर्ड पर सबसे गर्म साल के रूप में दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते इस तापमान में अल नीनो ने भी बड़ा योगदान है।

### क्या है अल नीनो ?

अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन का एक हिस्सा है, जो मौसम और समुद्र से संबंधित एक प्राकृतिक जलवायु घटना को बताता है। ईएनएसओ के दो चरण होते हैं- अल नीनो और ला नीना। अल नीनो का अर्थ स्पेनिश भाषा में छोटा लड़का है और यह एक गर्म चरण है। वहीं, ला नीना का मतलब छोटी लड़की होता है जो ठंड का चरण है।प्रशांत महासागर में पेरू के निकट समुद्री तट के गर्म होने की घटना अल-नीनो कहलाती है। आसान भाषा में समझे तो समुद्र का तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में जो बदलाव आते हैं उस समुद्री घटना को अल नीनो का नाम दिया गया है। इस बदलाव के कारण समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री ज्यादा हो जाता है।



### इस साल भारत में मानसून की बारिश होगी बेहतर

डब्ल्यूएमओ ने अपने ताजा अपडेट में बताया है कि मार्च से लेकर मई के दौरान अल नीनो के बने रहने की लगभग 60 प्रतिशत संभावना है। वहीं, अप्रैल से जून के दौरान तटस्थ स्थितियों (न तो अल नीनो और न ही ला नीना) की 80 प्रतिशत संभावना है। वैश्विक संगठन ने यह भी कहा है कि साल के आखिर में ला नीना की स्थितियां बनने की संभावनाएं तो हैं, लेकिन इसमें अभी अनिश्चितता है। भारत के संदर्भ में डब्ल्यूएमओ ने कहा कि जून से लेकर अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल भारत में मानसून की बारिश 2023 की तुलना में बेहतर होगी।

### अल नीनो भारत में मानसून को कैसे प्रभावित करता है?

वैश्विक परिदृश्य में देखें तो अल नीनो घटनाओं के दौरान, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और मध्य अफ्रीका जैसी जगहों पर शुष्क मौसम का अनुभव होता है। वहीं भारत में यह देखा गया है कि अल नीनो वर्षों के दौरान मानसून कमजोर हो जाता है। अल नीनो मौसम की घटनाएं पिछले 70 वर्षों में 15 बार हुई हैं, जिनमें से भारत में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश केवल छह बार हुई है। पिछले चार अल नीनो वर्षों में, भारत ने लगातार सूखे की स्थिति और वर्षा में भारी कमी का सामना किया है। मॉनसून की बारिश कमजोर, मध्यम या मजबूत अल नीनो घटनाओं के आधार पर भी अलग-अलग हो सकती है। 1997 में, एक मजबूत अल नीनो के कारण भारत में सामान्य वर्षा का 102 प्रतिशत रिकॉर्ड किया था।

---

सामूहिक दुष्कर्म की शिकार स्पेनिश महिला दुमका से नेपाल रवाना, कहा

## इंडियन अच्छे हैं, घटना कहीं भी हो सकती है : स्पेनिश महिला



प्रभात मंत्र संवाददाता
**दुमका** : राज्य के दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 28 वर्षीय स्पेनिश महिला मंगलवार को नेपाल के लिए रवाना हो गई। रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने मुसीबत में साथ देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वह बुरी यादों को भुलाकर कई अच्छी यादें लेकर इंडिया से जा रही है। इस दौरान स्थानीय प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे।नेपाल रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने कहा कि इस घटना के लिए भारत और यहां के लोगों को जिम्मेवार ठहराना बिल्कुल सही नहीं है। इस घिनौनी हरकत को जिन अपराधियों ने अंजाम दिया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इस तरह की घटना कहीं भी, कभी भी और किसी के भी साथ हो सकती है। इसके लिए भारत को जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता। पीड़ित ने कहा कि जीवन में घटनाएं होती रहती हैं लेकिन सफर जारी रहता है। पीड़ित ने कहा कि उसने हंसडीहा में रात गुजारने का फैसला लिया था। क्योंकि, वह जगह बेहद शांत और खूबसूरत थी। उन लोगों ने सोचा कि यहां किसी तरह का कोई खतरा नहीं होगा। मैं अभी भी कहती हूं कि इंडियन अच्छे हैं। यहां के लोग अच्छे हैं। मैं पिछले छह साल से वर्ल्ड टूर पर निकली हूं। छह माह से इंडिया में ट्रेवल कर रही हूं। मैंने इंडिया में करीब 20 हजार किलोमीटर ट्रेवल किया है। हर जगह सपोर्ट मिला है। मुसीबत की इस घड़ी में मुझे यहां के लोगों का पूरा सपोर्ट मिला। यहां की सरकार का भी सपोर्ट मिला। पीड़ित महिला ने उन सभी लड़कियों और महिलाओं को संदेश दिया है कि ऐसी बुरी यादों को भूला पाना तो मुश्किल है लेकिन यह सोचकर आगे बढ़ना होगा कि आगे बहुत कुछ करना है। खराब अतीत को भूलना होगा। उन्होंने अपनी तरह टूर पर निकले बाइकर्स के लिए कहा कि आप अपनी यात्रा जारी रखें। बिना किसी डर के आगे बढ़ते रहें। नेपाल रवानगी से पहले महिला ने दुमका के एसपी के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने सभी को धन्यवाद कहा। वर्ल्ड टूर पर पति के साथ बाइक से निकली महिला के हौसले की सभी तारीफ कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि एक मार्च की रात स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बीते सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट ने भी मामले में लिया स्वतः संज्ञान लिया है। दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 10 लाख रुपये की राशि पीड़ित महिला के बैंक खाते में उपलब्ध कराई है।

---

## 14-15 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान की संभावना




एजेंसी
**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2023 की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। जानकर सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है।

सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। इस बीच चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में 195 सीट पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 2019 में वोटर लिस्ट में 90 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 2014 के आम चुनाव में 81 करोड़ 45 लाख मतदाता थे। वहीं, इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे।

---

पीएम ने तेलंगाना में परिवारवाद के मुद्दे पर बोला हमला, कहा

## उनके लिए फ़ैमिली फर्स्ट मेरे लिए नेशन फर्स्ट



एजेंसी
**संगारेड्डी (तेलंगाना)** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के संगारेड्डी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर परिवारवाद के मुद्दे पर हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं. उनके लिए %फ़ैमिली फर्स्ट% है और मेरे लिए %नेशन फर्स्ट. साथ ही उन्होंने कहा कि इसका एक कारण यह भी है कि मैं इनके सैंकड़ों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं. मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. तेलंगाना की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वह इस भावना के साथ काम करते हैं कि राज्यों का विकास ही देश का विकास है.उन्होंने यहां कहा,आज 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा होना आवश्यक है. इसलिए केंद्र ने इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और केंद्र चाहता है कि तेलंगाना को इसका फायदा मिले.पीएम मोदी ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा, मैं आज आपको एक गारंटी दे रहा हूं कि अगले कुछ वर्षों में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे. ये वादा भी पूरा होगा क्योंकि ये मोदी की गारंटी है. मैंने आपसे कहा था कि हम सब मिलकर भारत को पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे. आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में आशा की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है. साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष से केंद्र सरकार, तेलंगाना को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर काम कर रही.

---

मांडर एकलव्य स्कूल मामले में सरकार के जवाब से हाई कोर्ट नाराज, कहा

## झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का : हाई कोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाराजगी जताई।केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर कोर्ट द्वारा पिछली सुनवाई में लगाए गए 25-25 हजार रुपये जुर्माना को हटाने के उनके आग्रह को कोर्ट ने नहीं माना और जुर्माना राशि को पूर्व सैनिक विधवा कल्याण फंड में जमा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास स्थल को बदलकर नई जगह पर स्कूल का निर्माण का निर्णय लिया गया। झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का राज चलेगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को रूल ऑफ लॉ पर संवेदनशील होना चाहिए। कानून तोड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जानी चाहिए।कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार के शपथ पत्र पर कहा कि इसमें कहां साबित हो रहा है कि स्कूल का जगह बदलने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को सूचित किया था।स्कूल कंस्ट्रक्शन कर रही कंपनी दूसरी जगह स्कूल भवन बना रही है, क्या उसे अधिकार है कि वह जगह बदल सके। पूर्व में पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था वहां बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा। यदि केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी, यह पब्लिक का पैसा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। डीपीआर बनाने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा वहां शिलान्यास किया गया था। राज्य सरकार ने उसके लिए जगह चिन्हित कर जमीन दी थी। इसके बाद नई जगह पर एकलव्य स्कूल बनाने का निर्णय क्यों लिया गया।

---

## कृषि विभाग के सचिव बने जितेंद्र सिंह

* सीएम के प्रधान सचिव के पद से हटाए गए विनय चौबे, अविनाश कुमार को मिली जिम्मेवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : राज्य सरकार ने पांच आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया है. एक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे को स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है. ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी दी गई है. अबु बकर सिद्दिकी को कृषि विभाग से स्थानांतरित करते हुए खान विभाग का सचिव बनाया गया है. कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो को उद्योग विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है. वहीं उद्योग विभाग के सचिव जीतेंद्र सिंह को कृषि विभाग का सचिव बनाया गया है. साथ ही खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वहीं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर को ग्रामीण कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को बनाया गया। कार्मिक विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है.

## बैंक के समीप हिंडाल्को कर्मी से पांच लाख रुपए की लुट

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी अन्तर्गत बड़ा मुरी बस स्टैंड के समीप



युनियन बैंक ऑफ इंडिया के पास मंगलवार को 3-40 बजे के लगभग पांच लाख रुपए की लुट हो गई। जानकारी के अनुसार तुलिन बंग्लाटांड़ निवासी हिंडाल्को कर्मचारी किरण महतो अपनी बहन की शादी के लिए पैसे निकालने बैंक आए हुए थे। जैसे ही पैसे निकालकर बैंक से निकले अपनी बाईक के पास गया तो देखा की बाईक पंचर हुआ है। और उसके सामने कुछ रुपए भी गिरा हुआ था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने कहा की आपका रुपया गिरा हुआ है जैसे ही वह रुपया उठाने गया अज्ञात लुटेरे द्वारा उसके पैसे से भरा बैग लेकर फरार हो गया। ज्ञात हो की वह पैसे से भरा बैग बाइक के हेंडल में टांग चूका था। इस घटना की सुचना मुरी ओपी को दिया गया मुरी ओपी घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बैंक के सीसीटीवी कैमरे से पता लगाने की कोशिश कर रहे है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही लुटेरे को पकड़ लिया जाएगा।

## महाशिवरात्रि को लेकर ब्रह्माकुमारी का शोभा यात्रा निकाला गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि को लेकर ब्रह्माकुमारी का



शोभायात्रा सिल्ली से झारखंड मोड़ तक बहनों ने अपने माथे पर कलश लेकर निकाला! साथ ही लोगों को शिव का ज्ञान देते हुए भक्तों ने नारा लगाते हुए कहा कि एक दो बीड़ी सिगरेट छोड़ दो, ओम शांति घर-घर में शांति लाओ आप अपना भाग्य बना लो ,अच्छे कर्मों की कमाई कर लो। पांच विकार नरक के द्वार, जब छोड़ोगे, तभी मिटेगा भ्रष्टाचार। कलयुग जाने वाला है ,सतयुग आने वाला है। माया से नाता तोड़ लो ,शिव से नाता जोड़ लो ब्रह्मकुमारी का है यह पैगाम स्वर्णिम युग का हो निर्माण। गीता बाइबल और कुरान विश्व को देता है एकता का ज्ञान ,के नारे के साथ ब्रह्माकुमारी मीणा बहन ने सिल्ली बुंडू चौक से झारखंड मोड़ तक शोभा यात्रा निकाली। इससे पहले सिल्ली में शिव भगवान का ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बहुत सारी ब्रह्माकुमारी बहने एवं भाई शोभायात्रा में शामिल हुए।

## जाहेर में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के जाहेर में उप स्वास्थ्य केंद्र



भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रुप से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया।यह उप स्वास्थ्य केंद्र लगभग 55 लाख के लागत से बनाया जाना है, इस स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से अगल बगल के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। पहले जो मरीजों को इलाज कराने के लिए पंचायत से दूर ब्लॉक जाना पड़ता था अब उन्हे ब्लॉक या दूर नही जाना पड़ेगा।मौक़े पर मांग उरांव जमील मल्लिक, नसीम अंसारी, रशीद अंसारी, सेरोफिना मिंज, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## करगे में सरना स्थल घेराबंदी निर्माण कार्य की रखी गई आधारशिला

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):**मंगलवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे



पंचायत के ग्राम करगे मे विधायक योजना मद द्वारा सरना स्थल घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया।शिलान्यास करने से पूर्व, विधायक ने सरना स्थल मे सरना मां के समक्ष माथा टेक्कर आशीर्वाद लिया एवं हाथ जोड़कर अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के खुश हाल जीवन एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया।कार्यक्रम मे ग्रामीणों ने अतिथि माननीय विधायक को फूल माला पहना कर स्वागत किया।

## प्रमुख ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पुरियो गांव में मंगलवार को प्रखंड



प्रमुख सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विनीता कच्छप और मुखिया नीरज कुजूर ने 15वें वित्त मद से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। पथ का निर्माण राधे गडेरी के घर से वशिष्ठ गिरी के घर तक 250फिट किया जायेगा। मौके पर मुखिया नीरज कुजूर ने कहा ग्रामीणों को पक्की सड़क, पक्की नाली, लोगों को पीने का स्वच्छ जल, आम जन के घर तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर लाभुक समिति अध्यक्ष गणेश गिरी,सचिव छोटू भगत, विधायक प्रतिनिधि संजय कच्छप, बनारसी गोप, सुकरा उरांव, रामसुंदर साहू,बाबूलाल साहू, बैजनाथ गोप सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली का करंट लगने से पिता पुत्री की मौत

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चिनारों पुरियो पंचायत के सौका गाँव के ग्राम प्रधान संजय लकड़ा और उसकी छह वर्षीय पुत्री का करंट लगने से मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को संजय उरांव अपने छह वर्षीय पुत्री के साथ खेत में लगे फसल को देखने गए थे. उसी दौरान बच्ची सिंचाई के लिए लगे विधुत तार के चपेट में आ गई. बच्ची को बचाने के लिए दौड़े पिता को भी करेंट ने अपने चपेट में ले लिया. काफी देर हो जाने के बाद भी जब पिता पुत्री दोनों घर नहीं लौटे तो घरवालों ने खोज बिन करते हुए खेत पहुंचे जहां दोनों को मृतक पाया गया। सूचना पाकर पहुंची इटकी पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में कर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। देर शाम दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सकरपद्दा गांव से 26 वर्षीय युवक का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के सकरपद्दा गांव में कलाम अंसारी नामक 26 वर्षीय युवक का शव कुएं में तैरता हुआ मिला है जिसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर मांडर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है जिस युवक का शव मिला है उसका रिश्ता मांडर प्रखंड स्थित लोयो ग्राम में तय हुआ था जिसका दो दिन बाद शादी होना तय

# नगर भवन खूंटी में संहिताओं का जिला स्तरीय सम्मेलन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के नगर भवन में सहियाओं का जिला स्तरीय सम्मेलन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज मनीर अहमद अजय शर्मा एवं जिले का सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया मंच संचालन डीपीसी उदयन शर्मा ने किया मौके पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज ने कहा कि सहियाओं के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है जिससे स्वास्थ्य की सेवा सुदृढ हुई है और देश स्तर पर पहचान बना है उनके हौसले का बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और बेहतर कार्य करने वाले सहियाओं एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया जाता है स्टेट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर मनीर अहमद ने कहा कि? सहियाओं के कार्यों को देखते हुए समय समय पर विभिन्न सहयोगी चीजें दी जाती है दवा कीट साइकिल बैच बंडी आदि पहले ही दी जा चुकी है अब सहिया कार्यक्रम को डिजिटाइजेशन किया जा रहा है सरकार बहुत जल्द सहियाओं को टैब उपलब्ध कराएगी ताकि अपने कामों को बेहतर तरीके से कर सकें जिले के सिविल सर्जन नागेश्वर माझी ने कहा की सहियाओं के सहयोग से जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुई है और जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है कार्यक्रम में सहियाओं ने अपने बातों को रखा और क्षेत्र में हो रहे कठिनाइयों के बारे में बतलाया साथ ही स्वास्थ्य संबंधित गीत भी प्रस्तुत किया वित्तीय वर्ष में बेहतर काम करने के लिए कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने भी अपने विचारों को रखा मुख्य अतिथियों के द्वारा बेहतर कार्य करने हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से इकत्तीस सहियाओं एवं छः ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया गया मौके पर काननबाला तिर्की, सुनीता दास, विकास कुमार,डॉ रजनी टोप्पो, डॉ नामिता टोप्पो श्वेता सिंह एसटीटी बीटीटी सहिया साथी एवं सहियाएं मौजूद रहे।

# मजदूर संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कचहरी मैदान में मूलवासी मजदूर संघ की एक बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष जनयुग अंसारी के अध्यक्षता में हुई इस अवसर पर पूर्व पूर्व विधायक श्री कालीचरण मुंडा शामिल हुए उन्होंने कहा गरीब मजदूर के साथ पहले भी थे आज भी है और आगे भी रहेंगे कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए जिला परिषद संघ के अध्यक्ष श्री सुशील संग ने कहा सरकार के अनेक को अनेक लाभकारी योजना का जानकारी लेकर या उसे योजना से जुड़कर अपना लाभ ले सकते हैं मूलवासी मजदूर संघ के ई रिक्शा अध्यक्ष श्री अरुण सांगा ने कहा संगठन में रहकर सभी को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा ई रिक्शा चालक का वर्दी बनवाया जाएगा एवं संगठन कैसे चले इस पर मजदूर एक राय बनाकर संगठन को मजबूत करें संघ के अध्यक्ष सहयोग अंसारी ने सरकार से मांग की नगर पंचायत में चारों तरफ सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है उसे जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए एवं जो एवं शहरी जल आपूर्ति अभिलंब शुरू करना चाहिए इससे लोग काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं लोग ऋष्टा संबंधी ई-श्रम कार्ड श्रमिक कार्ड जो लोग दिया है उसे जल्द से जल्द निदान करने की कृपा की जाए खासकर आए दिन सड़क जाम खूंटी की रहती है इससे निजात पाने के लिए बाईपास का निर्माण अति आवश्यक है इसे भी जल्द से जल्द कार्य प्रगति पर लाया जाना चाहिए ई रिक्शा चालको ने अध्यक्ष मांग की अब रू10 में नहीं पोसाई होती है और महंगाई को देखते हुए रू10 से बढ़कर अब रू20 कर दिया जाए यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 9 मार्च को महंगाई के खिलाफ में एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं राज्यपाल के नाम उपायुक्त महोदय को एक ज्ञापन सोपा जाएगा इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री कालीचरण मुंडा होंगे मौके पर भागीरथी गंजू पवन कुमार विनोद राम सफीक अंसारी सिकंदर नायक गोपाल महतो राजा नायक कैलाश मांझी दिनेश मिश्रा संगीता देवी सुनीता देवी साबिर अंसारी देवेंद्र महतो रवि मुंडा बिरसा मुर्गा लक्ष्मण भोक्ता संजय मांझी जीत वाहन महतो दीपक तिदू अनिल लोहार विजय सुहासी रंजीत महतो सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित है ।

## नवाडीह, मोना टोला, गंझू टोला की समस्या हल करेगा रोहिणी प्रबंधन, रैविमो ने सौंपा ज्ञापन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा द्वारा परियोजना पदाधिकारी, रोहिणी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। मोर्चा के शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर उक्त ज्ञापन मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह को दिया गया। ज्ञापन में नवाडीह, मोना टोला, गंझू टोला में स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली व डीप बोरिंग, शेड की मरम्मती सहित कई समस्याओं के समाधान का आग्रह किया गया है। रोहिणी पीओ जेके सिंह ने कहा कि सीसीएल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए हमेशा तत्पर है। प्रबंधन द्वारा जो भी संभव हो सकेगा प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने गांव में स्ट्रीट लाइट देने एव डीप बोरिंग को लेकर पहल करने का आश्वासन दिया है साथ ही अन्य जो भी समस्या है उस पर भी सकरात्मक पहल करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार, मोर्चा के उपाध्यक्ष रामधारी गंझू, बिनोद मुंडा आदि उपस्थित थे।

## खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का हुआ समापन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा कचहरी मैदान, खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का समापन हो गया। इस दौरान जिले के किसानों को कृषि की उच्च तकनीक त्री जानकारी दी गई। मेला में जिले के विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे, जहां कृषकों सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ लेने की अपील की गई। किसानों के बीच दलहन फसल मूंग का बीज, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य परिसंपतियों को वितरण किया गया। मेला में आजोजित उत्पाद प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पादन के क्रम में कृषकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के आय को दुगुनी करने हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को सशक्त करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि किसान उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकि से कृषि कर अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे सुदृढ़ करें, इस दिशा में जिला प्रशासन की टीम लगाातर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर योजनाओं से लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय संचालित योजनाओं के तहत जिले में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोलर इरिगेशन सिस्टम का वितरण करने की योजना है। उन्होंने कहा कि जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज व मशरूम की खेती में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला में 60 मेट्रिक टन क्षमता वाले कटहल प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन का कार्य आरंभ है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज, आम सहित अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन कराया जाएगा।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–_निविदा संख्या:- 24/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **02.03.2024**

**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | लम्बाई (कि0मी0) | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/ 24/2023-24/ MMGSY | पतरातु | ग्राम आरासाह बगलता में हल्दीबेड़ा मुख्य पथ से दशरथ उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य। | 0.900 | 99.586/- | 06 माह |
| 2 | | पतरातु | ग्राम जराद पतराटोला में बजरंगबली मंदिर से सालगो मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य । | 0.670 | 66.564/- | 04 माह |
| 3 | | पतरातु | ग्राम लबगा में गाँवादेती से शंकर साव के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य। | 0.360 | 41.829/- | 03 माह |
| 4 | | पतरातु | ग्राम जराद में आंगनबाड़ी से मतरसी मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य। | 0.300 | 41.077/- | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण काय विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

**PR 321616 Rural Work Department(23-24).D**

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या:– **20/RII/2023-24/RWD/KHUNTI,** दिनांक– **05.03.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नाम:–

| क्र० सं० | आई० डी० सं०/ पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-13/ 2023-24 | कर्रा | 1. L025- चिउर से हेसला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.700 कि०मी०)। | 10,70,54,800.00 (दस करोड़ सत्तर लाख चौंवन हजार आठ सौ रू० मात्र।) | 21,42,000.00 (इकीस लाख बयालीस हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | तृतीय। |
| | | कर्रा | 2. L029-चरवादाग से एराहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.760 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 3. टुनगाँव से बरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.000 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 4. L052-सरदुला से कसीरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.020 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 5. L061- कुरसे से केदिल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 4.500 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 6. L065- पदमपुर से रोन्हे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 4.456 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 7. चाँपी से करमडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.850 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | 8. मानपुर से गुनगुनिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.200 कि०मी०)। | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.03.2024।
3 ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.03.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.03.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

**PR.NO.321551 Rural Work Department(23-24):D**

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला पुलिस विभाग से संबंधित रद्दीकृत कुल पैसट(65) सरकार वाहनों में से चौसठ(64) वाहनों "जहाँ है, जैसे है एवं टैक्स जिस स्थिति में है" की सार्वजनिक निलामी दिनांक 14.03.2024 को पुलिस केन्द्र, हजारीबाग में प्रातः 10:30 बजे से की जानी है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | पंजीयन संख्या | प्रकार | मेक | मॉडल | फ्लोर प्राईस | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH02M-2749 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 2 | JH02M-2754 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 3 | JH02M-2748 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 4 | JH02M-2747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 5 | JH02M-2753 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 6 | JH02M-2712 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 7 | JH02M-2707 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 8 | JH02M-2755 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 9 | JH02M-2648 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 10 | JH02M-2652 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 11 | JH02M-2704 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 12 | JH02M-2650 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 13 | JH02M-2653 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 14 | JHO2M-2654 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 15 | JH02M-2705 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 16 | JH02M-2706 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 17 | JH02M-2649 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 18 | JH02M-2752 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 19 | JH02M-2756 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 20 | JH02M-2757 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 21 | JH02M-2758 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 22 | JH02P-5739 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 23 | JH02P-5744 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 24 | JH02P-5740 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 25 | JH02P-5746 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 26 | JH02P-5737 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 27 | JH02P-5741 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 28 | JH02P-5738 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 29 | JH02P-5747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 30 | JH02P-5743 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5100/- | |
| 31 | JH02M-2710 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 32 | JH02A-5174 | BAJRA | | 2001 | | Not For Sell |
| 33 | JH02A-9178 | WATER TANK | TATA | 2002 | 22200/- | |
| 34 | JH02K-3315 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 21100/- | |
| 35 | JH02K-3318 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 25300/- | |
| 36 | JH02M-3050 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 25400/- | |
| 37 | JH02M-3051 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 19200/- | |
| 38 | JH02M-3049 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 18530/- | |
| 39 | JH02M-3045 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 19500/- | |
| 40 | JH02M-3048 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 19300/- | |
| 41 | JH01N-7844 | JEEP | MAHINDRA | 2006 | 20120/- | |
| 42 | JH02V-2813 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 21700/- | |
| 43 | JH02V-2814 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 21700/- | |
| 44 | JH02V-2810 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 19400/- | |
| 45 | JH02V-2812 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 19800/- | |
| 46 | JH02V-2815 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 19800/- | |
| 47 | JH02V-2822 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 21300/- | |
| 48 | JH02H-6529 | SAFARI | TATA | 2005 | 35500/- | |
| 49 | JH02K-3320 | TATA 407 | TATA | 2007 | 33100/- | |
| 50 | JH02M-3386 | TATA 407 | TATA | 2009 | 32100/- | |
| 51 | JH02Q-5510 | TATA 407 | TATA | 2010 | 32500/- | |
| 52 | JH02Q- 5499 | TATA 407 | TATA | 2010 | 31400/- | |
| 53 | JH02Q- 5506 | TATA 407 | TATA | 2010 | 29800/- | |
| 54 | JH02Q-5509 | TATA 407 | TATA | 2010 | 29700/- | |
| 55 | JH02V-2561 | TATA 407 | TATA | 2011 | 29700/- | |
| 56 | JH02V-2564 | TATA 407 | TATA | 2011 | 28900/- | |
| 57 | JH02H-6525 | SWRAJ MAZDA | TATA | 2004 | 70800/- | |
| 58 | JH02S-6870 | TATA 407 | TATA | 2011 | 33800/- | |
| 59 | JH02S-6871 | TATA 407 | TATA | 2010 | 32100/- | |
| 60 | JH02V-2560 | TATA 407 | TATA | 2011 | 31000/- | |
| 61 | JH02V-2562 | TATA 407 | TATA | 2011 | 29600/- | |
| 62 | JH02Y-8084 | SUMO VICTA | TATA | 2013 | 32000/- | |
| 63 | JH02X-3604 | MINI BUS | TATA | 2012 | 74200/- | |
| 64 | JH02M-3046 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 20400/- | |
| 65 | JH02K-3314 | MINI BUS | TATA | 2007 | 81900/- | |

निलामी में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्ति मोटरसाईकिल हेतु 10,000 रू0 एवं अन्य वाहन के लिए 20,000 रू0 अग्रिम के रूप में जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने के हकदार होगें। इच्छुक सभी व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पुलिस केन्द्र परिसर हजारीबाग में उपस्थित होकर निलामी की कार्रवाई में सम्मिलित हो सकते है।

अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी समय किसी वाहन की निलामी या पूरी निलामी प्रक्रिया के स्थगित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

निलामी के क्रम में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा क्रय किये गये वाहनों के अनुरूप अग्रिम राशि को समायोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वैसे व्यक्ति जो निलामी के क्रम में वाहन क्रय नहीं करते है उनकी अग्रिम राशि निलामी के पश्चात् वापस कर दी जायेगी।

निलामी में क्रय किये गये वाहनों को संबंधित क्रेता को दो दिनों के अंदर शेष राशि का भुगतान कर सभी प्रकार के पुलिस से संबंधित चिन्हों को विलोपित कर ले जाना होगा। ऐसा नहीं करने पर संबंधित क्रेता की अग्रिम राशि जप्त कर ली जायेगी एवं अन्य इच्छुक क्रेता को नियमानुसार गाडी उपलब्ध करा दी जायेगी।

निलामी की पूरी किसी भी स्थिति में न्यायायिक परीधी के अन्तर्गत नहीं रहेगा।

निलामी की तिथि एवं समय में अपरिहार्य करणों से फेर बदल या निलामी प्रक्रिया स्थगित की जा सकती है, जिसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

निलामी में शामिल होने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस पर परिचारी प्रवर, पु0के0 हजारीबाग से सम्पर्क स्थापित कर निलाम होने वाले वाहनों को देख सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 321513 (Police) 23-24 (D)


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दास होटल के मालिक अमूल्य दास का निधन, शोक की लहर



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरीबी के कारण 10 वर्ष की उम्र में जमशेदपुर के होटलों में 3 रुपए का मासिक वेतन पर मजदूरी का काम कर चुके और कड़ी मेहनत व संघर्ष की बदौलत अपनी अलग पहचान बनाने वाले पटमदा के लावा गांव निवासी अमूल्य दास का मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे अपने घर में ही हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे दो पुत्रों सुभाष दास एवं बदन दास, पुत्रवधू व पोते-पोतियों का भरा पूरा संसार छोड़ गए हैं। सैकड़ों लोगों ने उनका अंतिम दर्शन किया एवं अंतिम संस्कार में शिरकत की।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 मरीजों का हुई इलाज



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान में मंगलवार को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी में मानसिक एवं मिर्गी मरीजों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई। शिविर में पटमदा, बोड़ाम, चांडिल, नीमडीह एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 90 पुराना एवं 10 नए मरीजों का जांच मनोचिकित्सक डॉ दीपक कुमार गिरी ने किया। चिकित्सक ने जांचोपरांत सभी मरीजों को एक महीने के लिए नि:शुल्क दवाइयां दी। शिविर को सफल बनाने में डा. ताजिन कुछू, पीएलवी शिवशंकर महतो, निताई चन्द्र गोराई एवं नन्द रजक का योगदान रहा।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या पहुंची नौ करोड़ के पार




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) का निवेशक आधार करोड़ (90 मिलियन) को पार कर गया, जो खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी को रेखांकित करता है। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन) है। एनएसई पर अद्वितीय निवेशक पंजीकरण में पिछले कुछ वर्षों में तेजी देखी गई है। जहां 6 से 7 करोड़ अद्वितीय निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, वहीं अगले करोड़ निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड़ तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं, ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। इस संबंध में एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि पांच महीने के सबसे कम समय में नवीनतम 1 करोड़ नए निवेशक एक्सचेंज में शामिल हुए हैं। इक्विटी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), आरईआईटी, इनविट, सरकारी बॉण्ड, कॉरपोरेट बॉण्ड आदि जैसे विभिन्न एक्सचेंज ट्रेडेड वित्तीय उपकरणों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में दिनेश कुमार को मिली जमानत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार को वर्ष 2020 के आचार संहिता उल्लंघन मामले में जमशेदपुर न्यायालय ने जमानत स्वीकृति दिया। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के समय सरकारी खंभे में भाजपा का झंडा लगा हुआ पाया गया जिससे सरकारी संपत्ति का नुकसान होने की संभावना जताई गई थी। मामले में साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। कांड की अनभिज्ञता होने के कारण अबतक भाजपा नेता ने जमानत नहीं लिया था जिस कारण उनके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट निर्गत हुआ था। मंगलवार को भाजपा नेता दिनेश कुमार ने प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रिया के न्यायालय में सरेंडर किया। दिनेश कुमार की ओर से अधिवक्ता विजय शंकर पाठक ने बहस किया, जिससे संतुष्ट होकर न्यायालय ने जमानत अर्जी को स्वीकृत किया।

## चित्रगुप्त महिला कमेटी का होली मिलन समारोह 17 मार्च को

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चित्रगुप्त महासमिति के महिला कमेटी की एक बैठक गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में अध्यक्ष रागिनी सहाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रविवार, 17 मार्च को समिति की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए महिला उपाध्यक्ष मधु वर्मा ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे सत्संग और शिवचर्चा के अलावा सन्ध्या में होली मिलन समारोह और प्रीति भोज का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संगठन सचिव अनिता देवी, रिंकू कुमारी सिन्हा, तनु वर्मा, स्वेता सिन्हा, मुन्नी देवी, संजय कुमार वर्मा, भूदेव वर्मा, महेंद्र प्रसाद कर्ण, प्रभाष श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी का लोकसभा निर्वाचन को विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक

# ईएसएमएस ऐप पर कार्रवाई दर्ज करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर व्यय कोषांग के वरीय पदाधिकारियों और समस्त प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक किया। बैठक मे उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी श्री मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, व्यय लेखा कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा शामिल हुए। बैठक में प्रवर्तन एजेंसियों निर्वाचन आयोग के नए ऐप इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) ऐप के कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया और आगामी लोक सभा निर्वाचन को स्वच्छ, स्वतंत्र, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीम और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन-बल और अन्य चुनावी प्रलोभनों के इस्तेमाल पर ईएसएमएस के माध्यम से नज़र रखी जाए। इस ऐप पर नकदी, उपहार, शराब और अन्य ड्रग्स की एंट्री करनी होगी, यदि आचार संहिता के दौरान एफएसटी, एसएसटी टीम की ओर से नकदी, शराब, हथियार आदि जब्त किए जाते हैं, तो उनका रिकॉर्ड भी ऑनलाइन रखा जाए। निर्वाचन अचार संहिता के विरुद्ध किए गए सभी अपराधों के खिलाफ केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई की निगरानी की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पूर्ण सतर्कता के साथ से कार्य करने के निर्देश दिया। साथ ही जिले में प्रलोभन की दृष्टि से संवेदनशील ऐसे समस्त सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रवर्तन एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अंतरराज्य सीमा चेक पोस्ट नाकों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही इन्फोर्समेंट एजेंसियों को रेलवे स्टेशनों, ट्रकों, बसों, व्यावसायिक वाहनों के साथ ही हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सभी निर्वाचन साहित्य के विरुद्ध गतिविधियों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जायेगी। इस पर केंद्र और राज्य की सभी एजेंसियां एक साथ कार्य करते हुए आपस में गोपनीय सूचनाओं को साझा करेंगी।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी का चुनाव लड़ना लगभग तय, तैयारी में जुटा जिला कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगठनात्मक विषय को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए।बैठक में प्रस्ताव रखा की जिला स्तर पर एआईसीसी के दिशा निर्देश पर inc-sathi.com के तहत बीएलए - 2 का रजिस्ट्रेशन कार्य द्रुतगति से संपन्न करने के विषय को लेकर मीटिंग में सभी जिम्मेवार पदाधिकारी को बुलाया गया है। इस संबंध में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी के समक्ष प्रखंडवार, मंडलवर समीक्षा की गई। जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष प्रखंड संगठन प्रभारी, मंडल संगठन पर्यवेक्षक को अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए, बूथ स्तर तक दौरा करने के कार्य में बुधवार से ही लग जाएं तथा बी एल ए-2 का निर्माण कर रजिस्ट्रेशन कार्य को संपन्न करें। जमशेदपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी का चुनाव लड़ना लगभग तय है, इसमें संगठन को हर हाल और हर स्थिति में दुरुस्त करने की जिम्मेवारी सौंपी गई। लोकसभा चुनाव के संगठनात्मक तैयारी की समीक्षा के लिए अगामी 9 मार्च को जमशेदपुर आ रहे है। जिसमें पदाधिकारियों संग समीक्षा और मंथन करेंगे तथा मजबूत टिप्स देंगे।

## आरएफडी लीग में यूनाइटेड एससी और जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने खेला ड्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के अपने दूसरे मैच में जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने यूनाइटेड एससी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 0-0 से ड्रा खेला. शुरुआत से ही जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने मजबूत आक्रमण का प्रदर्शन किया और कई अवसर बनाए. हालाँकि, यूनाइटेड एससी की डिफेंस काफी अच्छी रही. पोजेशन पर हावी होने और मौके बनाने के बावजूद, जमशेदपुर एफसी रिजर्व पहले हाफ में कोई गोल नहीं कर सकी. दूसरी ओर, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, युनाइटेड एससी ने अपने हमले शुरू किए और जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स की डिफेंस की कड़ी परीक्षा ली. हालाँकि, अपने गोलकीपर के नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी रिजर्व की मजबूत रक्षात्मक रेखा दृढ़ रही और यूनाइटेड एससी को किसी भी तरह का कोई मौका नहीं दिया. जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स अब अपना ध्यान 9 मार्च को कालीघाट मिलन संघा के खिलाफ अपने अगले मैच पर केंद्रित करेगी।

## पटमदा बाजार में सांसद निधि से स्वीकृत शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के सांसद निधि से स्वीकृत पटमदा बाजार दुर्गा मंदिर के सामने शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को मां दौड़ासिनी मंदिर के पुजारी विजय सिंह ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर की। भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त ने बताया कि श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पटमदा बाजार के पदाधिकारियों के अनुरोध पर सांसद निधि से शेड निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बेसरा, सरत सिंह सरदार,मंटु चरण दत्त, महाबीर महतो, मुचिराम बाउरी,फुलचांद महतो, सुनील महतो, मुखिया परमेश्वर सिंह, श्वेतवाहन सिंह, दीपक दत्त, डॉ तारापद सिंह, भवानी दास, राजेश दास, पतितपावन दत्त, शशधर दास आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल के साथ चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिरसानगर थाना क्षेत्र से चोरी गए बुलेट मोटरसाइकिल को 2 माह बाद पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस को मोटरसाइकिल सहित चोर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।घटना 23 जनवरी की है। बिरसानगर जोन नंबर चार मधुर पथ के रहने वाले केशव कुमार सिन्हा ने बिरसानगर थाना में लिखित शिकायत की थी कि रात्रि 9ः30 बजे घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गई थी। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने अनुसंधान शुरू की, जिसमें दो माह बाद पुलिस को सफलता



मिली।गुप्त सूचना के आधार पर कमपुट बस्ती घोड़ाबंधा के रहने वाले अजय कर्मकार को पुलिस ने हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि उसने ही मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मोटरसाइकिल बरामद की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भविष्य को आकार देने में शिक्षा अहम : ऋषभ गर्ग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के एक्सओएल के पीजीडीएम बैच की ओर से उत्साह 2024 का आयोजन किया. जिसमें एक्सओएल 24 व 25 बैच के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान अकादमिक डीन डॉ. संजय पात्रो ने बताया कि उत्साह एक प्रकार का सांस्कृतिक आयोजन है, जिसके जरिए छात्रों के बीच टीम वर्क और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने भविष्य को आकार देने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार पूर्वक अपनी बातों को रखा. आज की वैश्वीकृत दुनिया में सांस्कृतिक जागरूकता काफी आवश्यक है. उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों से पर्सनल व प्रोफेशनल जीवन में एथिक्स का पालन करने का आह्वान किया. उद्घाटन समारोह




के बाद स्टैंडअप कॉमडी नाइट का आयोन किया गया. जिसमें सत्यब्रत महापात्र ने अपनी कॉमेडी के जरिये सभी को खूब हंसाया. उपस्थित लोगों ने रितिक रिलैक्स्ड लॉन गेम्स के माध्यम से बचपन के लापरवाह दिनों को याद करते हुए, दिल को छूने वाली पुरानी यादों में खो गये।

## विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में एआई टूल्स एंड एप्लीकेशन फॉर एकेडमिक डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में आज से आर्टिफिशियल इंटेलिज टूल्स एंड एप्लीकेशन फॉर एकेडमिक डेवलपमेंट की पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। एआई लैब कोलकाता से आए विशेषज्ञ डॉ सरोज एवम इंजीनियर शिव दास पांच दिवसीय सत्र लेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत एडमिनिस्ट्रेटर सौम्य दीप ने किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवम बुके दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा रायचौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में जेनिथ ऑर्डर के चैतन्य ध्रुव और एस डी एम वी आई एस से आई प्रिंसिपल दिव्या तन्ना और शिक्षिका बलजीत



कौर भी भाग ले रहे हैं। स्कूल के सभी शिक्षक एवम नॉन टीचिंग स्टाफ इस ट्रेनिंग को ले कर काफी उत्साहित हैं । आज के सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है तथा यह अब तक के प्रयोग किए जाने वाले ट्रेडिशनल प्रोग्रामिंग से कैसे अलग है, इसकी विभिन्न माध्यमों द्वारा जानकारी दी गई।

## आलोक कुमार ने किया दुर्गापूजा मैदान निर्माण कार्य का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार द्वारा मंगलवार को एस टाइप दुर्गापूजा मैदान में चल रहे रास्ते के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्य मे गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। इस दौरान कॉलोनी वासियों द्वारा समाजसेवी संजीव कुमार सिंह उर्फ बबुआ सिंह, मंजू देवी व दिनेश सिंह उर्फ बबलू के नेतृत्व में प्रशासक को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कॉलोनी वासियो ने उन्हें इस मैदान की सुंदरता के लिए वाटर हार्वेस्टिंग लगाने, मैदान के चारों कोने में हाईमास्क लाइट लगवाने, चाहरदीवारी व गेट का निर्माण कराने का आग्रह किया। अपर नगर आयुक्त ने शीघ्र ही इसके लिए प्राक्कलन बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिवक्ता संजीव कुमार, नीरू सिंह, रंजन उर्फ टूटू, ओम प्रकाश उर्फ सोनू, अनिल कुमार चौधरी, ललन, राजा घोष, हेमंत ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने टिनप्लेट चौक पर चलाया संकल्प पत्र सुझाव अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जमशेदपुर अंतर्गत पुर्वी विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत- मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया। इस दौरान गोलमुरी मंडल अंतर्गत टिनप्लेट चौक पर आयोजित संकल्प पत्र सुझाव अभियान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अपने बहुमूल्य सुझावों को सुझाव पेटी में जमा किया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, अभियान के जिला संयोजक अनिल मोदी, पुर्वी विधानसभा संयोजक मंजीत सिंह समेत पार्टी के वरीय नेतागण व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के दौरान कई लोगों ने क्षेत्रीय भाषाओं में सुझावों को जमा किया।मौके पर सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा में लोगों के सुझावों को एकत्रित करने के लिए वृहद रूप में अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे पीएम नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने का है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थल के सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड क्षेत्र चांडिल के भुइयांडीह गांव में मंगलवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो व चांडिल जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति स्थल का सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का उद्घाटन किया. मौके पर विधायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मूर्ति खुला आसमान पर था जिसपर विधायक निधि से करीब 4 लाख 27 हज़ार रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य किया गया. इस अवसर पर पूर्व जिप सदस्य ओमप्रकाश लायेक, झामुमो के केंद्रीय सदस्य क़ाबलु महतो, दिलीप महतो, राजू मांझी, करण हांसदा, बादल महतो, शिवशंकर लायेक आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के देखभाल के लिए ट्यूब्स डिवीजन ने क्रेच सुविधा मुस्कान का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुस्कान नाम की एक क्रेच सुविधा का उद्घाटन आज रुचि नरेंद्रन ने ट्यूब्स डिवीजन के कार्यकारी प्रभारी संजय एस साहनी की उपस्थिति में किया, जो श्रमिकों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ट्यूब्स डिवीजन के जनरल ऑफिस बिल्डिंग के बगल में स्थित है।उद्घाटन समारोह में टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, महासचिव सतीश कुमार सिंह, ट्यूब डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी प्रीति एस साहनी, यूनियन कमेटी के सदस्य, महिला कर्मचारी



और युवा माता-पिता भी उपस्थित थे। ट्यूब डिवीजन के 10 बच्चों को रखने की क्षमता के साथ 2400 वर्ग फुट से अधिक में फैला, मुस्कान-क्रेच 6 महीने से 10 साल की उम्र के बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरक्षा, आराम और आधुनिक डिजाइन का प्रतीक है। क्रेच सुबह 8ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे (सोमवार से शनिवार) के बीच खुला रहेगा। यहां बच्चे समर्पित देखभाल करने वालों की देखरेख में सीख सकते हैं, खेल सकते हैं और बढ़ सकते हैं।

## तेज रफ्तार कार मिठाई दुकान से टकराई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एमजीएम थाना क्षेत्र के डिमना चौक पर एक मिठाई की दुकान के खंभे से तेज रफ्तार कार टकरा गई। मंगलवार को सुबह हुए इस हादसे में चालक घायल हो गया है। खंभा भी टेढ़ा हो गया। कार खंभे से टकराने के बाद मिठाई की दुकान की दीवार से टकरा गई। इससे दुकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर कार के कई टूटे हुए पार्ट्स भी गिर गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इलाके के लोगों का कहना है कि अगर दिन में यह घटना होती तो काफी नुकसान हो सकता था। किसी की जान भी जा सकती थी। लोगों का कहना है कि यातायात विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

## टाटा स्टील एकादश ने एडिटर्स एकादश को 42 रन से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कीनन स्टेडियम में खेले गए एक दोस्ताना मैच में टाटा स्टील एकादश ने एडिटर्स एकादश को 42 रन से हरा दिया। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में आयोजित टी20 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए टाटा स्टील एकादश ने दो विकेट पर 174 रनों का स्कोर खड़ा किया। रितुराज सिन्हा ने 18, तामिर शाहिद ने 37, अमर सिंह ने 27, शुभोजीत मुखर्जी ने 30 और रतन कुमार ने 14 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए



एडिटर्स एकादश की टीम नौ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। रणधीर ने 70 रनों की पारी खेली। चाणक्य ने 20 रन बनाए। डॉ आसिफ ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। सफी जमा ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। डॉ आसिफ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों पर बीजेपी का फोकस

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही अभी नहीं हुआ हो लेकिन बीजेपी समेत दूसरे सियासी दल रणनीतिक तैयारी में जुटे हैं। खास बात ये है कि केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी ने कांग्रेस समेत दूसरे दलों को चौंकाते हुए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी। इस लिस्ट के लिए बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की मैराथन बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अलग-अलग राज्यों के कुल 195 कैंडिडेट्स का नाम घोषित किया गया। हालांकि, उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में शामिल भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने 24 घंटे बाद ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। भले ही पवन सिंह चुनाव लड़ने से मना कर चुके हों लेकिन बीजेपी ने उम्मीदवारों के सेलेक्शन कई बातों पर ध्यान दिया है। बीजेपी की पहली लिस्ट पर गौर करें तो पार्टी आलाकमान ने उम्मीदवारों के चुनाव में जीत को प्राथमिकता दी है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चुनाव में बीजेपी के लिए 370 सीटों पर जीत का टारगेट सेट किया। पार्टी नेतृत्व भी इस लक्ष्य को हासिल करने में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहता। यही वजह है कि पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की लिस्ट में 20 फीसदी मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए हैं। अकेले दिल्ली की 5 सीटों पर घोषित उम्मीदवारों में 4 के टिकट काटे गए हैं। इसके अलावा विवादित बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में आए सांसदों को भी झटका लगा है। मौजूदा सांसदों में से करीब 20 फीसदी को खराब प्रदर्शन और जीत की कम संभावनाओं के चलते टिकट नहीं दिया गया है।दिल्ली की बात करें तो यहां लोकसभा की 7 सीटें हैं। आगामी चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन का ऐलान किया है। ऐसे मुकाबला और दिलचस्प हो गया। बदले सियासी हालात को देखते हुए पार्टी ने दिल्ली में, पांच में से चार मौजूदा सांसदों को बदल दिया है। पूर्वी दिल्ली से क्रिकेटर से नेता बने गौतम गंभीर, जिन्होंने इस बार खुद ही चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। उधर सिंगर हंस राज हंस को भी उम्मीदवार नहीं बनाया गया। मीनाक्षी लेखी का टिकट कटने से जरूरी कुछ लोगों को आश्चर्य लगा, लेकिन उनकी जगह लेने वाली बांसुरी स्वराज एक राजनीतिक खानदान से आती हैं। वो सुषमा स्वराज की बेटी हैं। उन्हें टिकट मिलना जरूर पीएम मोदी के परिवारवाद की राजनीति के रुख के खिलाफ जाती है।अपने पिता की विरासत और मोदी लहर के दम पर दो बार सांसद रहे प्रवेश साहिब सिंह वर्मा भी इस दौरान कोई खास छाप नहीं छोड़ पाए। विवादित बयानों की वजह से उन्हें भी बीजेपी की लिस्ट में जगह नहीं मिली। लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे करने वाले और स्वास्थ्य मंत्रालय से हटाए गए हर्षवर्धन को भी टिकट से वंचित कर दिया गया है। इसी के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा भी कर दी। वहीं सांसद दानिश अली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी करने के कारण प्रमुख गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी का भी टिकट इस बार कट गया। दिल्ली में बीजेपी ने केवल मनोज तिवारी पर फिर से भरोसा जताया और सांसद रहते हुए एक बार चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया है। विवादित बयानों के चलते भले ही दिल्ली में सांसदों के टिकट कटे हों लेकिन यूपी में ऐसा कुछ भी देखने को मिला। इससे ऐसा लगता है कि पार्टी का पूरा फोकस जीत के गणित पर है। यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व जातिगत वोटों पर प्रभाव के चलते साक्षी महाराज और साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। इनके अलावा अजय मिश्रा टेनी को किसानों के विरोध प्रदर्शन में उनके बेटे की कथित संलिप्तता के बावजूद मजबूत उम्मीदवारी के चलते खीरी से फिर टिकट दिया गया है। दूसरी ओर, 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में आरोपी प्रज्ञा ठाकुर को भोपाल सीट से उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। पिछली बार उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को हराया था। टिकट कटने वालों में पूर्व वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा का भी नाम है। उन्होंने अपनी हजारीबाग सीट से दावेदारी को लेकर पहले ही पीछे हटने का क्लियर मैसेज कर दिया था। मशहूर हस्तियों में, भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह, जो शुरू में पूर्वी उत्तर प्रदेश से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से मैदान में उतारा। हालांकि, अब उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया। हालांकि, एक अन्य लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव %निरहुआ% एक बार फिर आजमगढ़ सीट दावेदारी करते नजर आएंगे। बीजेपी ने अलग-अलग पार्टियों से आए दिग्गजों को भी चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें ज्योति मिर्धा का नाम शामिल है जो कांग्रेस छोड़कर आई हैं। कांग्रेस से आए कृपाशंकर सिंह, गीता कोड़ा, अनिल एंटनी को भी टिकट मिला है। वहीं बीएसपी से आए रितेश पांडे और टीएमसी छोड़कर बीजेपी में आए सौमेंदु अधिकारी का भी नाम पार्टी की पहली लिस्ट में शामिल है। लोकसभा में अपनी संख्या बढ़ाने के लिए, बीजेपी ने कुछ प्रमुख राज्यसभा सदस्यों को भी उम्मीदवार बनाया है। इनमें केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन प्रमुख हैं, जो केरल से चुनाव लड़ेंगे।

# प्राथमिक क्षेत्र के विकास के लिए हो रहा सामूहिक प्रयास



**बिजय कुमार ठाकुर**
**एपीआरओ, पलामू**

ज्ञान-विज्ञान को अधिकाधिक लोगों तक विस्तारित किए जाने के प्रत्यक्ष फायदे हैं। खेती-किसानी से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मामलों में भी अनुभवों को साझा किए जाने के बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं। दुनिया के विकसित देशों की अपेक्षा भारत के किसान उन्नत कृषि के प्रति उतने संवेदनशील नहीं हैं। एक तो जानकारी की कमी, दूसरे अनुभवों को खुले तौर पर साझा न किए जाने की मानसिकता के कारण कृषि यहां उद्यम के तौर पर विकसित नहीं हो सका है, जबकि हमारी आबादी का सबसे बड़ा भाग आज भी कृषि एवं प्राथमिक क्षेत्र पर ही आश्रित है। अब प्राथमिक क्षेत्र के विकास के लिए सामूहिक प्रयास किया जाने लगा है, जिसका सकारात्मक असर दिख रहा है। पलामू का क्षेत्र सुखाड़ग्रस्त के तौर पर जाना जाता है एवं इस इलाके के अधिकांश किसान इसी मानसिकता से ग्रस्त होकर कृषि क्षेत्र के नवाचारों से दूरी बनाए हुए हैं। कुछेक युवा किसानों के द्वारा नकदी फसलों एवं फलों का उत्पादन किया जा रहा था। वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर की समस्या का आकलन किया जा सकता है। मार्केट लिंकेज के लिए दूसरों पर निर्भरता के कारण उपज के उचित मूल्य मिलने में खासी परेशानी थी। एक्सटेंशन-वर्कर हो या कृषि वैज्ञानिक या विशेषज्ञ, उनसे भी रूटीन कार्यों के अतिरिक्त कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही थी, लेकिन वर्तमान समयकाल में स्थिति, परिस्थिति बदली है। सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संबंधित विशेषज्ञों, नवाचारी युवा किसानों, कृषि विभाग के कर्मियों एवं संबंधित विभागों/बैंकों/वन विभाग की आपसी तालमेल और सहयोग तथा नई तकनीकों, पद्दितयों, फसलों को अपनाने के लिए किसानों की हौसला अफजाई किये जाने के बेहतर परिणाम भी दिखने लगे हैं। पलामू प्रमंडल के किसान फलदार पौधों के अलावा औषधीय पौधे, मौसमी सब्जियों की उन्नत खेती कर मिसाल कायम कर रहे हैं। अपनी खेत में खेती की बात हो, लीज पर खेत लेकर खेती करने की बात हो या फिर मनरेगा एवं निति आयोग की सहयोग की। सीजन अनुरूप भिन्न-भिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन कर किसान अपनी आमदनी दोगुनी-तीगुनी करने का सपना साकार कर रहे हैं। सरकार एवं स्थानीय प्रशासन आमजनों के साथ-साथ प्राथमिकता क्षेत्र कृषि में काम करने वाले किसानों की समस्याओं का सामाधान करते हैं। किसानों के हितार्थ कार्य, वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी -कर्मी किसानों के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन कर तथा उनके खेतों में जाकर प्रेरित एवं उन्नत खेती के लिए जागरूक किये जाने का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कम बारिश वाला क्षेत्र होने के बावजूद कृषि कार्य के लिए किसानों का हौसला मजबूत हुआ है और वे कृषि में इनोवेटिव कार्य कर रहे हैं। वहीं प्राइवेट इन्वेस्टर्स भी कृषि एवं फलदार पौधों की खेती के लिए कदम बढ़ाया है। पलामू प्रमंडल के किसान कृषि के क्षेत्र में अलग-अलग प्रयोग कर खेती में नई इबारत लिख रहे हैं। कहीं पिपरमिंट, पामारोजा, तुलसी, लेमनग्रास आदि औषधीय पौधों की खेती, तो कहीं काला धान, हरा धान, लाल धान, काला गेंहू, काला आलू, सुगर फ्री आलू, ब्रोकली, लोबिया, स्वीट कॉर्न, चिप्स बनाने वाला चिपसोना वैराईटी का आलू के साथ-साथ किसान फलदार पौधों, तो कहीं फूलों की खेती से मुनाफा कमाने में जूटे हैं। मोटे अनाज की खेती के लिए भी किसान पारंपरिक विधियों से हटकर वैज्ञानिक एवं तकनीकी विधि की ओर बढ़े हैं। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के दंगवार डुमरहाथा गांव के प्रियरंजन सिंह एवं अन्य किसानों ने पिपरमिंट, पामारोजा, तुलसी, लेमनग्रास, शुगर फ्री एवं चिपसोना वैराईटी की आलू तथा काला धान, लाल धान, हरा धान, काला गेहूं, लाल भींडी का उत्पादन कर नई पहचान बनाये हुए हैं। पंडवा प्रखंड क्षेत्र निवासी ओंकार नाथ एवं अन्य किसानों द्वारा झरी, अहोरी आदि गांवों में लेमनग्रास एवं कुसुम आदि औषधीय पौधों एवं पोषक तत्वों से भरपूर चीजों तथा तुकबेरा गांव निवासी कपिलदेव ठाकुर नींबू की खेती कर बेटे को इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराना क्षेत्र के लिए चर्चा में हैं। वहीं मेदिनीनगर सदर प्रखंड के खनवा गांव के गोपाल महतो एवं अन्य किसानों के साथ-साथ जिले के अन्य कई गांवों के किसानों ने ब्रोकली एवं अन्य सब्जियों तथा खामही एवं रजडेरवा के किसान सालोंभर उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमाने में जुटे हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। फलदार पौधों से मुनाफा की बात करें, तो हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटकोंबा गांव में अजय मेहता एवं उनके साथियों ने थाई वैराईटी अमरूद के उत्पादन में सफलता अर्जित की है। वहीं हरिहरगंज में दीपक मेहता, शुभम आदि किसानों ने स्ट्रॉबेरी की खेती से पहचान बनाई है। संतोष कुमार ने हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। स्ट्रॉबेरी की खेती पलामू जिले के कई हिस्सों के साथ-साथ गढ़वा जिले में भी की जा रही है। इसके अलावा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नीलांबरपुर-पीतांबरपुर में किसानों ने मल्टिलेयर फॉर्मिंग शुरू की है। पलामू के चैनपुर प्रखंड एवं गढ़वा जिले के भवनाथपुर एवं मेराल के किसानों ने फूलों की खेती में जोर आजमाइश कर रहे हैं। गढ़वा जिले में भी उचरी ग्राम के किसानों ने भी शुगर फ्री आलू का उत्पादन शुरू किया है। मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत जोरकट गांव में सेब की व्यवसायिक खेती की जा रही है। इसकी बुनियाद प्राइवेट इन्वेस्टर्स गोपाल लाल अग्रवाल के पुत्र उमेश अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, व अजय अग्रवाल द्वारा रखी गयी है।इसके अलावा लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के किसानों ने मडुआ एवं गुदली आदि की खेती की जा रही है। पलामू प्रमंडल के किसानों को मोटे अनाज एवं पौष्टिकता वाली खेती के लिए भी प्रेरित व प्रोत्साहित की जा रही हैं, ताकि उनका सेहत अच्छी रह सके।क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी में संतरा, मौसमी, नींबू जैसे रसदार फलों की खेती की गई है और किसानों को रसदार फलों की खेती के लिए प्रेरित कर खेती प्रारंभ कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। रसदार फलों की खेती के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी में नर्सरी भी तैयार की जा रही है। रसदार फलों की खेती को अब मनरेगा योजना से भी जोड़ा गया है, ताकि इसका विस्तार हो सके। इसके अलावा यहां आंवला एवं उच्च किस्म की अमरूद लगाया गया है, जिसमें फल भी लगे होते हैं। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, चियांकी के माध्यम से भी पलामू प्रमंडल के किसानों को फसलों में बीज उत्पादन एवं बीज उपचार का प्रशिक्षण देकर अच्छी आमदनी के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। यहां के कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को उन्नत एवं फायदे वाले फसलों को लगाने हेतु जागरूक एवं प्रेरित भी किया जाता रहा है, ताकि किसानों को मुनाफा हो। साथ ही फसलों का उन्नत बीज उपचार कर उपलब्ध कराये जाते हैं, ताकि पलामू प्रमंडल के किसान भाई उपचारित बीज बोकर अधिक उत्पादन ले सकें।इधर, नीलांबर-पीताम्बरपुर में एशिया प्रसिद्ध कुंदरी लाह बगान को वन विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग व झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के अभिसरण से लाह/लाख का उत्पादन सखी मंडल की दीदियों की मदद से प्रारंभ की गई है।

दृष्टि कोण

# राहुल की यात्रा ने जबसे कदम आगे बढ़ाये हैं तबसे उनकी पार्टी पीछे जा रही है

राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय



यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है। कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी, लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। राजद विपक्ष में आ गई। उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गोला की दिव्यांग सुषमा को मिला भारत का पहला सूचना पेनियोर थर्ड पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन के द्वारा दो दिवसीय महोत्सव ग्रामीण उद्यमिता और डिजिटल सशक्तिकरण महोत्सव आरईडीईएफ का आयोजन विवेकानंद सेवा केंद्र एवं शिशु उद्यान (वीएसएसयू), पश्चिम बंगाल में किया गया,। बताते चलें की पिछले 22 वर्षो से झारखंड समेत भारत के 26 राज्यों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे एवं फेक न्यूज ,साइबर क्राइम के प्रति बचने की उपाय बताने वाले 2000 सूचना प्रेन्योर केंद्र के माध्यम से ग्रामीण भारत में डिजिटल सशक्तिकरण के साथ-साथ समुदाय के सभी वर्गो को डिजिटल सेवाएं मुहैया करा उनके हक अधिकार ,डिजिटल तकनीक के माध्यम से दिलाने में प्रयासरत है सुचना पेनियोर , वीएलई सहित कई डिजिटल कर्मियों को प्रोत्साहित करने को लेकर डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन संस्था के द्वारा भारत में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का सूचना पेनियोर पुरस्कार समारोह आयोजन किया गया ।आज तक डिजिटल कर्मियों के लिए पूरे देश पहली बार किया गया है इस तरह के आयोजन का खास मकसद यह है कि आने वाले





दिनों में डिजिटलकरण का व्यापक पैमाने पर सशक्तिकरण हो जिससे हर ग्रामीण वंचित पिछड़े वर्गों को इसकी लाभ सुलभ तरीके से मिल पाए ।इस लिए प्रोत्साहित करने को लेकर किया गया जिसमें देशभर के सभी राज्यों के एक हजार से अधिक डिजिटल कर्मियों ने आवेदन पिछले साल ही किया गया था। जिसकी जूरी राउंड के द्वारा सेलेक्शन प्रक्रिया किया गया ।यह पुरस्कार तीन कैटेगरी में बांटा गया।दिव्यांग ,महिला एवम पुरुष शामिल है अतिम 42 सूचना पेनियोर का चयन किया गया ।जिसमे प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय पुरस्कार 40000 तृतीय पुरस्कार 30000, बेस्ट ऑफ सूचना पेनियोर एवं आईकॉन को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया । इस बाबत। झारखंड की रामगढ़ जिला गोला प्रखंड गोला बयांग निवासी दिव्यांग सुषमा कुमारी जबकि गिरिडीह बिरनी निवासी किरण कुमारी ने तीसरा स्थान एवम बेस्ट ऑफ सूचना पेनियोर इटकी रानी खटंगा निवासी तमन्ना प्रवीण को लैपटॉप देकर सम्मानित संस्था के फाउंडर डायरेक्टर ओसामा मंजर सहित कई अतिथियों के द्वारा उन्हें 30000 का चेक प्रशस्ति पत्र एवम 200 आवेदन कर्ताओं को भी उन्हें भी संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ताकि आने वाले कल में वह डिजिटल के सभी कार्यों में बढ़-चढ़ के हिस्सा ले सके और ग्रामीणों को डिजिटल करण की आधारभूत संरचनाओं का लाभ दिला सके । जिसके बदौलत आज हम अपने मुकाम को हासिल किए हैं। इससे प्रतीत होता है कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है। अगर दिव्यांग लोग ठान ले और कंधे से कंधे मिलाकर चलकर अपने मिसाल कयाम कर सकते हैं। इस लिए मैं डीईएफ कोटि कोटि नमन करती हूं। कार्यक्रम में पूरे देश से पहली बार दो हजार सूचना पेनियोर एवम डिजिटल कर्मी एक मंच में शिरकत किए । और अपनी विचारो को साझा किया। वही डीईफ द्वारा लिखी गई तीन पुस्तकों का आलोकन किया गया।

## गिद्दी में संयुक्त मोर्चा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी में संयुक्त मोर्चा की एक आवश्यक बैठक गुड्डु यादव के आवास पर डीएवी के मुद्दे पर की गई। जिसकी अध्यक्षता बैजनाथ मिस्त्री एवं संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया । बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जो डीएवी प्रबंधन द्वारा मनमाने ढंग से फीस में वृद्धि की जा रही है वह बिल्कुल असामाजिक और अनैतिक है। विद्यालय के नाम पर डीएवी प्रबंधन जो रकम वसूलने की तैयारी अभिभावकों से कर रहा है उसके बदले ना वह बच्चों को पढ़ने के लिए सक्षम शिक्षक की व्यवस्था कर पा रहा है और ना ही उपयुक्त संसाधन दे पा रहा है। संयुक्त मोर्चा निर्णय लिया कि इस संबंध में हर गद्दा क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर अपना विरोध दर्ज कराया जाएगा एवं उनसे आग्रह किया जाएगा की क्षेत्रीय सलाहकार समिति में दव के मुद्दे पर चर्चा पर चर्चा की जाए और उसमें डीएवी के प्रधानाध्यापक को भी बुलाया जाए और वहीं पर निर्णायक फैसला लिया जाए अन्यथा संयुक्त मोर्चा बाद देवकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। इस मौके पर पुरुषोत्तम पांडे, प्रशांत बेल्थरिया, रामजी सिंह, गौतम बैनर्जी ,मदन कुमार ,कमरुद्दीन खान ,मुस्तफा खान ,सुशील कुमार सिन्हा , निकेश प्रताप सिंह,जगदीश बेदिया, गुड्डु यादव ,कुंजीलाल प्रजापति, वीणा सिन्हा, बलविंदर कौर बिरजू साह ,पवन कुमार, रविंद्र कुमार मौजूद थे।

## सांकी एवं पाली पंचायत में जेबीकेएसएस पंचायत कमेटी का विस्तार किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** जेबीकेएसएस के तत्वाधान में सांकी एवं पाली पंचायत में पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों का चयन भी किया गया।पाली पंचायत से संरक्षक राजेश महतो,अध्यक्ष पवन कुमार,उपाध्यक्ष सतेंद्र बेदिया,सचिव संजय कुमार बनाए गए,वही साकी से अध्यक्ष दीपक उरांव,उपाध्यक्ष इंद्रजीत उरांव,सचिव रवि उरांव,कोषाध्यक्ष युगल उरांव तथा मीडिया प्रभारी प्रभात उरांव बनाए गए। इस कार्यक्रम में जनसंपर्क अभियान के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस को मजबूती प्रदान करने की बात कही गई।सैकड़ों लोगों ने टाइगर जयराम महतो का साथ देने की बात कही।बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव राजेंद्र बेदिया, गिरिशंकर महतो, अंजन कुमार महतो, गोपाल महतो, रमेश महतो, छोटेलाल महतो, संजीव साहू, राजेश महतो, आर्यन टोप्पो, बाबूलाल महतो, रवि उरांव, दीपक उरांव आदि सैकड़ों जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोविंदपुर टकाहा में पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के मांडू गोविंदपुर टकाहा में पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने माला पहनाते हुए बुके देकर स्वागत किया। मांडू दूधी नदी से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने जल लेकर गोविंदपुर टकाहा पहुंचे जिसमें



रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुई। वहीं ब बनारस से आए अनुरूधा शुक्ला पांडा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना प्रारंभ किया गया शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में शामिल मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम ,अमरेंद्र कुमार गुप्ता ,मनोहर गुप्ता, आरती देवी ,पूर्व मुखिया फूलमती देवी, शामिल रही। वही कमेटी के अध्यक्ष वासुदेव गंजू उपाध्यक्ष सुनील भोक्ता सचिन जागेश्वर महतो कोषाध्यक्ष विनोद महतो उपकोषाध्यक्ष शैलेंद्र महतो आदि लोगों की महायज्ञ को सफल बनाने में भूमिका सराहनीय रही।

## भाजपा रामगढ़ विधान सभा कोर कमिटी की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित, रामगढ़ विधान सभा कोर कमिटी की बैठक होटल ट्वीट में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा प्रवीण मेहता ने कि इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी शशि भूषण भगत, हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुडू गोप का मार्गदर्शन उपस्थित कार्यकर्ताओं का हुआ। रामगढ़ विधानसभा के निमित्त संयोजक के रूप में चंद्रशेखर चौधरी एवं सह संयोजक रंजीत पांडे , एवं कोर कमेटी के सदस्यों ने इस बैठक में भाग लिया। चुनाव प्रबंधन समिति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई, एवं सभी प्रमुख साथियों का समायोजन हो सके, इसका मार्गदर्शन उक्त नेताओं द्वारा दिया गया।भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जी को भारी मतों से जीतने हेतु संकल्प कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया और इस बार हजारीबाग लोकसभा से 5 लाख से अधिक बातों से हम चुनाव जीतें, इसकी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हुई।चुनाव प्रबंधन समिति मे सभी विभाग सह जिम्मेवारी,सभी कार्यकर्ताओं को लगने हेतू, चर्चा किया गया। इस अवसर पर राजू चतुर्वेदी, छोटन सिंह, उमेश प्रसाद,विजय जायसवाल ,आनंद बेदिया , दिनदयाल कुमार,विजय ओझा, दीनबंधु पोद्दार, इंद्रदेव शाहू, दीपक सोनकर ,मनोज महतो, त्रिलोचन प्रजापति, आदि लोग उपस्थित रहे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने चट्टानी एकता दिखाने के लिए बुलाई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के रांची रोड पंचवटी हॉल में पिछड़ा वर्ग (OBC) एकता अधिकार मंच केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के मार्ग दर्शन द्वारा बैठक किया गया। जिसका संचालन प्रो राजेश प्रसाद ने किया। जिसका व्यवस्थापक भीम साहू ने किया। इस बैठक को संबोधित करते हुए लोगों से यह निवेदन किया कि आप अपने गांव स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक पूरे जोरों शोर से इस आंदोलन में हमारा साथ दे तथा साथ में उन्होंने लोगों को आमंत्रित किया कि 10 मार्च को रांची के हरमू मैदान में आ कर अपना चटानी एकता का परिचय देना है जिसमें आप सभी आए और अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई हम सब मिलकर लड़े। जिसमें मुख्य रूप से बड़े भाई विजय साहू , प्रभात साव, दीपक कुमार, सोनू प्रसाद ,नरेश महतो पवनकुमार , सूर्यकांत कुमार, परमेश्वर साहू ,जयराम साहू, दिनेशवर साहू, किशोर गुप्ता, हरेंद्र प्रसाद पप्पू यादव , हिमालय कुमार, जितेंद्र कुमार नरेश महतो ,हरि शंकर साहू , महेश ठाकुर ,राज कुमार व अन्य लोग शामिल थे।

## समाजसेवी मेघन गोप की माता चन्दवा देवी का निधन,शोक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरसुला निवासी समाजसेवी मेघन गोप की माता चनवा देवी उम्र लगभग 91 वर्ष का निधन मंगलवार को तड़के सुबह करीब 5 बजे अपने घर अंबा टोला गरसुला में हो गया। वें अपने पीछे पांच पुत्र जिनमें बड़ा पुत्र मोहन गोप,मेघन गोप,देवचरण गोप, मनोज गोप, संजय गोप,चार पुत्री सभी शादी शुदा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। वहीं मंगलवार शाम को दामोदर नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया जहां मुखाग्नि छोटे पुत्र संजय गोप ने दिया। वहीं उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया। शोक व्यक्त करने वालों में झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, गजानंद प्रसाद, प्रवीण साव,नेपाल यादव, दिलीप दांगी, मनोज राम, मुखिया तिलेश्वर साव, जगदीश साव, मुखिया छक्कन बेदिया, भोला यादव, किशोर यादव,सरोज यादव, जागेश्वर गोप, राजकुमार सिंह, कैलाश महतो, कर्मवीर सिंह, गिरजा सिंह, रामनरेश सिंह, तापेश्वर सिंह रोहित यादव, रामविलास गोप, सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन की बैठक सम्पन्न

## बलात्कारी संजय पांडेय को अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में दुर्गा सोरेन सेना के कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई। बैठक में भ्रष्टाचार, विकास एवम् गिरफ्तारी के मुद्दों को लेकर चर्चाएं किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने की। बैठक में मुख्य रूप से आंदोलन कारियों को सभी सुविधाऐं प्रदान करना, अंबुआ आवास सभी आंदोलनकारी को दिया जाना, अबुआ आवास में हो रहे भ्रष्टाचार को लगाम लगाना, गरीब एवम् असहायों को आवास उपलब्ध करवाना, वन विभाग से अवैध लकड़ी कारोबार पर रोक लगाना, खाद आपूर्ति विभाग समय से सभी को राशन उपलब्ध



करवाना, छूटे हुए लोगों को राशन कार्ड बनाया जाय नल जल योजना अधूरे कार्य को जांच कर पूर्ण किया जाए। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार को समर्थन देने पर चर्चा किया गया। साथ हीं भाजपा नेता संजय पांडे को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। उसे अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया गया। लावालौंग प्रखण्ड के पंचायत लामटा में जल नल योजना से बने टंकी की जांच कर उसे पूर्ण चालू कराया जाय। नहीं तो भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा ।बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू, जिला महासचिव संतोष नायक, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष श्री शिवशंकर यादव, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य प्रकाश राम, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार, नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी, सुरेश साहू, केशव साव, जगन्नाथ महतो, तिलक महतो, जसवंत साव, गणेश राणा, जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, मोहम्मद मजीद गंगाधर साव, रामेश्वर महतो, सुरेश यादव, बच्चन महतो, सुरेश गंझु, भगी महतो, गणेश महतो, लखन महतो, कैलाश, महतो मोहित, भारती संगीता देवी, शारदा देवी, अभो देवी, शांति देवी, नीलू देवी,सविता देवी, नूतन देवी, उर्मिला देवी, फागु महतो, जय नारायण प्रसाद, नजमा खातून, लीला यादव एवम् अन्य महिला/पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु समाहरणालय परिसर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर आज मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला स्वीप नोडल सह भू अर्जन पदाधिकारी चतरा वैभव सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनेश मिश्र समेत समाहरणालय परिसर में उपस्थित आम जन ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किया और मतदाताओं को जागरूक किया। लोक सभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाता निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। इसके लिए जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत स्तर, बैंक शाखा समेत अन्य जगहों पर अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वैसे मतदान केंद्र जहां मतदान प्रतिशत कम हैं वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## कैलाश धाम परोरिया को पर्यटन स्थल बनाए जाने से मयूरहंड का विश्व पटल पर होगा नाम : 20 सूत्री अध्यक्ष



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यटन के क्षेत्र में उभरता झारखंड में बहुत जल्दी एक और स्थल का नाम पर्यटन के रूप में विश्व भर के लोगों के सामने होगा। राजद कोटे से बनाए गए मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव अपनी टीम के साथ बीते सप्ताह राज्य के पर्यटन मंत्री हाफिज उल हसन से मुलाकात कर परोरिया गांव में स्थित कैलाश धाम मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का मुद्दा प्रमुखता के साथ उठाया था। हफीजुल हसन ने 20 सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव को 100 प्रतिशत आश्वासन देते हुए कहा था कि झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं इससे भी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जाएगा और चतरा जिले में पहले से ही माता भद्रकाली, कालेश्वरी पर्वत पर स्थित शक्ति की देवी मां भगवती का भव्य मंदिर है जहां पर सालो भर भक्तों के साथ-साथ पर्यटन में रुचि रखने वाले श्रद्धालुओं का भी का आना जाना लगा रहता है जो हमारे झारखंड वासियों को अनेकों खुशियां एक साथ दे जाती है।अब इस कड़ी में कैलाश धाम मंदिर भी जुड़ जाएगा इसके लिए मैं पूरी कोशिश करूंगा। 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र संवाददाता जयशंकर प्रसाद वर्मा से प्रभात मंत्र से बातचीत के क्रम में जानकारी साझा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी देने का काम किया श्री यादव ने इस दौरान कहा कि महाशिवरात्रि के दिन कैलाश धाम मंदिर में देवों के देव महादेव की भव्य पूजा की जाती है और इस दिन से करीब 15 दिनों तक यहां मेला लगा रहता है जहां पर दूर दराज से लोग व्यापार करने आते हैं और अच्छी खासी कमाई कर खुशी-खुशी अपने घर को लौट जाते हैं।आपको बता दें कि पर्यटन मंत्री कैलाश धाम मंदिर को पर्यटन स्थल बनाए जाने में दिलचस्पी लेने के बाद इसका थोडा क्रेडिट सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री किसुन दास को भी जाता है जिन्होंने बीते दिन विधानसभा के सत्र में उठाया था। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा की कैलाश धाम मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने से मयूरहंड प्रखंड वासियों की आर्थिक स्थिति में चौगुना वृद्धि होगी और मैं इसके प्रयास में लगातार लगा हूं।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज में प्रखंड से प्रदेश में पांच लोगों का किया गया चयन, अधिकारियों में हर्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों को प्रदेश कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के टीम में पांच लोगों का नाम चयन किया गया है। जिसे लेकर प्रखंड में खुशियां देखे जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने इस बात की पुष्टि की है। एवं जिला अध्यक्ष संजय पांडेय सचिव राजन पांडेय के द्वारा प्रखंड को ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई है। जिनका नाम निम्न प्रकार है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए यदुनंदन पांडेय विकास पांडेय बैजनाथ पांडेय अभिषेक पांडेय एवं मीडिया प्रभारी के लिए भूपेंद्र पांडेय का नाम लिस्ट में जारी किया गया है।

## शोक सभा का हुआ आयोजन सैकड़ो लोग पहुंचे

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारिसाखी के निवासी सह टाइल्स मार्बल व्यवसाय के साथ-साथ प्रख्यात समाजसेवी रामदेव यादव की सड़क दुर्घटना में 25 फरवरी को मौत हो गई थी। जिसका मंगलवार को दस गात्र का कार्यक्रम संपन्न हुआ। एवं शोक सभा का आयोजन किया गया जहां प्रखंड से लेकर जिला तक सैकड़ो समाजसेवी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी गण व ग्रामीण उपस्थित हुए।तथा यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।यादव जी का आत्म शांति के लिए कामना कीया।

## उप विकास आयुक्त चतरा ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ किया बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त चतरा पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई।समीक्षा बैठक में आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 की समीक्षा पीपीटी के माध्यम से की गई। सभी नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत अपने-अपने कोषांगों के दिए गए कार्यों का निवर्हन करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कर्मियों को प्रशिक्षण रोस्टर अनुसार समय समय पर बेहतर रूप से दिया जाय। आगे उन्होने सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रियाशील कोषांग जहां गठित की गई है वहां अपने कोषांगों में सभी कार्यो का निष्पादन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सहायतार्थ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अबुआ आवास में अनियमितता की जांच को लेकर लोगों ने डीडीसी को दिया ज्ञापन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उप प्रमुख प्रीतम यादव एवं जिला के पंचायत समिति संघ के लोगों ने अबुआ आवास में हो रहे अनियमिता को लेकर जिला उप विकास उपयुक्त पवन कुमार मंडल को ज्ञापन सोपा है।जिसमें लिखा है कि आवास विभिन्न एवं कच्चा मकान वाले व्यक्तियों को आवास मुहैया किया जाना था।किंतु जिला के सभी पंचायत द्वारा प्राथमिकता के आधार पर एवं वर्गवार ग्राम सभा से चयन किया गया। ग्राम सभा में प्राथमिकता के आधार पर चयनित लोगों से अलग व्यक्तियों का जीओ टैग लाभुक चयनित किया गया। जिसकी सूचना पंचायत समिति सदस्यों को नहीं है और कोई जानकारी नहीं है जिसे लेकर उप विकास आयुक्त से इन लोगों ने अनुरोध किया है कि जिसका भी जियो टैग किया गया है उसकी सूची प्रखंड के सभी पंचायत में उपलब्ध कराया जाए। ताकि स्पष्ट हो सके और अयोग लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ मिल सके। तथा पंचायत समिति सदस्य आम जनों को मदद करने की मौका मिल सके।

## सहायक व कनीय अभियंता की उपस्थिति में हुई पुल ढलाई में अनियमितता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय के समीप देवरी नदी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग से 80 लाख रुपए की लागत जिसका तीस प्रतिशत निचे लगभग 56 लाख रुपए की लागत से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी ढलाई कार्य मंगलवार को सहायक व कनीय अभियंता की मौजूदगी में की जा रही है बावजूद इसके ढलाई कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। जहां पुल की ढलाई पांच अनुपात एक के अनुपात में खुलेआम किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में उन्होंने बताया कि प्राक्कलन के अनुरूप ही ढलाई हो रहा है। बताते चलें कि पिछले 22 फरवरी को पुल ढलाई का काम हो रहा था जिसको लेकर स्थानीय सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने पुल में घटिया सामग्री लगाने की सूचना संबंधित कार्यपालक अभियंता को दी थी जिसपर कार्रवाई करते छत के बंधे हुए स्टील को निकाला गया इसके बाद कुछ 20 एम एम छड़ को बदलकर जिंदल स्टील लगाया गया बाकी उसी स्टील को ही बांधकर ढलाई की जा रही है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए यूथ मैराथन का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु आम मतदाताओं को विभिन्न स्तर से जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यूथ मैराथन दौड़ का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। यूथ मैराथन दौड़ जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्रङ्क छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी के द्वारा मतदान नारों का भी उदघोष किया गया।अभियान का नेतृत्व आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा किया गया।

## घर के पास खड़ा हुआ मोटरसाइकिल हुआ चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय के समीप एक घर के पास खड़े मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया ।इस संबंध में निर्मल यादव पिता राधे यादव ग्राम जावाबार थाना बरियातू निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह पिछले 10 वर्षो से बुनियादी विद्यालय के समीप किराए के मकान में रहते हैं ।बीते सोमवार की रात अपने घर के पास अपना मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच 03 वाई4552 ब्लू कलर का ग्लैमर को नित्य दिनों की तरह खड़ा किया हुआ था। जहां देर रात अज्ञात चोरों द्वारा उसे चुरा लिया गया ।बाइक की डिक्की में बैंक पासबुक समेत कई जरूरी कागजात भी था ।वह भी चोरी हो गया ।निर्मल यादव ने इस संबंध में बालूमाथ थाना आवदेन दिया है।जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## समाज को एक नई राह दिखानी है, रक्तदान को एक नई मुहिम बनानी है : दशरथ साहू



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट फॉर सेवा (एसएफएस) लातेहार, एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को गांधी इंटर कॉलेज लातेहार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव जावेद अख्तर ने कहा कि कॉलेज में एसएफएस के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर बहुत ही सराहनीय कार्य है, इस तरह के आयोजन से छात्रों में जागरूकता बढ़ती है,मैं यह भी यकीन के साथ कह सकता हूं कि जिस दिन प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में मात्र एक बार रक्तदान करना शुरू कर देगा तो उसी दिन से किसी की जान रक्त के अभाव से नहीं जाएगी, इस शिविर में लातेहार के तमाम सम्मानित जनता से अनुरोध करता हूं कि समाज कल्याण के लिए,इंसानियत के लिए वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य कीजिए।उक्त मौके पर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि रक्तदान महादान होता है धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी जिनको अभी भी रक्तदान करने से डर लगता है, तो हमारा कर्तव्य हैं कि हम उन्हें जागरूक करें। हमको यह भावना जन-जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है। शिविर में रक्तदान करने वालों में रक्तवीर जगमोहन पासवान, अरविंद कुमार, विष्णु लोहरा,मौके पर महाविद्यालय के कर्मी संजय कुमार पूनम कुमारी, कुमार ज्योति, अमित कुमार, अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार, अभिदित आनंद , रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू रक्तदान वाहन चालक सुरेंद्र बड़ाइक, समेत कई छात्र– छात्रा उपस्थित थें।

## योजना पदाधिकारी के खिलाफ संवेदक द्वारा आवेदन देने पर व्यक्तिगत रूप से किया जा रहा है टारगेट : अमित पांडेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के हेठपोचरा पंचायत के ग्राम हुटार मदुवाखांड टोला में डीएमएफटी फंड से कराये जा रहे निर्माणाधीन पुल का मामला बढ़ता जा रहा है। कभी संवेदक पदाधिकारी पर भुगतान करने के नाम पर पांच प्रतिशत मांग करने का आरोप लगा लगाया गया है। वहीं दूसरी तरफ पदाधिकारी पुलिया निर्माण में घटिया काम करने का दावा कर रहे हैं। एक टीम घटित कर जिला परियोजना पदाधिकारी सह प्रभारी डीएमएफटी संतोष भगत के नेतृत्व में जाँच किया गया।जहां जाँच टीम में आठ इंजिनियर मौजूद थे। जाँच के दौरान आपस में ही एक दूसरे पर कहा सुनी होने लगी। एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगाया जा रहा था मगर जाँच टीम के द्वारा यह अस्पष्ट नहीं किया गया कि काम सही है या गलत वहीं जांच होने की सूचना आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडे को मिली तो वे मौके पर पहुंच मामले को देखते हुए कहा कि जिस तरह से एक



पदाधिकारी के द्वारा संवेदक को एक तरफा लक्ष्य किया जा रहा है यह सरासर गलत है जबकी लातेहार जिले में डीएमएफटी फंड से बहुत सारे काम किये जा रहे हैं उनको जांच करने के बजाय एक आदमी को टारगेट में लेना यह चिंता का विषय बना हुआ है जबकि संवेदक के द्वारा जिले के उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया गया था कि योजना पदाधिकारी संतोष भगत के द्वारा भुगतान करने के नाम पर पांच प्रतिशत राशि कि मांग की जा रही है। इसकी जानकारी पदाधिकारी श्री भगत को मिलते ही इन्होंने संवेदक के अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता को टारगेट में लेते हुए उनकी योजनाओं को बारीकी से जांच की जा रही है जबकि पुलिया निर्माण के वक्त इंजीनियर भी वहां मौजूद थे अगर पुलिया निर्माण में घटिया काम हो रहा था तो उस वक्त इंजीनियर के द्वारा काम को बंद कर देना था लेकिन काम बंद करने के बजाय काम को चालू रखा गया इससे साफ स्पष्ट होता है कि पैसा दो काम करो का खेल चल रहा है।

**क्या कहते है पदाधिकारी :** जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत ने कहा कि प्रथम दृष्टया तो निर्माण कार्य में छड़ बीर और रुंगटा कंपनी का लगाई गई है। चिप्स का क्वालिटी सही नहीं लग रही है यह जांच का विषय है यहां अलग अलग विभाग से पांच इंजीनियर आए हुए हैं जांच कि प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद स्पष्ट हो जाएगा। अनियमितता पाये जाने पर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई कि जाएगी।

## मातृ शिशु स्वास्थ को लेकर सीएस ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों का किया निरिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के बालूभाँग, गोनिया, मकरा, बारियातू, मनातू सहित बालूमाथ के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र मे सीएस अवधेश कुमार सिंह, डीडीएम अखलेश्वर सिंह, आईडीपीएस वेद प्रकाश, डीपीसी आशीष डिन, यूनिसेफ़ के धन्यजय व बालूमाथ सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र वार निरिक्षण किया. निरिक्षण के क्रम मे उपकेंद्र मे पदास्थापित एएनएम, सीएचओ बीटीटी व सहिया साथी से गर्वती महिलाओं के पंजीकरण, केंद्र मे प्रसव, नियमित टिकाकरण सहित स्वास्थ्य सम्बंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी लिया. निरिक्षण के दौरान मातृ शिशु स्वास्थ्य के बारे कई तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया. वहीं जिस उपकेंद्र मे सीएनसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ है वैसे सम्बंधित स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनम, बीटीटी, सीएचओ व



सहिया साथी को ससमय कार्य पूर्ण करने का दिशानिर्देश दिया गया. पीएचसी बारिखाप मे सीपीएचसी मॉडल एमएनएस व ओईईई का चल रहे आठ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मे पहुँचकर सभी एएनएम, बीटीटी, सीएचओ व सहिया साथी से अपने-अपने कार्य क्षेत्र का रिपोर्ट दिखाकर कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. मौके पर बीपीएम मृतुन्जय कुमारी, बंधु उरांव, पंकज पाण्डेय, दिलीप दांगी सहित कई एएनम, सहिया साथी व सीएचओ मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 13 लाभुकों के बीच बकरी व बकरा का वितरण किया गया



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पशुचिकित्सा केन्द्र से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, प्रमुख उर्मिला देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशिला वागे ने संयुक्त रूप से 13 लाभुकों के बीच बकरी तथा बकरे का वितरण किया. इस सबंध में जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा के डॉक्टर वागे ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार लाभुक को 75 प्रतिशत के अनुदान पर एंव नौ लाभुकों को 90 प्रतिशत सब्सिडी पर चार- चार बकरी तथा एक- एक बकरा और दवा भी दिया गया। साथ ही कहा कि सभी बकरा- व कबरी का तीन वर्ष तक का इंशुरेंश किया गया है। बकरी-बकरा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है .इसलिए आप लोग बेहतर ढंग से बकरी पालन करें और अपना आय बढ़ाएं आगे कहा कि बकरी पालन किसानों के लिए एटीएम के समान होता है और वह जब चाहे इसे जरुरत के अनुसार बेच कर अपनी जरूरत पुरी कर सकते हैं. आगे उन्होंने सभी लाभुकों को अच्छी तरह से पशुपालन करने व आत्म निर्भर बनने के लिए अपील किया। मौके पर पशुचिकित्सा के बिनोद बैठा, के अलावा कई कर्मी लाभुक काजल कुमारी, मुमित्रा देवी, मनोज राम, प्रदीप राम, बनवारी राम, मेघलाल गंझू, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जयसवाल का बरहीवासियों का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हजारीबाग लोकसभा सीट से टिकट देते हुए उम्मीदवार घोषित किया है। जिसके बाद सांसद उम्मीदवार मनीष जयसवाल का हर तरफ से स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार संध्या मनीष जयसवाल का बरही की धरती पर आगमन हुआ। जिसका बरही वासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान भामाशाह स्कूल परिसर एवं भगवती मंदिर बरही में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहता हूं, भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय समिति का, जिन्होंने इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट से एक बेहतर और योग्य नेता को उम्मीदवार बनाया है। हमसबको इनको प्यार आशीर्वाद देकर वोट दिलाना है और अपना सांसद बना कर सदन भेजना है। वहीं सांसद उम्मीदवार मनीष जयसवाल ने कहा कि देश में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयार चल रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पड़ोसी देशों को शांत करने का कार्य किया है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है, 500 साल बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करवाया गया, कश्मीर में धारा 370 हटा, रोड का जाल बिछ रहा है, उज्ज्वला योजना के तहत माताओं बहनों को गैस सिलेंडर, किसानों को राशि दिया जा रहा है, ऐसे कई विकास का कार्य किए जा रहे है, ऐसे विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए एक बार फिर भाजपा पर भरोसा जताते हुए अपना बहुमूल्य वोट दे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के सपने को साकार करे एवं क्षेत्र के विकास का नीव रखे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, दिनेश सिंह राठौड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, अर्जुन साव, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, आकाश जयसवाल, शिवा निषाद, मुकेश मधेशिया, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, संतोष निषाद, बासुदेव यादव, दिनेश साव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मुखिया समशेर आलम, मुकेश राम, गोविंद साव, टिंकू आलम, अशोक यादव, रंजीत यादव, चौपारण मुखिया संघ के अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, राजेन्द्र चन्द्रवंसी, अभिषेक निषाद, अधिवक्ता सतीश यादव, हरी यादव, उपमुखिया बालेश्वर यादव, सहदेव यादव, रघु मोदी, सुरेश यादव, निरंजन केशरी, गोपाल राणा, विनोद यादव, मनोज यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, मनोज घोष, परमेश्वर यादव, मुन्ना यादव, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, सचिन यादव, नागेश्वर रजक, राजकुमार केशरी, युवा नेता इंद्रदेव यादव, नंदकिशोर कुमार, पिंटू केशरी, हरि गुप्ता, गणेश साव, बलराम केशरी, बिमला देवी, उषा देवी, रंजीत यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

## देश में बढ़ती बेरोजगारी चिंता का विषय

# आज हर युवा रोजगार के लिए हताश निराश : सिकंदर कुमार



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देश में चुनावी माहौल शुरू होने वाला है,देश की कई राजनीतिक पार्टिया जनता के समक्ष जाएगी और लोक लुभावने वादे कर उनका मत हासिल करने का प्रयास करेंगे,अभी देश में लोकसभा चुनाव हैं, उसके पश्चात कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं,आज देश में किसी भी चुनावी माहौल को बदलने में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है, युवा जिसे चाहे सत्ता में ला सकती और सत्ता से हटा भी सकती है,आज सरकारों के द्वारा युवाओं के रोजगार को लेकर उन्हें अनदेखी किया जा रहा है, आज हर एक युवा अपने रोजगार को लेकर हर वक्त हताश व निराश रहते है, मगर ना तो उन्हें सार्वजनिक व निजी क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त नहीं होते,आज देश का हर युवा अपने घर परिवार को चलाने के लिए कम पैसा में कार्य करने के लिए विवश है,आज भी देश के कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर नौकरी की आस में अपना उम्र पार कर रहे हैं,सरकारों के पास रिक्तियों की कमी नहीं है, मगर अफसोस हैं कि,वें समय पर परीक्षा न लेकर युवाओं को बेरोजगारी की दलदल में धकेल दे रहे है,आज देश व राज्यों में पेपर लिक़ की समस्या से युवा बेहद परेशान है,यहां देखा जाये तो युवा रोजगार की समस्याओं से जूझकर अब उनके समक्ष अपने,घर परिवार,के परेशानियो सें युवा अवसाद का शिकार हो रहे हैं ।

# मजदुरो की सुरक्षा से कोई समझौता नही : आफताब अहमद

## पिपरवार मे हुई त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में मंगलवार को त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर माइन्स सेफ्टी माईनिंग आफताब अहमद और विशिष्ट अतिथि में डायरेक्टर माइंस सेफ्टी इलेक्ट्रिकल विकास महेश्वरम,डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी माईनिंग अजेश मोहम्मद,पी हनुमन्ता राव,जीएम एसएंडआर हेडक्वाटर सुनील कुमार सिंह,आईएसओ मनीष मोहन उपस्थित थे।बैठक में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया,जिसके बाद अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने स्वागत भाषण पेश किया।बैठक की शुरूआत राष्ट्रीय गीत एंव कोल इंडिया की कॉरपोरेट गीत के बाद सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।बैठक के दौरान कोयला उद्योग में शहीद कामगारों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।जिसके बाद अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद ने कहा कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा से संबंधित बातों की समीक्षा की जा रही है। कोयला खदान में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। कोयला खदान में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है,इसके लिए मजदूरों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर कोयला उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है। पिपरवार प्रबंधन शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर उत्पादन के लिए अग्रसर है।यहां के कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है,साथ ही मजदूरों में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता आयी है।वित्तिय एवं चालु वर्ष मे शून्य दुर्घटना इसका उदाहरण है। बैठक में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा से संबंधित कई बातों को प्रमुखता के साथ उठाया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, स्टॉफ ऑफिसर पर्सनल नागेश गोपालन,स्टॉफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार,स्टॉफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दत्ता,स्टॉफ ऑफिसर एक्सानेशन, जीएसपी शर्मा,स्टॉफ ऑफिसर फाइनेंस संगीत कुमार,स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी मुकेश तोषांग,एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. एफआर साह,सहित कई अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।



# विधायक श्री अकेला ने प्रखण्ड के दो प्रमुख सड़कों का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विधायक श्री अकेला के द्वारा प्रखण्ड के विकास का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इनके नेतृत्व में प्रखण्ड में सड़कों का जाल बिछ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखण्ड के दो प्रमुख सड़कों का विधायक श्री अकेला ने शिलान्यास रखा। इस सम्बंध में विधायक मीडिया प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि विधायक श्री अकेला ने मंगलवार को ठूठी आरईओ रोड से मानगढ़ तक और चौपारण आरईओ रोड नवडीहा मोड़ से नवडीहा तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया। यह पथ ठूठी, मानगढ़, चौपारण,नवडीहा, बहेरा सहित दर्जनों गांवो को जोड़ते हुए मयूरहण्ड प्रखण्ड को भी जोड़ेगी। दोनों गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने माला पहनाकर विधायक श्री अकेला का भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम ब्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, मानगढ़ मुखिया अर्जुन सिंह,ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत,बहेरा पूर्व मुखिया नागेंद्र सिंह,बीरबल साहू, बैजू गहलोत, मनोज सिंह, रेवाली पासवान, विसुन्धारी महतो, रामसुंदर प्रजापति, रंजीत सिंह, विवेक सिंह, विनोद सिंह, देवेंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, धीरेंद्र दांगी,भोला सिंह ,संजय सिंह, सिकंदर सिंह,पवन सिंह, रामकुमार सिंह, संतोष रजक, बहादुर राणा, नारायण प्रजापति, विकास गुप्ता, जितेंद्र चंद्रवंशी, लक्ष्मण तुरी, नरेश साव इत्यादि उपस्तिथ थे।

### परिवार नियोजन को लेकर बनासो में किया गया कार्यक्रम

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत के पंचायत भवन सभागार बनासो में परिवार नियोजन हेतु पंचायत स्तरीय हित धारकों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया चंद्रशेखर ने की तथा संचालन असिस्टेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित दस नव दंपतियों के बीच बास्केट ऑफ च्वाइस किट का वितरण किया गया। अनिल कुमार ने कार्यक्रम के सम्बोधन के दौरान नव दंपतियों से कहा आप सभी जागरूक बने और दो बच्चों के बीच अंतर रखे जिससे बच्चो का मानसिक एवं शारिरिक विकास में वृद्धि होती है। परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भारतवर्ष में 1953 से शुरू हुआ है,लेकिन अभी तक अंतिम पायदान तक नही पहुँच पाया है।इस अवसर मुख्य रूप से असिस्टेंट प्रोजेक्टर ऑफिसर हुलास चंद्र,पंसस राधा रानी, राजू महतो महतो,स्वास्थ्य सहिया अंजू देवी,श्रीकांत पांडे,सहिया साथी पिंकी देवी,कविता देवी,प्रेमलता देवी,मीना देवी,शांति देवी,माही पटेल,अमित कुमार,सेविका सरिता देवी,कौशल्या देवी,बुधन भुइंया समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## माण्डू विधायक ने गोविन्दपुर में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सचेतक सह माण्डू माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड को विकास की गति प्रदान करते हुए 04 मार्च 2024 को पंचायत गोविन्दपुर में विधायक मद से बनने वाली विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी ।जिसके अंतर्गत ग्राम गोबिन्दपुर कला में 499000 रुपये की लागत निचला तालाब का गहरीकरण।ग्राम गोबिन्दपुर कला में विजय महतो के जमीन में 199000 रुपये की लागत से डीप बोरिंग अधिष्ठापन कार्य । ग्राम गोबिन्दपुर कला खम्भरा में 150000 रुपये की लागत से तिलक ठाकुर के तालाब का गहरीकरण के कार्य का विधि पूर्वक शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव,भाजयुमों जिलाउपाध्यक्ष हीरामन महतो,सोमर महतो,संजय महतो,महेश महतो,मोहन रजक,तुलसी महतो,तारकेश्वर महतो,रामु ठाकुर,सोनू साव,अंतु पंडित, हेमन्त पंडित,कौलेश्वर साव किट्टी अगरिया समेत काफी सँख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता शामिल थे।

## महाशिवरात्रि को 31लीटर दूध से महादेव का अभिषेक करेगा हजारीबाग यूथ विंग



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग यूथ विंग की बैठक सोमवार को देर शाम महेश सोनी चौक स्थित संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास पर संपन्न हुई।अध्यक्षता उपाध्यक्ष विकास केसरी तथा धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने किया।बैठक में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गौशाला परिसर स्थित शिवमंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद आसपास के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वही होली महापर्व से पूर्व 23 मार्च को ओल्ड एज होम के बुजुर्गो के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पिछले 3 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। इसके बाद कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। वही बैठक की समाप्ति के उपरांत सदस्य सह सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सेवा एवं धार्मिक कार्य करना ही हजारीबाग यूथ विंग की पहली प्राथमिकता है। इसी के निमित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी.वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य बिट्टू बिहारी, मोहम्मद ताजुद्दीन सहित कई अन्य मौजूद थे।

# बलियन्द में नवनिर्मित शिवमंदिर का कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय शिव परिवार सह हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हज़ारीबाग़ के कटकमसांडी प्रखण्ड अंतर्गत गदोखर पंचायत स्थित बलियन्द में नवनिर्मित शिवमंदिर का तीन दिवसीय श्री श्री शिव परिवार सह हनुमान प्राण- प्रतिष्ठा यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। नवनिर्मित शिवमंदिर से 250 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों से लैस होकर भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। महिलाओं ने गेरुआ वस्त्र धारण एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे में हर महादेव व जय श्री राम का पट्टा धारण कर भगवत जयकारा जमकर लगाया। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। इस कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक राजीव नयन पांडेय ने बढ़-चढ़कर कर मंदिर निर्माण के कार्य में हिस्सा लिया है। आचार्य धनंजय पांडे जो कि गया से आए हुए महाराज के द्वारा विधिवत पूजा आरंभ किया गया।कलश यात्रा बलियन्द, भाया गदोखर एवं कस्तूरीखाफ होते हुए छड़वा डेम से जल लेकर पुनः नवनिर्मित शिवमंदिर आकर कलश यात्रियों ने कलश रखा एवं तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुई। इस दौरान जमकर हर हर महादेव, नमः शिवाय एवं जय श्री राम का नारा जमकर लगाया गया। कलश यात्रियों ने झुमते- गाते कलश यात्रा को धूमधाम के साथ संपन्न किया। उसके बाद विधिवत ध्वजारोहण, संध्या आरती, प्रवचन एवं पूर्णाहुति हुआ। मौके पर मुख्य रूप से श्री श्री शिव परिवार सह हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ सचिन, व्यवस्थापक संजय राम, कौलेश्वर रवि, अविनाश गुप्ता, शिव कुमार, बिनोद साव, नरसिंग साव, विकाश कुमार, बसंत कुमार, विशेश्वर साव, गुलाब कुमार, उमेश कुमार, चंदन कुमार एवं सतीश कुमार सहित ग्राम बलियन्द के सभी महिला व पूरूष शामिल रहे।

### बीडीओ संग्राम मुर्मू द्वारा आवंटित किया गया जैव विविधता पार्षद का कार्यालय

**बेड़ो :** प्रखंड परिसर में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की अगवाई में झारखंड जैव विविधता पार्षद कार्यालय का धनंजय राय, नवल किशोर सिंह और मुख्य संघ के अध्यक्ष रामेश उरांव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटा गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने खुशी का इजहार किया है। ज्ञात हो कि झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड यानी जैव विविधता पार्षद के तत्वाधान में झारखंड राज्य सरकार के द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन वर्ष 2016-17 में किया गया था और बीच में कोविद जैसे घातक बीमारी के कारण 3 वर्ष से अधिक समय तक इस बोर्ड के द्वारा कोई भी गतिविधि नहीं किया जा सका। झारखंड सरकार ने एक अच्छा पहल करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से जो समितियां का गठन किया गया था उसका बीच-बीच में जिले में ट्रेनिंग हुआ और ट्रेनिंग के बाद सरकार की ओर से पत्र जारी किया गया। सभी प्रखंड एवं पंचायत में कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

# एनटीपीसी आईटीआई कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी मैती के बैनर तले व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल मिथिलेश उपाध्याय एवं संचालन प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह व प्रिंसिपल मिथिलेश उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रबंधन की ओर से थाना प्रभारी को बुके देकर शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर शिक्षित करना, सड़कों पर जिम्मेदार व्यवहार के महत्व पर जोर देना और दुर्घटनाओं को कम करना है। मौके पर सड़क सुरक्षा के विशेषज्ञ सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने कार्यशाला के दौरान छात्रों से कहा कि यातायात परिवहन नियमों का पालन करें। बाइक में बगैर हेलमेट पहने और फोर व्हीलर में बगैर सीट बेल्ट बांधे नहीं चले। माथा सबसे ज्यादा संवेदनशील होता है। फोर व्हीलर में सुरक्षा बैलून तभी काम करता है जब आप सीट बेल्ट लगाए होते हैं और हमेशा आईएसआई मार्क का हीं हेलमेट प्रयोग करें। कभी भी 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने नहीं दें ,अन्यथा पकड़े जाने पर माता पिता को रू 25000 जुर्माना भरना पड़ेगा तथा दूसरी बार पकड़े जाने पर माता-पिता को 3 साल की सजा का भी प्रावधान है। इसके अलावा अल्कोहल लेकर वाहन तो बिल्कुल नहीं चलाएं , अल्कोहल के कारण मस्तिष्क शुद्ध बुद्ध खो देती है जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ओवर स्पीड वाहन नहीं चलाएं , देर हो जाए कोई दिक्कत नहीं परंतु, अपनी जान को जोखिम में नहीं डालना है। बिना हेलमेट पहने बाइक में दो से अधिक लोग परिचालन नहीं करें। 91त्न सड़क दुर्घटनाएं बाइक से हो रही है। हम सबों की दायित्व है कि समाज के पढ़े लिखे लोग समाज को लीड करने वाले लोगों के पास ड्राइविंग को लेकर लोगों को जागरूक करें परिवहन विभाग के द्वारा यातायात परिवहन सुरक्षा को लेकर विस्तार रूप से जानकारी दें ताकि हर लोग जागरूक हो सके और लोगों को लाभ मिले। अभिभाषण के पश्चात प्रिंसिपल उपाध्याय ने थाना प्रभारी को शील्ड देकर सम्मानित किया।

## पुलिस की गुंडागर्दी में एनटीपीसी चालू करा रही माइंस : सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजीआर माइनिंग में पांडु से ट्रांसपार्टिंग शुरू किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस केरेडारी शाखा के द्वारा धरना मंगलवार को दिया गया। प्रदर्शन के क्रम में एनटीपीसी पुलिस बल के द्वारा इंटक का बैनर फाड़ दिया गया और फर्जी केस में फसाने की धमकी भी दी गई । बाद में ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के द्वारा कहा गया कि जिस भी जगह लोगों को रोजगार देने की बात होगी उन्हे हम रोजगार से जोड़ेंगे।तत्पश्चात धरना स्थगित करते हुए कहा गया कि अगर लोगो को रोजगार से नही जोड़ा गया तो फिर धरना दिया जायेगा।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बीजीआर यूनिट के अध्यक्ष परमेश्वर कुमार ने किया।मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि एनटीपीसी गुंडागर्दी पर उतारू है, उससे आम जनमानस में बहुत ही क्रोध है ,आने वाले दिनों में बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी।इस अवसर पर जिला परिषद निरंजन साहू एवं मुखिया अमित दुबे, जीवादन साहू, जगदीश साहू,उदय वर्मा, विनय वर्मा,लोकेश कुमार, वासुदेव प्रजापति, महेश प्रजापति,महेश पासवान,संजय कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दारू प्रखंड के इरगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के इरगा पंचायत के JSLPS के सभी कैडर दीदी,आंगनवाड़ी दीदी एवम ग्रामीण जनता को सूचित करना है कि मुखिया जी, JSLPS एवम साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजनों के लिए दिनांक 06 मार्च 2024 दिन सोमवार समय 10.30 am को पंचायत भवन इरगा में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जाना है शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से जोड़ना है एवम दिव्यांगजनों के अधिकार के बारे में जानकारी देना है ताकि कोई भी दिव्यांग सरकार के लाभ से वंचित नहीं हो। शिविर में अभी तक जिन दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र, UDID,पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,E-sharam कार्ड,रेलवे प्रमाण पत्र,बीमा नही हुआ है उनका उस योजना का फॉर्म अप्लाई करवाया जाएगा साथ ही साथ रोजगार के बारे में भी चर्चा किया जाएगा इसके अलावा जिन दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, बैशाखी,कान की मशीन इत्यादि की आवश्यकता हो उनका भी रजिस्टेशन किया जायेगा अतः आप सभी से अनुरोध होगा की आपके गांव में जितने भी दिव्यांगजन होंगे उन्हें कैंप में आने को सूचित करें ताकि हम सभी के प्रयास से यह कार्यकर्म सफल हो सके।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक का होली मिलन समारोह 10 मार्च को बचरा मे

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की बैठक बचरा क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सचिव विद्यापति सिंह ने किया।बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई,जिसमें आवास,प्रमोशन,संडे डयुटी, चिकित्सा सहित कोयला मजदूरों की कई समस्या पर चर्चा की गई एवं समस्याओं के समाधान को लेकर प्रबंधन से वार्ता करने का निर्णय लिया गया।बैठक में होली पर्व को लेकर 10 मार्च को क्षेत्रिय कार्यालय मे होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक सह इंटक उपाध्यक्ष अंबा प्रसाद और विशिष्ट अतिथि मे महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सह इंटक उपाध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह शामिल होगी।बैठक मे कासिम उर्फ मुन्ना,विद्यापति सिंह, मिथिलेश शर्मा,शंकर, मुखर्जी,संतोष दास,मोहम्मद कुर्बान,रामेश्वर यादव,आलोक सिंह,जगदेव प्रसाद,रमेश सिन्हा,राजेंद्र गुप्ता,निवास प्रसाद,सुबोधकांत वर्मा, मोजाहीद ईमाम,बसंत गुप्ता, उमेश यादव,मोहम्मद मिस्टर, संतोष यादव,रविंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।

## केएसबी लिमिटेड ने वर्ष 2023 के लिए दर्ज किया 2247 करोड़ रुपये का सेल्स रिवेन्यु

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजनेस हाइलाइट्स का सारांश देते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग वाईस प्रेसिडेंट, प्रशांत कुमार ने कहा, इस साल हमने 23.3त्न सालाना वृद्धि के साथ असाधारण सेल्स रिवेन्यु दर्ज किया है। हमने ऊर्जा, सौर, वाल्व, सामान्य उद्योग, जल और वेस्टवाटर, और बिल्डिंग सर्विस सहित सभी सेगमेंट में ऑर्डर इनफ्लो में वृद्धि देखी है, और अपने सफलता पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, हम आने वाले वर्ष में अपने सभी सेगमेंट में और गहराई से उतरने के के लिए तैयार हैं। निर्यात व्यवसाय में हमारी वृद्धि का सिलसिला जारी है, हम एक सुसंगत और बढ़ती हुई वैश्विक उपस्थिति बनाए हुए हैं। आने वाले समय में हम रक्षा क्षेत्र में प्रगतिशील व्यावसायिक अवसरों को लेकर भी आशावादी हैं।चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, श्री महेश भावे ने कहा कि, बाजार में चल रही अनिश्चितताओं के बावजूद हमनें काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सेल्स रिवेन्यु में 23.3त्न की वृद्धि के साथ, कंपनी 207 करोड़ रुपये की कुल व्यापक आय में 20.00त्न की वृद्धि हासिल कर सकती है। ये परिणाम हमारी टीम के समर्पण और बुद्धिमत्ता के प्रमाण हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक चुनौतियों का सामना किया। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2023 के लिए अर्जित लाभ पर अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर 17.5 (175त्न) का लाभांश घोषित करके हम उन्हें अच्छा रिटर्न दे रहे हैं।

## मोरारीबापू ने झारखंड ट्रेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**झारखंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुछ दिन पहले झारखंड के जामतारिया और कालाजारिया रेलवे स्टेशन के पास एक बेहद दुखद ट्रेन हादसा हुआ था, जिसमें प्राप्त खबरों के मुताबिक 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना तब हुई जब आग लगने की जानकारी के बीच यात्री ट्रेन से उतर गए और आग से बचने के लिए पटरी पार करने का प्रयास करते समय दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में 12 लोगों की जान जाने के साथ-साथ कई अन्य घायल भी हुए।पूज्य मोरारीबापू को इस दुखद घटना की खबर अयोध्या राम कथा के दौरान मिली। उन्होंने इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी है और प्रत्येक मृतक के परिवारों को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये, यानी कि कुल 1,80,00 रुपये की सहायता राशि अर्पण की है। यह राशि अयोध्या रामकथा के मनोरथी परिवार द्वारा पहुँचाई जाएगी। बनारस स्थित रामकथा श्रोता भी इसमें अपना सहयोग देंगे।पूज्य मोरारीबापू ने सभी मृतकों के निर्वाण के लिए प्रार्थना की है और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।



## ग्रामीणों ने अंडरपास ब्रिज रोड निर्माण के लिए उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत औरमांझी से जैना मोड़ तक फॉरलेन निर्माण का कार्य चल रहा है। रायपुरा बारघुटू के बीच पीडब्लूडी सड़क है ।जिससे होकर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन है। चैनेज संख्या 59 प्लस 940 के पास भारतमाला के द्वारा रोड निर्माण से उक्त पीडब्ल्यूडी का रोड अवरुद्ध हो जा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होगी। इसे लेकर ग्रामीणों ने उक्त मार्ग में अंदर ब्रिज बाईपास निर्माण हेतु उपायुक्त रामगढ, एवं अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को ज्ञापन देकर अंडर ब्रिज बाईपास निर्माण की मांग जनहित में की है।

## भुरकुंडा पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल आठ नवंबर व सयाल दस नंबर खान के समीप मंगलवार को भुरकुंडा पुलिस के द्वारा एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं क्षेत्र में हो रही बाइक दुर्घटना व छिनतई जैसी घटनाओं को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस चेकिंग अभियान में दो पहिया व चार पहिया वाहन गाड़ियों की तालाशी ली गई। एवं दो पहिया वाहन चालक व पिछे बैठे सावारी की तलाशी ली गई। वहीं इस एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में भुरकुंडा ओपी के पुरन सिंह एवं सदलबल जवान शामिल रहे।

## पीवीयुएनएल कम्पनी के द्वारा छाई डेम में काम करने का किया गया विरोध

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के पीवीयूएनल के द्वारा छाय डैम के समीप लगभग सैंकड़ों एकड़ जमीन पर बाउंड्री वॉल का कार्य करने आए पीवीयूएनल के अधिकारी और मजदूरों को छाय डैम के ग्रामीण विस्थापितों द्वारा विरोध कर आज काम बंद कराया गया। इस बीच कार्यस्थल पर लगें सभी जेसीबी मशीन मजदूरों को ग्रामीणों के विरोध के बाद वापस लौटाया गया।विरोध कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है बलकूदरा। जयनगर और रसदा के विस्थापितों का यहां सैंकड़ों एकड़ जमीन दाखिल में हो और सभी खेती ग्रसती कर अपना जीवन यापन करते हैं ऐसे में पीवीयुएनल द्वारा षड्यंत्र के तहत जमीन पर चार दिवारी की जा रही जिसका हमलोगों ने विरोध किया है। विरोध करने वाले में योगेंद्र यादव जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो। कुलदीप यादव। सन्नी मुंडा।गुलचंद मुंडा, सतीश मुंडा, अरविंद यादव, सुभाष यादव,अनिल मुंडा सहित इत्यादि सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मांडू में दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने डीप बोरिंग सह जल मीनार का उद्घाटन किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ मांडू ग्राम हेसागड़ा में ओएनजीसी सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत डीप बोरिंग सह जल मीनार का का उद्घाटन दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने किया उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसरा ने कहा कि यहां के ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर समस्या थी इसके संदर्भ में मैं सकारात्मक पहल किया था जिस पर ओएनजीसी ने संज्ञान लेते हुए सफलतापूर्वक काशीखाप,हेसागढ़ा , केरीबांदा, और तोयरा, में जल मीनार का निर्माण उद्यमी आदिवासी विकास केंद्र के माध्यम से करवाया है जो बेहद सराहनीय है उन्होंने हेसागढ़ा के ग्रामीणों को इसकी देखरेख करने का सलाह दिया इस अवसर पर बोकारो ओएनजीसी के पदाधिकारी अवी जी हेसागढ़ा के मुखिया एतवा बास्के सनू मदन सोरेन कालेश्वर महतो हेमंत कुमार उद्यमी आदिवासी विकास केंद्र से शर्मिला मिश्रा शहनाज बानो मोहम्मद कैशफ् सम्मिलित है।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का 11 मार्च को होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा की आवश्यक सभा संपन्न हुईद्य जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 11 मार्च को स्थानीय होटल अरिहंत पैलेस रांची रोड, मरार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में पटना के सुप्रसिद्ध भारत विकास विकलांग न्यास के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा विकलांग तथा दिव्यांग मरीजों की जांच करके उनकी जरूरत के हिसाब से अत्याधुनिक कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, कान से सुनने में तकलीफ वाले मरीजों को निशुल्क मशीन भी उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : EPC-PSI-GMO-PTRU-ECR-01, दिनांक: 27.02.2024**

**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Design, Supply, Erection, Testing & Commissioning of Traction Sub Stations with associated Switching Posts for upgradation work of electric traction system from 1x25 to 2x25 KV AT feeding system in Gomoh - Patratu Section of Dhanbad Division of East Central Railway." On EPC mode.
**2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये. 1718969462.28, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** रुपये 0.00, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** रूपये. 8744900.00, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की तारीख–23.04.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय –दिनांक 27.05.2024 को 15:00 बजे, **6.0** वेसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे **www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है।, **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट खगौल जिला पटना, पिन–801105.

**उप मुख्य विद्युत अभियंता,**
**रेल परियोजना, पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/02445/डीडीयू/वि./टी/23-24/44

# झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति नें किया रामगढ़ जिले का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति के रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान मंगलवार को समिति के सभापति अपर्णा सेन गुप्ता ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर विधायक मांडू विधानसभा क्षेत्र जयप्रकाश भाई पटेल भी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभापति अपर्णा सेन गुप्ता एवं माननीय विधायक, मांडू जय प्रकाश भाई पटेल को पौधा देकर स्वागत किया गया।बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि बच्चों के विकास में पुस्तकालयों का योगदान बहुत बड़ा है उनके द्वारा बताया गया कि साधारण वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनके विकास में योगदान देने के उद्देश्य से सरकार पंचायत स्तर से जिला स्तर तक पुस्तकालय उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।बैठक के दौरान सभापति के द्वारा विभागवार संचालित पुस्तकालयों एवं पुस्तकालय निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सरकारी विद्यालयों में संचालित पुस्तकालय एवं उपलब्ध अन्य सुविधाओं, जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित कुल 53 पंचायतो के पंचायत भवन में पुस्तकालय निर्माण योजना, जिला नियोजन कार्यालय के प्रतिनिधि के द्वारा उनके विभाग के माध्यम से संचालित पुस्तकालय सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित अन्य पुस्तकालयों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभापति को कैथा मौजा में आने वाले समय में बड़े स्तर पर बनाए जाने वाले पुस्तकालय निर्माण की योजना की भी जानकारी दी गई।पुस्तकालयों का संचालन सफलतापूर्वक करने एवं आवश्यकता अनुसार और पुस्तकालयों का निर्माण सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान सभापति के द्वारा डीएमएफटी सहित अन्य माध्यमों का इस्तेमाल करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं बैठक के दौरान माननीय विधायक मांडू विधानसभा क्षेत्र जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ विभिन्न महाविद्यालयों सहित अन्य सरकारी शैक्षिक संस्थानों में पुस्तकालय स्थापित करने एवं जहां पुस्तकालय पूर्व से संचालित हो वहां वर्तमान जरूरत के हिसाब से किताबें उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान सभापति के द्वारा विभागवार संचालित विभिन्न योजनाओं एवं चल रहे विकास कार्यो के भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विधायक मांडू के द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्य, पथ निर्माण योजनाओं के सफल संचालन आदि को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## खेल किट एवं ग्राम स्तर पर गठित सभी सिदो कान्हू खेल क्लबो को फुटबॉल का किया गया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता-2023-24 में प्रखण्ड स्तर पर भाग लेने वाले दुलमी प्रखण्ड के सभी पंचायतो को खेल किट एवं ग्राम स्तर पर गठित सभी सिदो कान्हू खेल क्लबो को दो-दो फुटबॉल का वितरण किया गया। इस दौरान मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़, सुनील कुमार प्रजापति प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुलमी सहित प्रखंड के सभी मुखियागण द्वारा प्रखंड स्तर पर भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को खेल किट दिया गया एवं प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों को जिला प्रशासन द्वारा ट्रैकसूट दिया गया। साथ ही दुलमी प्रखंड के सभी गठित ग्रामीण स्तरीय सिदो कान्हू युवा खेल क्लबो को जिला प्रसाशन द्वारा दो-दो फुटबॉल दे कर सम्मानित किया गया 7 इस दौरान मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़, खेल की दिशा में आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान रामगढ़, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक भोला नाथ महली, प्रकाश महतो, खिलाड़ी , दुल्मी बीस सुत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं एवं अन्य उपस्थित हुए साथी ही सफल कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।

## रामगढ़ विधायक ने अनिकेत के परिजनों से मिलकर न्याय का भरोसा दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस कस्टडी में हुई अनिकेत राम के मौत का जिम्मेदार कौन सदन पटल पर भी सरकार का ध्यान इस मामले पर आकृष्ट कराया परंतु अभी तक सरकार के तरफ से दोषियों पर कोई संतोषजनक कारवाई नहीं की गई है,आज अनिकेत के परिजनों से मिली, अनिकेत की मां का विलाप हृदय चीरकर रख दिया, मैं अनिकेत को न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास करूंगी और दोषियों को किसी भी हाल में बख्सा नहीं जायेगा ।ईश्वर से प्रार्थना है दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं परिजनों को यह भीषण आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करे द्य पुलिस प्रशासन की यह बर्बरता अस्वीकार्य है आश्रितों को मिले 50 लाख का मुआवजा परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं घर की व्यवस्था कराए राज्य सरकार और जिला प्रशासन । मंगलवार को मिलोनी क्लब स्थित महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत भुइँया जो रामगढ़ के एक होटल में बर्तन सफाई का काम करता था, उसे बीते दिनों देर रात पुलिस पूछताछ के लिए थाना ले कर गई और अगले दिन सुबह उसके शव को यह बोलकर लौटाया की अनिकेत ने खुदकुशी कर ली है। परंतु परिवार वालों का साफ कहना है कि पुलिस की



पिटाई के कारण अनिकेत भुइँया की मृत्यु हुई है। मंगलवार को विधायक सुनिता चौधरी ने परिजनों से मिलकर न्याय का भरोसा दिया और इस मामले की उच्चस्तरीय जाँच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर न्याय सुनिश्चित की जाएगी।इस मौके पर विधायक सुनिता चौधरी के साथ आजसू पार्टी के केंद्र सचिव यूगेश बेदिया, जिला उपाध्यक्ष विभन सिंह,आजसू पार्टी नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, सुमन मिश्रा, जीतू मिश्रा, मनोहर गुप्ता, मनीष चोपड़ा, लालू शर्मा, अमित विश्वकर्मा, राजेन्द्र राम, सुधा सिंह संतोषी सिंह, अनीता देवी संजय कुशवाहा सहित काफी संख्या में मौहल्ला वासी ओर अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रो शाहनवाज खान को पीएचडी की डिग्री मिलने पर सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अंजुमन फरोग-ए-उर्दू पतरातू ब्लॉक इकाई ने प्रो. शाहनवाज खान को पी एच डी की डिग्री मिलने की खुशी में एक समारोह का आयोजन किया और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उन्हें बधाईयां दी। ब्लॉक समन्वयक मो रियासत हुसैन ने कहा कि उर्दू पढ़ने लिखने को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करने वाले सिपाही खुद भी उर्दू से बड़ी से बड़ी डिग्री लेने में लगे हुए हैं फलस्वरूप और आज उन्हें उच्चतम स्तर की डिग्री डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री प्राप्त हुई है। हाजी जाकिर हुसैन ने कहा कि डॉ. शाहनवाज खान उन उर्दू प्रेमियों में से एक हैं जो उर्दू के विकास के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उनका मानना है कि जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। हर घर में उर्दू बोलना,पढ़ना और लिखना चाहिए।मालूम हो कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने बरकाकाना सी आई सी बस्ती निवासी शाहनवाज खान को पी एच डी की उपाधि से प्रदान की है। शाहनवाज खान ने ÷उर्दू फिक्शन के विकास में




शम्सुर रहमान फारूकी की भूमिका विषय पर एक शोध पत्र (पुस्तक) प्रस्तुत किया। उनका शोध कार्य उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. आमिर मुस्तफा सिद्दीकी की देखरेख में पूरा हुआ। खान वर्तमान में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। आज गुलदस्ता देकर बधाई देने वालों में हाजी जाकिर हुसैन, सवलत फहद, मो रियासत हुसैन, मो हातिम, अधिवकता दिलदार हुसैन, जलील अंसारी, रहमत अंसारी, परवेज अंसारी, सुलतान अंसारी, मुमताज सेख आदि शामिल हैं।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन का अंतराष्ट्रीय सप्ताहिक महिला दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन रामगढ़ जिला सचिव नीता बेदिया, उपाध्यक्ष कांति देवी, सहसचिव सीता देवी के नेतृत्व में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पतरातू प्रखण्ड अन्तर्गत बारीडीह ग्राम पंचायत के बारीडीह गांव में दर्जनों महिलाएं शामिल होकर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन ने साप्ताहिक महिला दिवस का कार्यक्रम मनाया। बैठक नीता बेदिया की अध्यक्षता एवं संचालन हीरामनी देवी ने किया तथा वक्ता में नीता बेदिया, कांति देवी, हीरामनी देवी,आरती देवी, देवन्ती देवी, अनीता बेदिया,खुशबू और भाकपा-माले के नरेश बड़ाईक एवं बारीडीह पंचायत के मुखिया भुनेश्वर बेदिया ने संबोधन किया।वक्तव्य में बताया गया कि महिलाएं लाल झंडे के तले अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठाना शुरू की थी तब आगे चलकर महिलाओं को काम का आठ घंटा, रविवार की छुट्टी,वोट देने का अधिकार हासिल हुआ है। आगे चलकर महिलाओं की लगातार संघर्ष




के बदौलत मनरेगा कानून में काम तथा ग्रामीण मजदूर महिलाओं को सहिया, आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका, रसोईया ,स्वास्थ कर्मी में काम, पंचायत चुनावों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित की गई है।अभी महिलाओं की जारी जंग के तहत महिला आरक्षण बिल को 2024 लोकसभा चुनाव के पहले लागू करने की मांग की गई। रसोई गैस का कीमत 500/- रुपए में अविलंब लागू किया जाए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का जुमलेवाजी बंद करो और महिलाओं की आजादी, सुरक्षा, समानता व आरक्षण की गारंटी करो। दिल्ली के महिला पहलवानों के साथ बलात्कारियों को गिरफतार करो। मणिपुर के आदिवासी महिलाओं को नग्न परेड़ कर बलात्कार करने वाले अपराधियों को गिरफतार करो,बिल्किस बानो के बलात्कारियों को सजा दो। के साथ महंगाई पर रोक लगाओ और रसोई गैस का कीमत 500/- रुपए लागू करने आदि की मांग कर रही थी।बैठक में रीना देवी,गहनी देवी,विनेश्वरी देवी, सहोदरी देवी, सोनी देवी, पिंकी देवी, निशा देवी, सालो देवी, पुसनी देवी,करमी देवी, चिंता देवी, गीता देवी, लिखिया देवी, सुकरी देवी, सुंदरी देवी, सुधन देवी, लाली देवी, कुसुम देवी, रायमन देवी, जर्मन देवी, काजो देवी, मुन्नु देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, सुनिता देवी,रतनी देवी, लालो देवी, रुबी देवी, अनीता देवी, बेबी देवी अन्य महिलाएं शामिल थी।

## उरीमारी जुबला में 11अप्रेल को सामुहिक सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के सामुहिक सरना स्थल जुबला में मंगलवार को सामुहिक सरहुल समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्तिक मांझी व संचालन रैना मांझी ने किया। वहीं इस बैठक में उरीमारी, पोंटगा, गरसुल्ला पंचायत के आदिवासी मुलवाशी समुह के लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 अप्रैल को सामुहिक सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्नय लिया गया। जिसमें पाहनों के द्वारा सामूहिक सरना स्थल जुबला में पुरे विधि विधान से पूजा किया जाएगा। वहीं पुजा के उपरांत भव्य जुलूस का आयोजन व भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए सामुहिक सरहुल समिति सभी गांव के मांझी हडाम नायके ओगवा को निमंत्रण किया जाएगा तथा पारंपरिक वेशभूषा व ढोल नगाड़ा एवं मांदर के साथ शामिल होने का आग्रह किया जाएगा। वहीं इस सरहुल समारोह में सांस्कृतिक नृत्य, गान प्रतियोगिता भी रखा गया है जिसमें विजेता और उपविजेता को सामुहिक सरहुल समिति के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं इस बैठक में शामिल होने वालों में सामुहिक सरहुल समिति के अध्यक्ष दशई मांझी, सचिव कार्तिक उरांव, दिनेश करमाली,सुखू मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, संजय टुडू, नकुल प्रजापति, कृष्णा सोरेन, संतोष प्रजापति,तालों हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, सिकंदर सोरेन,राजू पावरीया, मोहन मांझी,पुरन मांझी, लालजी पावरीया, पंकज कुमार, रामलाल बेदिया, सत्यनारायण बेदिया, धनलाल बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, महादेव सोरेन, फुलचंद बेदिया, गणेश मुर्मू, बिनोद सोरेन, दशरथ बेदिया, सुखदेव मांझी, जितेन्द्र यादव,भादो करमाली, अजय मांझी आदि लोग मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची**

**राँची जिले के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मत्स्य बीज उत्पादक जिनको अनुदान पर विभाग से स्पॉन दिया गया हो उन्हें विभाग द्वारा मोबाईल रिचार्ज कराने हेतु 500/– (पाँच सौ) रू0 मात्र देने का प्रावधान है।

अतएव अनुरोध है कि मोबाईल रिचार्ज कराके एवं उसका प्रमाणक/अभिश्रव कार्यालय में 13 मार्च, 2024 तक जमा करें ताकि डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि आपके खाते में भेजी जा सके अन्यथा यह लाभ आपको नहीं मिलने पर इसके जिम्मेवार आप स्वयं होंगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची

PR 321520 Fish(23-24).D

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अति अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
**PR No.- 318242 Dated : 08.02.2024**

अति अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा संख्या:- **369/2023-24** दिनांक :- 04.03.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-09 / 2023-24 | जलडेगा | 1 | जलडेगा से केलुगा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 3.000 कि०मी०) | 1486.983 | चौदह करोड़ छियासी लाख अंठानबे हजार तीन सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | जलडेगा | 2 | आर०ई०ओ० पथ जलडेगा प्रखण्ड कार्यालय से खरवागरहा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 6.300 कि०मी०) | | | |
| | | जलडेगा | 3 | पंडरीपानी जलडेगा आर०ई०ओ० पथ से सिलिंगा भाया पियोसोकरा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.100 कि०मी०) | | | |
| | | जलडेगा | 4 | बोंगेरा से पोमिया भाया बेंदोचुआँ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –11.025 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि :–06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–19.03.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर० डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ......................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR.NO.321504 Rural Work Department(23-24):D

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विधालय के सहायक कर्मचारियों के द्वारा क्रिकेट मैच खेला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में विधालय के सहायक कर्मचारियों के द्वारा क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें (ग्रीन 11 एवं ब्लू 11 के बीच मैच हुआ जिसमें विजेता ग्रीन 11 को घोषित किया गया ।यह मैच दो टीमों के बीच खेला गया था। पहली पारी में ग्रीन 11 के द्वारा टॉस जीत कर बैटिंग करने का निर्णय लिया गया।जिसमें 15 ओवर में 148 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लू 11 ने 13 ओवर में ही 149 रन बना लिया एवं विजय की प्राप्ति की ।इस मैच में मैन ऑफ द मैच राजेश करमाली को मिला। सबसे अधिक चौका अनिल करमाली ने लगाया,सबसे ज्यादा छक्का राजेश करमाली ने लगाया, सबसे अधिक राजेश करमाली ने रन बनाया ,सबसे अधिक विकेट अजीत सिंह ने लिया। बेस्ट विकेट कीपर का श्रेय शिव शेखर के नाम हुआ तथा बेस्ट कैच विकास महतो को मिला।विधालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने सभी के मनोबल को बढ़ाया और काफी प्रसंशा भी की।उन्होंने कहा कि खेल से हमारा जीवन प्रभावित होता है। तन और मन स्फूर्ति से भरा रहता है।खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने,और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता



है।खेलकर से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता,धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

# धनबाद : पहले कार ने मारी टक्कर फिर ट्रक ने कुचला, युवक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची जीटी रोड स्थित सुभाष चौक के समीप हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

सड़क पार करने के दौरान उसे एक कार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद वह तेज रफ्तार ट्रक के चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृत व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय पुनू महतो के रूप में की गई है। वह तोपचांची के रंगरीटांड़ के बुचाकुल्ही का रहने वाला था। मंगलवार की सुबह वह मजदूरी के लिए घर से निकला था।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। घटना को लेकर लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग लोग करने लगे। स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग भी प्रशासन से की। लोगों का कहना है कि आए दिन सड़क पर हादसे होते हैं। कई बार ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई, लेकिन प्रशासन पहल नहीं कर रही है। देखते ही देखते जीटी रोड पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतार सड़क पर लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद तोपचांची और हरिहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस के पहुंचने के साथ ही तोपचांची सीओ संजय कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने की काफी कोशिश पुलिस और सीओ ने की, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। लोगों को शांत कराने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सीओ के आश्वासन के बाद आखिरकार लोग शांत हुए। करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों के द्वारा जाम हटाए जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## जालान अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

# गलत बिल देने और भुगतान ना होने तक शव ना देने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सदर थाना क्षेत्र के जालान अस्पताल में एक बच्चे की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया। परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर गलत तरीके से बिल बनाने और मृत बच्चे को नहीं देने का आरोप लगाया है। परिजन ने मीडिया को बताया कि 29 फरवरी को उन्होने अपनी बच्चे को जालान अस्पताल में भर्ती कराया था क्योंकि बच्चे की सांस लेने में काफी समस्या आ रही थी। जिसको लेकर अस्पताल में हृट्ठष्ट में भर्ती किया गया और 29 तारीख से लेकर पिछले 2 तारीख तक लगभग 40 हज़ार रूपये से अधिक का मेडिसिन मंगाया गया है और 2 तारीख तक



लगभग 46 हज़ार रुपया का बिल बनाया गया है। जबकि कल मेरी बच्ची की मौत हो गई।

इसके बावजूद भी डॉक्टर जांच शुल्क बिल में जोड़ा गया है जो कहीं से उचित नहीं है और आज फाइनल बिल लगभग 66 हज़ार का बनाया गया है। साथ ही कहा कि जब तक पूरा बिल जमा नहीं होंगे तब तक आपके बच्चे का शव नहीं दिया जाएगा।

वही अस्पताल प्रबंधन का कहना है की बच्चे की स्थिति गंभीर थी। जहां तक बिल का बात है कोई गलत बिल नही दिया गया है।

## नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट जीपीआर प्रीमियर लीग का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में गांडेय प्रखंड क्षेत्र केडोकीडीह पंचायत अंतर्गत गिरनियां गांव स्थित कब्रिस्तान क्रिकेट ग्राउंड में नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट जीपीआर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष हसनैन अली उपस्थित हुए और विधिवत तौर पर फीता काटकर वा बल्लेबाजी कर बनसीमि बनाम अहिल्यापुर टीम के बीच खेल का शुभारंभ किया। खेल शुभारंभ के पूर्व मुख्य अतिथि हसनैन अली समेत पंचायत मुखिया मो. अकबर अंसारी, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो. याकूब, आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो. आशिक,झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष मो. ताजुद्दीन,मो. अख्तर आदि अतिथियों का स्वागत फूलमाला पहनाकर किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हसनैन अली ने मंच को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने को लेकर सूबे के नामचीन क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी का उदाहरण पेश किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना वा भाईचारागी का माहौल क्रिएट करते हुए खेलने को लेकर सलाहियत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को मुबारकबाद पेश किया एवं कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस कमी है तो बस उन्हें एक बेहतर प्लेटफॉर्म पकड़ाने की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि युवाओं को जब हमारी जरूरत हो हमसे बेधड़क संपर्क करें, हम हमेशा युवाओं के साथ खड़े मिलेंगे। इस दौरान मौके पर उन्होंने मुसलमान भाईयों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने को लेकर प्रेरित किया। और अपने बच्चों को नियमित रूप से मदरसा व विद्यालय भेजने की बात कही। मौके पर पंचायत मुखिया मो. अकबर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मालूम हो कि खेल के दौरान बनसीमि के टीम ने अपने बेहतर प्रदर्शन के बदौलत बेहतरीन जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी जगह बना लिया। टूर्नामेंट आयोजन में मो. आदिल उर्फ चांद, मो नजरुल,मो. शोएब, मो. अशगर सहित अन्य कई का अहम भूमिका है।

## महिला लापता, थाना में दिया आवेदन

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना क्षेत्र के कोयरिडीह निवासी जीतू मरांडी ने सरिया थाना मे आवेदन दे कर अपनी पत्नी कुंती देवी की लापता हो जाने को लेकर आवेदन दिया है, इन्होने बताया की दिनांक 22/02/2024 की रात्री से कुंती देवी जिसका रंग गोरा, उम्र 41वर्ष, ऊचाई 5 फिट 1 इंच व लाल रंग की साड़ी पहनी हुवी थी जो लापता है हमलोगो ने खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चला, जिसके बाद हमलोगो ने थाना मे आवेदन दे प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## बगोदर : खेंतको में पूर्व विधायक ने कुंती स्मारक स्कूल का किया उद्घाटन

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने बगोदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेतको में कुंती स्मारक स्कूल का उद्घाटन फीता काटकर किया।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि शिक्षा से ही परिवर्तन लाया जा सकता है ।

अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश का होना अति आवश्यकता है। ऐसे शैक्षणिक संस्थान ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षित करने में बेहद कारगर साबित होते हैं. वहीं पूर्व विधायक ने नए शैक्षणिक संस्थान कुंती स्मारक स्कूल के संचालक को बधाई दी और उनके संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल डायरेक्टर ने बताया कि योग्य व अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण की व्यवस्था, नियमित जांच परीक्षा, स्वच्छ पेयजल एवं साफ सुथरा शौचालय, खेल कूद एवं सांस्कृतिक क्रिया कलाप,दिव्यांग बच्चों की विशेष छूट एवं कंप्यूटर की सुविधा उपलब्ध है।

इस दौरान जिबलाल महतो, लखन पांडेय, कार्तिक मंडल, कोकिल पंडित, बिनोद महतो, राजदेव महतो, नीरपत प्रसाद, बासुदेव महतो, अर्जून महतो, दसरथ महतो, संतोष राम, राजू ठाकुर, कमल महतो, रामप्रसाद महतो सहित शिक्षकगण सहित स्कूल प्रबंधक मौजूद रहें।

# नशे के धुत में एक युवक हाई टेंशन बिजली टॉवर में चढा, किया ड्रामा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक युवक हाई टेंशन बिजली टॉवर पर चढते देखा गया। जैसे ही टॉवर में एक व्यक्ति चढने की सूचना मिली लोगों की भीड लग वहीं लोगो ने उसे नीचे उतरने को लेकर घण्टो गुजारिश करता रहा । लेकिन किसी को सुनने को तैयार नही था । पंचायत समिति सदस्य बालेश्वर महतो ने बताया कि लगभग 300 फिट से भी बिजली ऊपर तक चढ गया था । वहीं स्थनिये पंचायत प्रतिनिधि भी जुट गए और प्रशासन को सूचना दिए । प्रतिनिधियों ने कई तरह के लालच देकर प किसी तरह भारी मसकत के बाद युवक को समझाने का प्रयास किया । टॉवर पर चढे युवक उसी गांव के भुइयां टोला के रति भुइयां के रूप पहचान लोगो ने पहचाना बताया कि नशे की धुत में हमेशा रहता है । और किसी को सुनता नही है ।

# महिला समूह लोन के नाम पर ठगी, पुलिस से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** महिला समूह लोन के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें 21 महिलाओं से 42 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। ठगी का शिकार होने के बाद महिलाएं थाना पहुंचीं। पीड़ित महिलाओं के द्वारा थाना में लिखित शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि शहर के हीरापुर चिरागोड़ा की रहने वाली कई महिलाएं सदर थाना पहुंचकर कमल फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और एजेंट पर ठगी का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिलाएं अर्चना श्रीवास्तव और पूनम देवी समेत अन्य का कहना है कि कमल फाइनेंस कंपनी के कर्मी गुड्डू यादव ने लोन दिलाने का झांसा दिया। जिसके बाद उसने सभी महिलाओं से पहले दो दो हजार रूपये मांगे। 21 महिलाओं के द्वारा कुल 42 हजार रुपए उन्हें दिए गए। जिसमें से दस हजार रुपए ऑनलाइन और 12 हजार रुपए कैश दिए थे। महिलाओं ने कहा कि ना तो उन्हें लोन दिया जा रहा है और ना ही भुगतान की गई राशि ही लौटाई ही जा रही है। राशि लौटाने की बात कहने पर उलटे उनके



द्वारा कहा जा रहा है कि वह यहां नहीं हैं। गुड्डू ने महिलाओं को कहा कि महाराष्ट्र में हैं। रुपए लौटाने के नाम पर वह टाल मटोल कर रहा है। महिलाओं ने बताया कि कुल 40 महिलाएं ग्रुप में काम करती हैं, लेकिन 21 महिलाओं ने ही पैसा दिया था। गनीमत रही कि 20 महिलाओं ने पैसा नहीं दिया था। अगर वे भी अपना पैसा देती तो उनके पैसे भी डूब जाते। महिलाओं ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजन को मिला तीन लाख का चेक, घायलों को मिला 25 हजार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में बीते 20 फरवरी को गिरीडीह स्टेडियम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रही एक ऑटो के पलट जाने से महिला समूह की एक महिला की मौत हो गयी थी। वही ऑटो में सवार 6 महिला घायल हो गयी थी। सभी महिलाएं गिरिडीह ज़िले के पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन पंचायत अंतर्गत पांडेयडीह के रहनेवाले थे। इधर गिरिडीह विधायक सुदीव्य सोनू ने कहा कि घटना के दिन गिरिडीह ज़िले में कई रजनीतिक नेताओं ने अपने चेहरे चमकाने के लिए भीड़ को हवा दी एवं पीरटांड़ के चिरकी में सड़क जाम कर दिया था। जिसमे आरोप प्रत्यारोप के बीच मे



माननीय विधायक के ऊपर भी कई टिप्पणिया की गई थी लेकिन किसी भी नेता ने आगे आकर पीड़ित परिवार को कोई मदद नही दिला सका सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए भीड़ को उकसाने का काम किया। इधर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार को पांडेयडीह पहुंचकर ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री राहत कोष से मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन द्वारा प्रदत्त कुल साढ़े 4 लाख रुपये का चेक अपने हाथों से पीड़ित परिवारों के हाथों में सौंपा जो निम्न प्रकार हैं।

वही मृतक कुंवारी देवी का पति भरत महतो तीन लाख रुपये का चेक दिया गया। साथ ही घायल महिला में देवंती देवी ,जसिया देवी, अंजू कुमारी, खिरिया देवी, अनिता देवी, आशा देवी समेत सभी घायलों को 25 हजार दिया गया।

मौके पर उपस्थित गांव की सभी महिलाओं एवं पुरूषों ने इस पहल की विधायक को साधुवाद किया।

मौके पर उपस्थित झामुमो से अम्बिका राय, हीरालाल महतो, युवराज महतो, विद्याभूषण, गोपाल शर्मा, दिलीप तुरी, वैजनाथ महतो, प्रकाश साव, नरेश कुमार, गुड़िया देवी, महतो समेत ग्रामीणों में से किस्टू महतो, शनु महतो, दीपक महतो, बिनोद महतो, लखन महतो, संजय महतो, डालेश्वर महतो, रमेश मोदी, धनंजय महतो, कुलदीप महतो आदि मौजूद थे ।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा नरकटियागंज से बापूधाम मोतिहारी और रक्सौल तथा बगहा और सेमरा के मध्य दिनांक 06.03.2024 से 08. 03. 2024 तक 03 जोड़ी महाषिवरात्रि मेला स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।

ऽ गाड़ी संख्या 05569/05570 बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज-रक्सौल मेला स्पेषल (वाया सगौली-नरकटियागंज)= गाड़ी संख्या 05569 बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज-रक्सौल मेला स्पेषल बापूधाम मोतिहारी से 10.00 बजे प्रस्थान कर सगौली, बेतिया आदि स्टेषनों पर रूकते हुए 14.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05570 रक्सौल-नरकटियागंज- बापूधाम मोतिहारी मेला स्पेषल रक्सौल से 14.35 बजे प्रस्थान कर 18.45 बजे बापूधाम मोतिहारी पहुंचेगी ।

ऽगाड़ी संख्या 05572/05571 बगहा-सेमरा-बगहा मेला स्पेषल= गाड़ी संख्या 05572 बगहा-सेमरा मेला स्पेषल बगहा से 10.00 बजे प्रस्थान कर नरकटियागंज, बेतिया, सगौली आदि स्टेषनों पर रूकते हुए 12.50 बजे सेमरा पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 05571 सेमरा-बगहा मेला स्पेषल सेमरा से 14.45 बजे प्रस्थान कर बेतिया, नरकटियागंज आदि स्टेषनों पर रूकते हुए 18.35 बजे बगहा पहुंचेगी।

ऽ गाड़ी संख्या 05574/05573 रक्सौल-नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी मेला स्पेषल (वाया नरकटियागंज-सगौली)= गाड़ी संख्या 05574 रक्सौल-नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी मेला स्पेषल रक्सौल से 09.00 बजे प्रस्थान कर बेतिया, सगौली आदि स्टेषनों पर रूकते हुए 13.05 बजे बापूधाम मोतिहारी पहुंचेगी ।

# टुंडी विधायक ने विकास के प्रति तत्परता दिखाते हुए कई योजनाओं का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो आज मंगलवार को अपने टुंडी विधानसभा क्षेत्र के प्रति विकास संबंधित कार्यों पर तत्परता दिखाते हुए कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया ।बताया जाता है कि कोई भी ऐसा दिन नहीं जहां शिलान्यास कार्य न हो आज उन्होंने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुंडी का सुदृढ़ीकरण एवं बुनियादी ढांचा विकास कार्य का शिलान्यास किया वहीं दूसरी ओर कल्याण विभाग द्वारा पश्चिमी क्षेत्र के मनियांडीह कब्रिस्तान सौन्दयीकरण कार्य का शिलान्यास किया ।

मौके पर टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, रामेश्वर बास्की, अजीमुद्दीन अंसारी, फूलचंद किस्कू ,संतुलाल किस्कू, अजय मुर्मू, बबलू सिंह समेत कई झामुमो नेता उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

# समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, अबुआ आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, मुआवजा, सरकारी जमीन पर कब्जा, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आर्म लाइसेंस समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए।

उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# बड़े पैमाने पर हो रहे बालू की खुदाई से दामोदर नदी के अस्तित्व पर खतरा

सुभाष मिश्रा@प्रभात मंत्र

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के दामोदर नदी पुल तेलमोचो घाट , डोगा घाट में इन दिनों बड़े पैमाने पर सैकड़ो ट्रैक्टरों से बालू के अवैध उत्खनन से एक तरफ जहां सरकार के लाखो रुपए की राजस्व की छती हो रही है वही दामोदर नदी के अस्तित्व में खतरा उत्पन्न किया जा रहा है। मालूम हो की दामोदर नदी से बालू उठा कर ग्राम रक्ष। दल चेकपोस्ट से पूरब दिशा में महज एक किलोमीटर से कम की दूरी पर नवनिर्मित हीरक रोड के दाहिने ओर बाई ओर बड़े पैमाने पर बालू माफियाओं ने कई ट्रक बालू छुपा के रखा है वही तेलमोचो मुख्य पथ के बगल में एक होटल के पीछे कई ट्रक बालू और लोहापटी



पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले गाव में मेन रोड दुर्गा मंदिर से दुग्धा जाने वाले पथ के बाई ओर गांव के बीचों बीच सैकड़ो ट्रक अवैध बालू छुपा कर रखा गया है। बताया जाता है की यह अवैध बालू का खेल खनन विभाग धनबाद के कुछ चुनिंदे पधाधिकारी और पुलिस की देख रेख में होता है। जब संवाददाता नवनिर्मित हीरक रोड के दाहिने और अवैध बालू के डीपु में कुछ ट्रेक्टर में लोगो बालू लोड कर रहे थे तो पूछने पर कुछ नही बताया। इसका मालिक कोन है नही जानते है ।बालू रखा हुआ है इस लिए हम लोग लोड कर रहे है इसको ले जाकर कही बेचेंगे। बताया जाता है की बालू माफियाओं का इतना खौफ है की उनके लोग भी माफिया का नाम नही बताते हैं। सूत्र से मालूम हुआ है की उक्त सभी स्थानों में जंगलों के बीचों बीच जो अवैध उत्खनन कर बालू का भंडारण किया गया है वे सभी बालू रात के अंधेरे में हाईवा में लोड होकर नामी कंपनी के यहां भेजा जाता हैं। बालू माफियाओं के लोग थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं पत्रकारों को भी धमकी देने से नही डरते हैं इनका कहना है की ऊपर से नीचे तक सभी मैनेज है हमारा कोई कुछ नही बिगड़ सकता हैं। पुलिस तो हमारे हाथ का कठपुतली है जो कहेंगे वैसा करेगा।

पुलिस , खनन विभाग के लोगो के सामने अवैध खनन कर बालू की तस्करी से झारखंड सरकार का नुकसान तो हो ही रहा हैं सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिस तरह से दामोदर नदी तेलमोचो और डोंगा घाट में बड़े पैमाने पर नदी की खुदाई किया जा रहा है वैसे में नदी की अस्तित्व में भी खतरा उत्पन्न हो गया है । जिसकी जिमेवारी कोन लेगा।

# भाजपा के एक दिवसीय धरना में विधायक ढुलू ने राज्य सरकार पर किया प्रहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** बाघमारा प्रखंड कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में बाघमारा विधायक ढुलू महतो का स्वागत गर्मजोशी के साथ किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि जब से झारखंड प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में सरकार बनी है, हर तरफ लुट का माहौल है। चारों तरफ खनिज संपदा की लुट मची है और अधिकारी बेलगाम है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं में घुसखोरी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पंचायत द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को अधिकारी नजर अंदाज कर रहे हैं। सरकार के एजेंट बनकर वसुली में मस्त हैं। विधायक ने यह आह्वान किया कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान करें और झारखंड को लुटने से बचाएं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी और झारखंड को लुटने वाले सभी भ्रष्ट और भ्रष्टाचारी पदाधिकारी सलाखों के पीछे होगें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बच्चु राय, महेश पासवान, राकेश सिंह, धनेश्वर महतो, गौरचन्द बाउरी, मुखिया जालिम रजक, नागेश्वर सिंह, अनिल उपाध्याय, कंचन चौरसिया, रघुनाथ हज़ारी आदि थे।

# सुदर्शन भगत को रास प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर भाजपा प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व को सुरज मोहन साहू ने लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** लोहरदगा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने 05 मार्च मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबुलाल मराण्डी प्रदेश कार्यालय हरमू राँची एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रसाद नडडा केंद्रीय कार्यालय 06 ए दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली को खत लिखकर झारखंड से राज्यसभा सद्स्य के लिये प्रत्याशी बनाये जाने की मांग की है। बिदित हैं कि झारखंड राज्यसभा के 02 सीटों के लिये 21 मार्च को नामांकन और इसी दिन परिणाम आने हैं। ईन 02 सीटों के लिये चुनाव आयोग के द्वारा नामांकन की अन्तिम तिथि 11 मार्च घोषित कर दी है। मौजूदा अपने द्वारा लिखे गये पत्र के आलोक मे सुरज मोहन साहू ने कहा है कि 03 बार से लोकसभा चुनाव मे पार्टी को हैट्रिक जीत दिलाने वाले मृदुभाषी लोहरदगा लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है, इनके कार्य काल मे ही कैरो-टाटी भाया चट्टी पथ का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 01 प्रखंड से दुसरे प्रखंड जोडने वाले लोकसभा के अंतर्गत अनेको महत्वपूर्ण पथ एवं पुल पुलियो का निर्माण कार्य,यहाँ तक की राँची से लोहरदगा होकर राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनो का परिचालन एवं लोहरदगा मे ठहराव, इत्यादि कई अनेको विकास कार्य मौजूदा सांसद श्री सुदर्शन भगत के कार्यकाल मे सम्पन्न हुआ है, मौजूदा सांसद श्री सुदर्शन भगत जी केंद्र के मोदी सरकार मे भी राज्यमंत्री भारत सरकार के कई बिभागो को बेदाग, इमानदारी व निष्ठापूर्वक अपने कर्तब्यो का किया है निर्वहन। साहू ने पत्र के माध्यम से कहा कि पिछ्ले दिनो 29 फरवरी को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नडडा की अध्यक्षता और माननीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उपस्थिति मे केंद्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक मे 03 बार से पार्टी को हैट्रिक जीत दिलाने वाले सिटीन्ग सांसद का टिकट लोहरदगा लोकसभा से काट दिया गया। साहू ने पत्र के माध्यम से प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से अनुरोध किया है कि वर्तमान मे सांसद श्री सुदर्शन भगत जी को झारखंड के 02 सीटों की राज्यसभा चुनाव पर 01 सीट मे प्रत्याशी बनाये जाने से लोहरदगा लोकसभा चुनाव मे पार्टी की प्रत्याशी की जीत का राह और असान हो जायेगा।

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला के अंतर्गत सिमडेगा CFL की ओर से वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के सेमिनार हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आज का प्रशिक्षण में निम्न बिंदु पर जानकारी दिया गया । बचत खाता, आरडी खाता, एफडी खाता, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा सुकन्या योजना, बीमा योजना, ठगी से बचने के उपाय के बारे बताया गया। वीडियो के माध्यम से छोटी बचत बड़ी फायदा के बारे जानकारी दी गई। साथ ही वीडियो के माध्यम से ठगी से बचने के गुर सिखाए गए। आज का कार्यक्रम संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के प्रिंसिपल, प्रोसेसर एवं छात्रों का योगदान रहा। सबसे पहले कॉलेज के प्रधानाचार्या के द्वारा विद्यार्थियों को आज के अनुक्षेत्र के बारे जानकारी दी गई । ऑफ इंडिया के अग्रिम जिला प्रबंधक कार्तिक मिंज के द्वारा कार्यक्रम का थीम एवं उद्देश्य के बारे बताया गया। प्रशिक्षण में RBI से नितिन गौरव द्वारा आरबीआई के बारे जानकारी दिया गया। तथा फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए साथ ही कई जानकारी नितिन गौरव के द्वारा दिया गया । स्वधार फिनेक्सेस से जिला इंचार्ज रोशन नाग उपस्थित हुए तथा बचत के तरीके के बारे जानकारी दी गई । प्रश्नोत्तर के माध्यम से अनुक्षेत्र को रोचक बनाने का प्रयास किया गया। आज का प्रशिक्षण सीएफएल प्रशिक्षक शिवम कुमार के द्वारा दिया गया। सीएफएल प्रशिक्षक योगेन्द्र पंडा के द्वारा कॉलेज के सफल कार्यक्रम के लिए कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर तथा विद्यार्थियों को तथा उपस्थित गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया गया।

# अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर बदला स्कूल के समीप से किया गया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला स्कूल के समीप गुप्त सूचना पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एव पु अ नि मनोज कुमार ने कारवाई करते हुए बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा है। सेन्हा प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी की बदला की ओर से अवैध बालू लोड कर एक ट्रैक्टर बदला की ओर आ रहा है। इस पर प्रशिक्षु डीएसपी के निर्देश पर पु अ नि मनोज कुमार ने रोक कर चालक से कागजात की मांग किया जिसे चालक द्वारा कोई कागजात नही दिखाने पर इसकी सूचना सीओ राकेश कुमार को दिया गया। वही अंचलाधिकारी और प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार के निर्देश पर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। और जिसे सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बालू लदा लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वही जप्त टैक्टर के बारे में खनन विभाग और सीओ को सूचना दे दिया गया है। जिस पर नियम संगत कानूनी कारवाई किया जायेगा।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों का बैठक सम्पन्न हुआ। साथ ही लंबित प्राथमिकी का जायजा ले आवश्यक निर्देश दिया गया। सेन्हा थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह की उपस्थिति में सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू के द्वारा अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक कर थाना क्षेत्र में हो रहे अपराध की समीक्षा की गई। साथ ही श्री साहू ने सभी तरह के पंजी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी केश है उसकी जांच कर उसको डिस्पोज कीजिए। सड़क दुर्घटना में कितने की मौत हुई है उसकी भी जांच कीजिए और कितने घायल हुए हैं उसकी जानकारी लीजिए तथा दुर्घटना में जो भी वाहन जब्त है उसकी जांच के लिए डीटीओ को भेज कर उसकी जांच कराएं। साथ ही थाना क्षेत्र में गश्ती दल बढ़ाने और असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने और वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। और थाना में आए ग्रामीणों के साथ मित्रवत व्यवहार कर सभी लोगों का समस्या का समाधान करने की बात कही गई। और पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाकर काम करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी अमीत कुमार सिंह, एसआई मनोज कुमार, पंकज कुमार यादव, एएसआई रामचंद्र मांझी, राजेश राम लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## जमीन ऑनलाइन गड़बड़ी को लेकर ग्रामीण किसान हुए गोलबंद

# ऑनलाइन गड़बड़ी संशोधन को लेकर अंचलाधिकारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा अंचल क्षेत्र में मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार और सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम का आंचल क्षेत्र में एक ही नाम का दो मौजा होने से मुर्की तोड़ार के ग्रामीण किसानो को जमीन ऑनलाइन एवं बच्चों के शिक्षा हेतु जाती आवासीय और आय एवं अन्य कार्य हेतु प्रमाण पत्र निर्गत कराने में समस्या उतपन हो रही है। जिसको लेकर पूर्व में भी ग्रामीण किसान उक्त समस्या से निदान का गुहार तत्कालीन सीओ से लगया गया था। जिसे दो माह बाद समस्या का निदान कराने का आश्वाशन संबंधित पदाधिकारी द्वारा दिया गया था। परंतु आज तक ऑनलाइन समस्याओं से निदान नही मिला तो ग्रामीण किसान मंगलवार को गोलबंद हो अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से जमीन ऑन लाइन गड़बड़ी समस्याओं को लेकर शिष्टचार मुलाकात करते हुए अभिलम्ब सुधार करवाने की मांग किया साथ ही ग्रामीण किसान अशोक भगत, बंधना टाना भगत, अजय भगत, भगमनिया टाना भगत, नरेंद्र यादव, अमर ठाकुर सहित अन्य किसानों का कहना है कि ऑनलाइन गड़बड़ी में सुधार नही होने पर हम सभी किसान उग्र रूप धारण कर विभाग व सरकार के विरुद्ध कदम उठाएंगे। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि किसानों से प्राप्त आवेदन के आलोक में पहल करते हुए जल्द ही तोड़ार ग्राम में कैम्प आयोजित कर जमीन ऑनलाइन गड़बड़ी का संशोधन किया जाएगा। मौके पर रामजीत यादव, बाबूराम उराँव, शरद यादव, राजेन्द्र जयसवाल, मंगलेश्वर कुजूर, सोमरा भगत, अजय भगत, शत्रुधन पाहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष किसान शामिल थे।

# हिंडाल्को से वार्ता के बाद ट्रकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला की संयुक्त बैठक हिंडाल्को हेड ऑफिस, लोहरदगा में सँपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन ने पूर्व में दिए गए मांग पत्र के अनुसार बिंदुवार हिंडाल्को से चर्चा की, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात हिंडाल्को कंपनी ने एसोसिएशन को यह आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी माइंसों में समझौते के मुताबिक ट्रिप दिए जाएंगे। कुजाम एवं विमरला माइंस में एक सप्ताह तक ए, बी, सी के तर्ज पर फिलहाल ट्रिप दिए जाएंगे और एक सप्ताह के पश्चात समझौते के मुताबिक ए और बी में सभी ट्रकों का परिचालन होगा। कंपनी ने यह भी आश्वस्त किया कि माइंस में पेपर व अन्य चीजों को लेकर जो परेशानियां ट्रक मालिक को एवं चालकों को आ रही थी वह सभी परेशानियां दूर करते हुए पूर्व की स्थिति में ही ट्रकों का परिचालन होगा। वार्ता के दौरान कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया कि जो भी वार्ता में आज निर्णय हो रहे हैं उसे पूर्णतः लागू किया जाएगा, कंपनी के इस आश्वासन के बाद दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कल दिनांक 6.3.2024 से प्रस्तावित कुजाम, अमतीपानी न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) एवं विमरला में चलने वाले सभी ट्रकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस ले लिया। बंदी वापसी की घोषणा करते हुए सभी ट्रक मालिकों से एसोसिएशन ने कहा कि अपने-अपने ट्रकों को सुचारू रूप से माइन्सो में भेजेंगे। आज के इस वार्ता में हिंडाल्को की ओर से जीएम आर अबस्ठा, ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक कुमार सिंह, कौशिक मुंडू एवं लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, सहसचिव रहमत अंसारी, गुड्डु अंसारी, राजेश शर्मा, मोहम्मद बबलू मोहम्मद गुड्डु एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला की ओर से कोषाध्यक्ष शशिकांत दास एवं कार्यकारिणी सदस्य अजमल कुरैशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव में समीर उरांव को टिकट मिलने पर कार्यकर्ता उत्साहित, जीत सुनिश्चित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव को लोक सभा प्रत्याशी बनायें जाने पर भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड के नेता और कार्यकर्ता उत्साहित है।भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी ने समीर उरांव को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी ने इस बार 2024 लोकसभा चुनाव में माननीय समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है। इस बार प्रचण्ड बहुमत के सात लोहरदगा लोकसभा सीट जीतेंगे। और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पुनः एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाएंगे। और देश के विकास प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाते हुये विकसित समृद्ध भारत बनाएंगे। समीर उरांव हम सबो के लिए नया नहीं है इस क्षेत्र के एक एक लोग उन्हें जानते हैं वे बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की विधायक के रूप में सेवा कर चुके है। वे हमेशा जनता से जुड़े रहे है जनता उनके किये गये कार्यो को याद करती है। जिससे आज भी लोग अपने हर एक दुख सुख में याद कर उनसे जुडे रहे हैं। इस दौरान बधाई देने वाले जिला महामंत्री बलकृष्णा सिंह, पूर्व उप प्रमुख ईश्वर मोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर साहू, जालेश्वर महतो, राजू शर्मा, केदार प्रसाद, धनंजय तिवारी, पंकज साहू, गीता उरांव, उमेश साहू,वीना देवी, बिपता उरांव, राजन राणा, दामोदर तिवारी, राजकुमार साहू, रमेश राणा, राजू साहू, उमेश प्रजापति, उमेश साहू के साथ भाजपा पार्टी के अन्य लोगो ने बधाई दिया है।

# सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा मनमानी देख झापा केंद्रीय अध्यक्ष ने जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रामरेखा धाम तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में सवेदक के द्वारा मनमानी किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। पुल निर्माण के लिए पानी में ही पत्थर जोड़ाई बिना मसाला का किया जा रहा है। इसके अलावा पत्थर की जगह अनसाइज ढोका का उपयोग हो रहा है। जुड़ाई में सीमेंट का उपयोग नहीं हो रहा है, ना ही पानी को सुखाया गया है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने मंगलवार को पाकरटांड़ प्रखंड के भ्रमण के दौरान निर्माण कार्य में अनियमितता देखकर नाराजगी व्यक्त की। एनोस ने कहा कि संवेदक जैसे तैसे काम करके निकल जाएगा और खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने जिले के डीसी से जांच कर उचित कारवाई की मांग की है। मौके पर संदेश एक्का, मतियस बागे, अभय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# विधायक कोलेबिरा ने किया डैम के नहर का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने किसानों की हितकारी योजना लरबा डैम के नहर का शिलान्यास किए। शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उक्त काम हो जाने से क्षेत्र के किसानों मक्षुआरे आदि लाभान्वित होंगे। किसान अपने खेतों में पानी के बिना खेती नहीं कर पा रहे हैं,अब उनके खेतों तक पानी पहुंचेगा। विधायक ने कहा कि हमारा देश और प्रदेश कृषि पर आधारित है, यहां के किसान खेती और जंगल के उपज पर निर्भर है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार ने किसानों के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चलाई है। किसान कैसे सशक्त और समृद्ध हो इसपर सरकार कार्य कर रही है।कृषि विभाग के माध्यम से खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।कृषि को बढ़ावा देने के लिए जगह जगह डीप बोरिंग,तालाब निर्माण आदि किए जा रहे हैं। किसानों का जहां 50 हजार का कृषि ऋण माफी हो रहा था अब दो लाख तक माफी योजना सरकार ने लाई है।यही नहीं सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य की सरकार लाभकारी योजनाएं चलाई है।जो अभी धरातल पर कार्य हो रहा है। किन्तु आज कुछ नेता जिला एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं कि वर्तमान सरकार या विधायक कुछ भी कार्य नहीं कर रहे हैं। इसलिए हमारी पार्टी झारखण्ड पार्टी को वोट दीजिए।हम क्षेत्र में विकास करेंगे।तो साथियों मैं आप लोगों से कहना चाहूंगा कि आप पूछिए कि 2005 में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने आपकी पार्टी पर विश्वास करके ही वोट किया था कि ये जीत कर जाएंगे और महागठबंधन की सरकार बनाएंगे, किन्तु कोलेबिरा जनता के सोच के बिपरित आपने भाजपा की सरकार बनवा दिए।और स्वयं पांच पांच विभाग के मंत्री बन बैठे। 14 सालों तक आपने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए। आप चाहते तो विकास कर सकते थे। किन्तु ऐसा नहीं हुआ। जबकि ये आपलोगों के सामने प्रत्यक्ष है वर्तमान मेरे प्रतिनिधित्व में क्षेत्र ही सम्पूर्ण जिला में संम्बैधानिक अधिकार दिलाने का कार्य लोगों के लिए किया हूं।जो यही एनोस एक्का एवं भाजपा की सरकार में जो गलत नीति लागू की गई है।उसे समाप्त कर अल्पसंख्यक आदिवासियों और सदान को दिलवाने का कार्य किया हूं। एनोस एक्का जी लोगों को दिग्भ्रमित करते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को वोट देने से वोट को बर्बाद करना है। तो एनोस जी आपकी पार्टी क्या क्षारखण्ड अकेले अपने आप में सरकार बना लेगी या फिर से 2005 के जैसा भाजपा सरकार को बनाएंगे। क्योंकि कि आपकी पार्टी तो बहुमत पाएगी नहीं और अकेला एक विधायक सरकार बना पाएगी।आपलोग उनसे पूछिए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल प्रसाद, फ्रांसिस बिलुंग, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सुनील खड़िया, अशफाक आलम राकेश कोनगाड़ी, सुरेश द्विवेदी फूलकेरिया डांग जमीर अहमद जमीर हसन मोहम्मद वाहिद तजमुल हसन सुशील जड़िया अनिल डांग अमर तोपनो राकेश कोनगाड़ी जोसेफ लुगुन जॉनसन डांग लोरेन डुंगडुंग सुनील जोजो रेने टेटे आदि मौजूद थे।

# उप विकास आयुक्त ने कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को JSLPS के तत्वावधान में (DDU-GKY) दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लोहरदगा समाहरणालय के प्रांगण से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार एवं डीपीएम JSLPS अनिता केरकेट्टा द्वारा कौशल रथ को फ्लैग ऑफ किया गया। कौशल रथ यात्रा लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में दिनांक 05/03/2024 से 09/03/2024 तक चलाया जायेगा। कौशल रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा युवक एवम युवतियों जो 18 वर्ष की उम्र सीमा पूरा कर चुके हैं, उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर युवक एवं युवतियों को भिन्न-भिन्न प्रकार के ट्रेडों जैसे। औद्योगिक सिलाई मशीन संचालक, सहायक इलेक्ट्रिशियन,वेयर हाउस, पैकर, नर्सिंग सहायक, डॉक्यूमेंट असिस्टेंट,मल्टी स्किल टेक्निशियन इत्यादि में निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिलाकर उन्हे रोजगार से जोड़ना है जिससे हर माह एक सुनिश्चित आय हो सके। ष्ठष्ठ-त्रयङ्ख योजना के अंतर्गत युवक एवं युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, निः शुल्क पठन-पाठन सामग्री,पोशाक,रहने खाने की व्यवस्था, रहने खाने की व्यवस्था, निः शुल्क यातायात की व्यवस्था रोजगार स्थल तक जाने के लिए आदि। निः शुल्क एक साल तक के लिए PMJJY & PMSBY. अभ्यर्थियो का बैंक खाता खोलवाना,पोस्ट प्लेसमेंट सपोर्ट राशि के तहत अधिकतम 6 माह तक 1270 रुपया के दर से आर्थिक सहायता इत्यादि उपलब्ध करवाना है। कौशल रथ के दौरान लोहरदगा JSLPS जिला कार्यालय से DPM Maidam अनिता केरकेट्टा, जिला प्रबंधक -स्द्गद्बद्यद्य बिपिन चंद्रा,जिला समन्वयक अप्पू मिश्रा, तकनीकी सहायक अधिकारी विवेक कुमार गौतम सहित लोहरदगा सदर एवम सेन्हा प्रखंड के JRPs (Job Resource Person) दीदियां उपस्थित रहे।

## दहेज प्रथा और नशाखोरी ने समाज को खोखला कर दिया : अलीरजा अंसारी

# कुडू प्रखंड के सभी अंजुमन के पदाधिकारियों ने बैठक कर सामाजिक बुराई के खिलाफ फूंका बिगुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** नौजवानों में बढ़ती नशाखोरी, शादी-विवाह में दिखावे के लिए अंधाधुंध खर्च और नगदी लेन-देन के साथ दहेज प्रथा ने समाज को बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। अब समय आ गया है कि इन सब सामाजिक बुराइयों को आमूल उखाड़ फेंका जाए। ये बातें स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के संस्थापक सह भूतपूर्व चेयरमैन अलीरजा अंसारी ने अंजुमन इस्लामिया चंडू के सौजन्य से चंडू चौक, कुडू में आयोजित एक बैठक में कहीं।उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा और झूठी शान के लिए कर्ज लेकर भी अंधाधुंध पैसे खर्च करने के बजाय यदि बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए प्रयास किया जाए तो दूरगामी परिणाम मिलेंगे। कुडू के वरिष्ठ समाजसेवी जफर खान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत मौलाना अख्तर साहब ने तिलावते कुरआन से की।मौलाना मुशर्रफ हुसैन साहब ने कार्यक्रम का संचालन जबकि अंजुमन इस्लामिया चंडू के सदर ज्याऊर रहमान ने विषय प्रवेश कराया। मौके पर मदरसा मुफिदुल इस्लाम बारीडीह के नाजिम मौलाना हुसैन ने कहा कि इस्लाम में दहेज का कोई कॉन्सेप्ट ही नहीं है।मौलाना प्रवेज,समाजसेवी हाजी सदरूल अंसारी, मोजम्मिल अहमद, युनूस अंसारी, मास्टर हसन अंसारी चंडू अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी मोजम्मिल अंसारी,मो. मलिऊल्लाह इत्यादि वक्ताओं ने भी दहेज और शादी विवाह में की जानेवाली फिजूलखर्ची,शिक्षा से नाता तोड़ कर नशाखोरी की चरफ युवाओं के बढ़ते रूझान पर चिंता व्यक्त की। मौके पर निर्णय लिया गया कि इन सब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। हर गांव के जिम्मेदार और पढ़े-लिखे और जागरूक लोगों का सहयोग लेकर मुहिम को धारदार बनाई जाएगी। समाज के अमीर और सक्षम तबके से शादी के विभिन्न आयोजनों में फिजूलखर्ची कम करने की अपील की जाएगी। समाज से इन बुराइयों के खात्मे के लिए लगातार अलग-अलग स्थानों पर बैठकों का दौर जारी रहेगा।

# उज्ज्वला योजना के तहत 42 लाभुकों को दिया गया गैस कनेक्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुरडेग गैस एजेंसी के तरफ से केरसई में 42 लाभुकों के बीच गैस चूल्हा और सिलेंडर का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है की एक भी घर बिना गैस कनेक्शन का ना रहे लोगों को धुँवा रहित रसोई हो ताकि धुँवा से होने वाली परेशानी एवं बीमारियों से वह बच सके, सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के मंत्र पर भारतीय जनता पार्टी का प्रयास है की हर लोगों को केंद्र सरकार की योजना का लाभ मिले।मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा केरसई मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि केरसई प्रखंड में जितने भी लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिला है उन सभी परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया जाएगा इसमें भारतीय जनता पार्टी सहयोग करेगी। मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले इसका प्रयास भारतीय जनता पार्टी हमेशा करते रहती है,प्रधानमंत्री आवास योजना जन धन योजना आयुष्मान भारत योजना हर घर नल योजना उज्ज्वला योजना मुफ्त अन्न योजना का लाभ से हर घर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं जिला मीडिया प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने उज्ज्वला योजना गैस वितरण कार्यक्रम में कहां की केंद्र सरकार का लक्ष्य है की हर घर तक सभी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे पर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनते ही केंद्र सरकार की योजनाओं पर राज सरकार लापरवाही बरत रही है जिससे योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में उज्ज्वला योजना वितरण का कार्य किया गया आने वाले समय में भी और भी गैस कनेक्शन का वितरण किया जाएगा मौके पर कुरडेग गैस एजेंसी के कर्मी प्रमुख तरण भोय महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद जितेंद्र प्रसाद उप प्रमुख अनिता देवी बासेन मुखिया सत्या देवी सहित लाभुक मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### लोस चुनाव को लेकर कमलाकांत ने की बैठक



रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर मततदान जागरूकता के लिए रांची नगर निगम अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता की अध्यक्षता में एनयूएल एम शाखा के पदाधिकारियों तथा सामुदायिक संगठनकर्ताओं के साथ बैठक की गई। आम निर्वाचन से संबंधित तैयारियों तथा रांची नगर निगम की सहभागिता एवं मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु अपर प्रशासक द्वारा निम्न दिशा-निर्देश दिए गए। अपर प्रशासक द्वारा कहा गया कि मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य है, इसलिए निगम क्षेत्रांतर्गत सभी लोग इसे लेकर जागरूक हो, यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वीप से संबंधित विभिन्न प्रचार प्रसार हेतु एस एच जी महिलाएं समय-समय पर बैठक कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। निगम से जुड़े सभी महिला समूह अपने क्षेत्रों में चुनाव का पर्व, देश का गर्व के जागरूकता हेतु चर-घर जा कर सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगी। सभी कूड़ा संग्रहण करने पाले गाड़ियों में मतदान से संबंधित जिंगल बजाए जायेंगे ताकि सभी वार्डों में आम लोग मतदान को लेकर जागरूक किया जा सके। बैठक में उप प्रशासक अनवर हुसैन, नगर प्रबंधक, एनयूएल एम शाखा के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### नेपाल में सत्तारूढ़ नए गठबंधन के घटक दलों के बीच हुआ समझौता

**नेपाल :** नेपाल में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच सत्तारूढ़ नए गठबंधन के चार घटक दलों के बीच लिखित समझौता हुआ है। इसके तहत नेपाली संसद के उच्च सदन यानी राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद नेकपा (माओवादी) को मिलेगा। वहीं घटक दलों के बीच न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने पर भी सहमति बनी है।सत्तारूढ़ नए गठबंधन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक इस समझौते पर नेकपा (माओवादी) की तरफ से प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड, नेकपा (एमाले) की तरफ से केपी शर्मा ओली, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की तरफ रवि लामिछाने ने हस्ताक्षर किए हैं।इस समझौते के तहत सरकार संचालन के लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष का पद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल प्रचंड की पार्टी नेकपा (माओवादीः को दिए जाने पर सहमति बनी है। साथ ही मंत्रालयों के बंटवारे के मुद्दे पर भी सहमति बनी है। समझौते में संघीयता कार्यान्वयन को लेकर कानून बनाने और राज्य सरकारों में फेरबदल करने की बात भी उल्लेख है।उल्लेखनीय है कि प्रचंड के नेतृत्व वाली हालिया गठबंधन सरकार में नेपाली कांग्रेस भी शामिल थी। नेपाली कांग्रेस के हिंदू राष्ट्र का मुद्दा उठाने और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर अड़ने के बाद यह गठबंधन टूट गया। इसके बाद नेकपा (माओवादी) के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रमुख विपक्षी नेकपा (एमाले) और दो अन्य दलों के साथ नया गठबंधन बनाया है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से मजबूत होता है आपसी संबंध : मंत्री मिथिलेश

*** अनूप जलोटा व भरत शर्मा के गीतों पर झूमे दर्शक**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा में पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सोमवार की संध्या टाउन हॉल के मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुविख्यात गजल व भजन गायक अनूप जलोटा, प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तुति की। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दोनों गायकों व उनकी टीम को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही इन्हें मां गढ़देवी की तस्वीर भी भेंट की। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर गजल, भजन व लोकगीत प्रस्तुत किया। इनके गीतों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनोरंजन के साथ-साथ आपसी समन्वय भी बढ़ता है। इन



कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति से भी जुड़ाव होता है। साथ ही संस्कृति के बारे में जानने और समझने का मौका भी मिलता है। इस प्रकार के आयोजन से अपने ही शहर में बड़े कलाकारों को देखने व सुनने का भी अवसर प्राप्त होता है।अनूप जलोटा ने काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है..., मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे.., दमा दम मस्त कलंदर.., चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल.., चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है.., आदि, भरत शर्मा ने के विंध्याचल वाली मईया.., गोरिया चांद के अंजोरिया नियन गोर बाड़ू हो.., खेले मशाने में होली दिगंबर.. आदि सहित एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। इनके गीत और गजल पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। मौके प्रमुख के रूप से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, ताहिर अंसारी, दीपमाला, परेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह सहित हजारों दर्शक मौजूद थे।

### श्री श्री तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज महास्नान, मूर्ति प्रतिष्ठा, अभिषेक, श्रृंगार एवं भोग

**रांची ।** वार्ड नंबर 36 पीपर टोली तारा नगर नागड़ा ढीपा अरगोड़ा पंच मंदिर के सचिव बीरेंद्र साहु ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बेदी पूजन, जलाधिवास,पुस्पधिवास, फलादिवास,आन्नाधिवास, द्रव्यधिवास, संपन्न होने के बाद स्थापित मूर्तियों का गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण, शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरु होकर अरगोड़ा श्री शिवदुर्गा मंदिर बूढ़ा महादेव का परिक्रमा करते हुए शोभायात्रा को शहर में पीपर टोली, चपुटोली, लाजपत नगर इलाके का भ्रमण में कालोनी निवासी सभी धर्मप्रेमियों महिलाओं पुरुषों, बच्चों की उत्साहबर्धक सहयोग से पंडित रवि पांडेय एवम बनारस से आए 6 मुख्य पुजारियों ने अपनी धार्मिक उदघोष कार्य से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। 6 मार्च को महास्नान, मूर्ति प्रतिष्ठा, अभिषेक श्रृंगार भोग, हवन पूर्णाहुति , संध्या आरती, आगत अतिथियों का सम्मान समारोह, भोगवितरण के पश्चात धनबाद से आए कलाकारों द्वारा भजनों का अमृत वर्षा होगी जो देर रात तक चलेगी।

## आम आदमी को मिल रहा है केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ : रितेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में रंका दक्षिणी मंडल के बिश्रामपुर में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झारखंड में युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। केंद्र सरकार ने जनहित में अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो 11 मार्च को प्रमंडल स्तरीय आंदोलन पलामू के मेदिनीनगर में करेगी जिसमें पलामू के नियोजनालय कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कार्यक्रम में गढ़वा जिला से एक हजार युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम को भाजपा नेता मुरारी यादव, मंडल अध्यक्ष उदय प्रजापति आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संतोष तिवारी, नवल ठाकुर, उदय प्रसाद, गिरिवर यादव, प्रितम सोनी, लालबिहारी यादव, शंकर राम, रविन्द्र साव, विजय सिंह, उदय यादव, विनोद पासवान, राम लखन साव, राम पवन विश्वकर्मा, उपेन्द्र यादव, नंदलाल यादव, महेश सिंह, भोला पासवान, दिनेश शाही सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों में काफी काम हुए : धामी

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से बहुत लगाव है। उन्होंने अनेक अवसरों पर कहा है कि उनका उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। पिछले 10 वर्षों में राज्य में कई ऐसे कार्य हुए हैं, जिनके बारे में हम सोचते भी नहीं थे। सरकार की दूरगामी सोच और इच्छाशक्ति से देवभूमि पर विकास की बयार बहेगी ही, उद्योग जगत को उड़ान मिलने से रोजगार भी बढ़ेंगे।देहरादून में मंगलवार को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशों को आकर्षित करने के लिए गार्जनशिप लेनी होगी। निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बिजली, सड़क, हवाई कनेक्टिविटी और रेल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। अभी 20 प्रतिशत निवेश



प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हुई है, जिसे हमें शत-प्रतिशत करना है। देवभूमि को उद्योग की भूमि बनाने के लिए हम काम करेंगे, यह हमारा संकल्प है। राज्य सरकार का संकल्प है कि पूरे प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार किया जाए। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के प्रयास चल रहे हैं।धामी बोले, उद्योग के क्षेत्र में मिली उपलब्धि हमें प्रोत्साहित करने वाली है जिस पर हमें आगे बढ़ना है। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प पर राज्य सरकार काम कर रही है। आज हर क्षेत्र में हमें पहचान मिल रही है। व्यापार और एक-दूसरे पर विश्वास भी बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा मुझे खुशी है कि आप सभी लोगों के सहयोग से इंवेस्टर्स समिट के दौरान हमने बड़े लक्ष्य को हासिल किया है।मैं आज इस कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाले कार्मिकों को भी बधाई देता हूं। आप सभी हमारे ब्रांड एम्बेस्डर हैं। आपने उत्तराखंड में आए निवेश को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# समीर उरांव को मिलेगा सांसद सुदर्शन भगत द्वारा किए गए कार्यों का फायदा

*** लोहरदगा के सभी 5 विधानसभा में इंडिया गठबंधन के विधायक, समीर उरांव को करना होगा दो-दो हाथ**

राजेश कुमार गुप्ता @ प्रभात मंत्र

**लोहरदगा :** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा सांसद समीर उरांव के नाम की घोषणा होते ही लोहरदगा में सियासी हलचल शुरू हो गई है। पिछले तीन टर्म से भारतीय जनता पार्टी के लगातार सांसद रहे सुदर्शन भगत ने क्षेत्र के विकास के साथ-साथ संगठनात्मक दृष्टिकोण से भी संगठन को बेहतर बनाए रखने का काम किया हैं। जिसका लाभ समीर उरांव को जरूर मिलेगा। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें लोहरदगा, गुमला,मांडर,सिसई और बिशुनपुर है। अब संगठन और समीर उरांव का जिम्मेवारी है कि इन पांचो विधानसभा क्षेत्र में कैसे काम करें, जिससे भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण बात की समीर उरांव इस क्षेत्र के



लिए परिचय का मोहताज नहीं हैं। बावजूद इन्हें संघर्ष करने की आवश्यकता है। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लहर तूफान की तरह फैल गया है। इसका मतलब यह नहीं की हाथ पे हाथ धरे बैठे रहे। पार्टी में नई उम्मीदवारी होने के कारण उन्हें गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचना है। और मोदी जी द्वारा चलाए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे तभी इनकी पहचान धरातल पर होगी। अब देखना दिलचस्प होगा की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जीत का श्रेय किसे जाता है। संगठन,उम्मीदवार या फिर मोदी या फिर तीनों। सब कुछ असान तो दिखता है पर इसके लिए धरातल पर काम करने की जरूरत है। अन्य दलों की बात करें तो अभी कांग्रेस उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं हुई है। इन सारे लोगों पर कांग्रेस के कद्दावर नेता धीरज प्रसाद साहू अकेला सिक्सत देने में काफी हैं। गौरतलब है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के पांचो विधानसभा क्षेत्र में उनके ही विधायक हैं। लोहरदगा में कांग्रेस के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव,मांडर में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की बेटी शिल्पी नेहा तिर्की,बिशनपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा,गुमला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भूषण तिर्की और सिसई में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिगा सुसरन होरो है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की राह आसन होते नहीं दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी को कड़ा संघर्ष करने की जरूरत है। अब देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा संगठन मोदी जी के कार्यों को गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचने में कहां तक सफल हो पाते हैं।

### कांग्रेस महासचिव से गुलाम अहमद मीर राजेश ठाकुर और मंत्रियों ने की मुलाकात

**रांची :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणु गोपाल से दिल्ली में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर , प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलम गीर आलम , रामेश्वर उरांव , बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख ने शिष्टाचार मुलाकात की। कांग्रेस प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि झारखंड में सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी के संदर्भ में विशेष चर्चा किया और सभी ने उनका दिशा निर्देश प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पांच मार्च से नौ मार्च तक विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में समन्वय समिति की बैठक आयोजित होगी। इसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

# पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपए का बजट

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब विधानसभा में मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए 2,04,918 करोड़ का बजट पेश किया गया। पंजाब में पहली बार दो लाख करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया गया है। वित्तमंत्री हरपाल चीमा दिड़बा निर्वाचन क्षेत्र की लड़कियों द्वारा हाथ से बनाई गई फुलकारी से बने कवर में बजट लेकर पहुंचे। बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। वहीं चुनावी साल में भी महिलाओं के लिए एक हजार रुपये प्रति माह देने का एलान नहीं हुआ। बजट में किसानों को फ्री बिजली के लिए 9330 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि दो साल में हमारी सरकार ने 40 हजार से ज्यादा नौकरियां दी। राज्य के तहत सभी विश्वविद्यालयों के लिए 1425 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान



किया गया है। बजट में खेती के लिए 13 हजार 784 करोड़ रुपये रखे गए हैं। स्कूली शिक्षा के लिए 16 हजार 967 करोड़ का बजट है। पंजाब में विकास दर 9.41 प्रतिशत है। बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है।महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देने के बारे में भी बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। कृषि का कुल बजट 13,784 करोड़ रुपये रखा गया है जो कुल बजट का 9.37 फीसदी है। शिक्षा का कुल बजट 16,987 करोड़ है जो कुल बजट का 11.5 फीसदी है। स्वास्थ्य का कुल बजट 5,264 करोड़ रखा गया है जो कुल बजट का 3.6 प्रतिशत फीसदी है।परिवहन क्षेत्र के लिए 550 करोड़ रुपये चार बड़े शहरों में ई बस सेवा शुरू होगी। इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत प्रोत्साहन के लिए 10 करोड़ रुपये महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा के लिए 450 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।कानून और न्याय के लिए 10,523 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

# संत मरियम स्कूल में शुरू हुआ तेज यादाश्त की क्लास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बदलते परिदृश्य के अनुसार एकेडमिक एजुकेशन में शामिल विषयों की शिक्षा देना तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन उससे कई गुना ज्यादा महत्वपूर्ण है उन विषयों को सोचने, समझने और याद करने की क्षमता विकसित हो ताकि पढ़ाई हुई चीजें बच्चें अपने जीवन में उतारकर अपने जिंदगी को सवाँर सकें। जिसे मध्य नजर रखते हुए संत मरियम विद्यालय मे बच्चों के यादाश्त को तेज करने व फास्ट कैलकुलेशन, स्पीड रीडिंग, टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, फियर मैनेजमेंट जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देने के लिए यादाश्त के जादूगर कहे जाने वाले विकास विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। मालूम हो कि विकास यादाश्त के प्रशिक्षक है और यह अपनी यादाश्त शक्ति के बदौलत अब तक कई अवार्ड व रिकॉर्ड बुक में नाम भी दर्ज करा चुके हैं। विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच मौजूद विकास ने विद्यालय परिवार को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि संत मरियम के बच्चों को शिक्षा देने का मौका मिला है। मैं निश्चित रूप से इस विद्यालय के बच्चों में छुपी अद्भुत प्रतिभा को निखारकर बड़े मंच तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श ने कहा कि बच्चों के विकास व उनके प्रतिभा को तरासने के लिए संत मरियम स्कूल बेहतर शिक्षक व प्रशिक्षकों की हमेशा तलाश करते रहती हैं। संत मरियम विद्यालय में शास्त्रीय शिक्षा के लिए श्रेष्ठ शिक्षक व अन्य गतिविधियों जैसे योगा, डांस, कराटे, शूटिंग, स्केटिंग, तीरंदाजी संगीत जैसे विविध विद्याओं के लिए पहले से तो ट्रेनर मौजूद है ही लेकिन अब बच्चों के यादाश्त शक्ति को तेज करने व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं के निदान के लिए अब हमारे बीच मेमोरी ट्रेनर विकास विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ-साथ हजारों बच्चे मौजूद थे।

### रौनियार समाज को भी बीजेपी झारखंड से लोस में टिकट दिया जाए

**रांची :** महाराजा होटल में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष अपने पूरे टीम के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया और मांग किया कि हमारा समाज देश की आजादी के बाद आज तक बीजेपी को वोट देते आ रहे हैं परंतु बीजेपी के द्वारा पूरे भारत में किसी भी रोनियर समाज को ना ही विधानसभा का टिकट और ना ही लोकसभा का टिकट दिया पिछले बार तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान महामहिम रघुवर दास के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा में आपके समाज को टिकट मिलेगा परंतु लोकसभा का टिकट बट रहा है लेकिन हमारे समाज के नेता को टिकट नहीं देने की बात कर रहे हैं राष्ट्रीय नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है कि 8 मार्च 2024 को समाज के अभिभावक रूप में उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से मिलकर कुछ ठोस निर्णय लेंगे।

# बीजेपी का गढ़ रहा है वाराणसी

*** वाराणसी से समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने कभी जीत हासिल नहीं की**

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश का वाराणसी दशकों से बीजेपी का गढ़ रहा है. लेकिन साल 2014 में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी की उम्मीदवारी के बाद इस निर्वाचन क्षेत्र का ग्राफ और भी ऊपर पहुंच गया. उस समय इस सीट पर लड़ाई नरेंद्र मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल थी. पीएम मोदी ने इस सीट पर 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल कर इतिहास रच दिया था. हालांकि केजरीवाल भी 2 लाख से ज्यादा वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे. वाराणसी देश के सबसे पवित्र शहरों में से एक है. वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें हैं. साल 1957 के बाद से, बीजेपी ने सात बार और कांग्रेस ने छह बार इस सीट पर जीत हासिल की है. 1991 के बाद से बीजेपी का रिकॉर्ड बिल्कुल सही रहा है, हालांकि, वह केवल एक बार, 2004 में इस सीट पर कांग्रेस से हार गई थी. वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र



दो प्रधानमंत्रियों- पीएम मोदी और पूर्व पीएम चंद्रशेखर की चुनावी लड़ाई का मैदान रहा है, जिन्होंने 1977 में 47.9 प्रतिशत के भारी अंतर से इस सीट पर जीत हासिल की थी. वाराणसी, उत्तर प्रदेश के उन ग्यारह निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है, जहां समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी ने कभी जीत हासिल नहीं की है. वाराणसी सीट पर पीएम मोदी से पहले बीजेपी के दिग्गज नेता मुरली मनोहर जोशी का कब्जा था. 2014 में, बीजेपी इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ थी कि कांग्रेस को बाहर करने और केंद्र की सत्ता पर काबिज होने का उनका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगा, क्यों कि इस राज्य की लोकसभा में 80 सीटें हैं, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा हैं. बीजेपी के लिए अपने दम पर पूर्ण बहुमत पाने का रास्ता साफ करने के बाद, वाराणसी सीट को पीएम मोदी ने साल 2019 में एक बार फिर से चुना और उन्होंने समाजवादी पार्टी की शालिनी यादव के खिलाफ 4.7 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की.

**वाराणसी लोकसभा सीट का नंबर गेम:** वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र में कुल आबादी का 75 प्रतिशत हिंदू हैं, 20 प्रतिशत मुस्लिम और 5 प्रतिशत अन्य धर्मों के लोग हैं. इसकी 65 प्रतिशत प्रतिशत आबादी शहरी और 35 प्रतिशत ग्रामीण है. कुल लोगों में से 10.1 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति 0.7 प्रतिशत है.

**वोट शेयर में उतार-चढ़ाव:** पिछले कुछ सालों में जीतने वाले उम्मीदवारों के वोट शेयर में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. 1999 में बीजेपी ने 33.4 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी और 2004 में कांग्रेस ने 32.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी. 2009 में मुरली मनोहर जोशी ने 30.5 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4 प्रतिशत और 2019 में 63.6 प्रतिशत उससे भी आगे बढ़ने की लड़ाई बन गई.